* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 279

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


15 अगस्त को स्पीच दूंगा, टॉपिक पर सुझाव भेजें : मोदी




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


### पाकुड़ में लगा रहा नेताओं का तांता, पुलिस तैनात

# एसटी-एससी आयोग गंभीर तीन दिन के अंदर मांगी रिपोर्ट

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ में पुलिस और आदिवासी छात्रों के बीच हुई हिंसक झड़प को लेकर राष्ट्रीय एसटी-एससी आयोग ने तीन दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। आयोग का पत्र मुख्य सचिव, डीजीपी, दुमका के आयुक्त और पाकुड़ के एसपी को भेजा गया है। इधर, रविवार को पाकुड़ के आदिवासी हॉस्टल के बाहर पुलिस तैनात कर दी गयी है। पीड़ित छात्रों से मिलने कई नेता पहुंचे। इनमें पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम और जामा की पूर्व विधायक सीता सोरेन की बेटी जयश्री भी शामिल हैं। पाकुड़ एसपी ने फिलहाल जांच के लिए एक एसआइटी का गठन किया है, जो जल्द ही रिपोर्ट देगी। छात्रों का आरोप है कि शुक्रवार की रात आदिवासी हॉस्टल में घुस कर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक छात्रों को पीटा, जिसमें एक दर्जन छात्र घायल हो गये थे। इनमें से दो जीतराम मुर्मू और बिरेन मुर्मू को दुमका सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं पाकुड़ में प्रदीप मुर्मू, नाजीर मुर्मू, शहवान मुर्मू, सुलेमान हांसदा, बबलू मुर्मू, प्रियांशु मुर्मू, सुबान मुर्मू का इलाज हुआ। सुबान मुर्मू को छोड़ कर बाकी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। बताते चलें कि संथाल इलाके में आदिवासी जमीन पर धीरे-धीरे मुसलमान कब्जा कर रहे हैं। एक मामले में तो न्यायालय का फैसला भी आ चुका है। आदिवासियों का आरोप है कि प्रशासन उनकी बात नहीं सुन रहा है, लिहाजा शनिवार को आदिवासियों द्वारा जन आक्रोश महारैली का आयोजन किया गया था। छात्रों का आरोप है कि इस महारैली को विफल करने में पाकुड़ पुलिस लगी हुई थी। वह आदिवासी छात्रों को इसमें शामिल नहीं होने देने का दबाव बना रही थी। पुलिस आदिवासी छात्रावास में एक मामले के अनुसंधान के सिलसिले में गयी थी। पुलिस का कहना है कि उसे यह सूचना मिली थी कि एक बच्चे का अपहरण हो गया है, और अपहरणकर्ता के हास्टल के आसपास छिपे होने की लोकेशन मिल रही है। वहां छात्रों के साथ झड़प हो गयी। छात्रों में पहले गये अफसरों को खदेड़ दिया। बाद में लाव-लश्कर से लैस होकर पुलिस की टीम आदिवासी हॉस्टल पहुंची और वहां मारपीट होने लगी। पाकुड़ पुलिस फिलहाल कई मामला दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। इधर रविवार को पाकुड़ शांत रहा। हॉस्टल के आसपास तनाव व्याप्त है। इधर, दुमका में इलाजरत दोनों छात्रों का सिटी स्कैन होना है। सिटी स्कैन का खर्च परिवार द्वारा उठाये जाने की सूचना पर एसपी प्रभात कुमार ने हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया है।



# मनु भाकर ने रचा इतिहास पेरिस में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**पेरिस।** निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की यह निशानेबाज चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतनेवाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गयीं।



## प्रधानमंत्री मोदी ने मनु को दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, ऐतिहासिक पदक! पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह कांस्य पदक और सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि मनु निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने भी दी बधाई



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मनु भाकर को बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, अपने शानदार खेल से ओलंपिक में देश के लिए पहला पदक जीतने के लिए मनु भाकर को बहुत-बहुत बधाई और जोहार।

## न्यूज रील्स

### यूपी में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे

लखनऊ । सपा विधायक दल की बैठक में विधानसभा सदस्य माता प्रसाद पांडे को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिये हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जायें और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाये जायें। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे। नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में इंद्रजीत सरोज का नाम भी तेजी से चल रहा था, लेकिन अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडे को बनाया। इसके अलावा सपा ने विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और राकेश कुमार उर्फ आरके वर्मा को उप सचेतक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव खुद थे। अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल सीट से विधायक थे। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में वह कन्नौज सीट से सांसद चुने गये। इसलिए उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया।

### रूस की नेवी-डे परेड में शामिल हुआ भारत

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेनिकों ने 28 जुलाई को रूस की 328वीं नेवी-डे परेड में हिस्सा लिया। इस मौके पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भारतीय नौसेनिकों से सलामी ली। भारत की तरफ से नेवी-डे परेड में युद्धपोत आइएनएस तबर शामिल हुआ। परेड की सलामी लेते हुए पुतिन ने भारतीय नौसेनिकों को अभिवादन किया और नौसेनिकों को नेवी-डे परेड में भाग लेने के लिए बधाई भी दी। युद्धपोत आइएनएस तबर की कमान कैप्टन एमआर हरीश संभाल रहे थे। उनके साथ 280 सदस्यों का क्रू भी युद्धपोत पर मौजूद था।

# मैं झारखंड की सेवा करने को प्रतिबद्ध हूं: संतोष गंगवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरेली।** बरेली से आठ बार सांसद रहे और झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार का रविवार को शहर में घर से लेकर भाजपा कार्यालय तक स्वागत किया गया। उनके घर पर कार्यकर्ताओं का खासा जमावड़ा रहा। दिनभर लोग बधाइयां देने पहुंचते रहे। संतोष गंगवार जब पार्टी कार्यालय पहुंचे, तो वहां भी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इससे पहले सुबह हल्द्वानी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते और लौटने के दौरान जिले के विभिन्न कस्बों में भी लोगों ने उनका स्वागत किया।

संतोष गंगवार ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मतभेद भुला कर पार्टी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है, इसे सही ढंग से निभायेंगे। वह लोगों के प्यार और स्नेह की बदौलत यहां पर पहुंचे हैं। उन्होंने बरेली के लोगों का आभार जताया। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था है। राज्यपाल की जो जिम्मेदारी और जो दायित्व होता है, इसका उन्हें एहसास है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सही ढंग से शासन-प्रशासन चले, यह राज्यपाल की जिम्मेदारी है। ऐसा काम न हो, जो किसी को कहने का मौका मिले।



## पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार

राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी पूरी यात्रा के दौरान आपके अटूट समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हमारी पूरी पार्टी नेतृत्व को विशेष धन्यवाद। यह नयी जिम्मेदारी हमारे महान राष्ट्र के मूल्यों और सिद्धांतों और हमारे नेताओं के मुझमें विश्वास का प्रमाण है। मैं समर्पण, निष्ठा और प्रगति की दृष्टि से झारखंड के लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। आइए हम सब मिल कर अपने राज्य और देश के लिए एक उज्ज्वल और अधिक समृद्ध भविष्य का निर्माण करें।

# दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की डूब कर मौत

- ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग संस्थान की लाइब्रेरी में पढ़ रहे थे
- भारी बारिश के कारण बेसमेंट में अचानक भर गये पानी में डूबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में शनिवार को भारी बारिश के बाद राव आइएएस कोचिंग सेंटर वाली एक इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत हो गयी। मरने वालों में एक छात्र और दो छात्राएं हैं। तीनों मृतकों की पहचान कर ली गयी है। उनके नाम नवीन डालविन, तानिया सोनी और श्रेया यादव थे। सभी शवों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रखा गया है। अंबेडकर नगर की रहने वाली श्रेया यादव के पिता का नाम राजेंद्र यादव हैं। तेलंगाना की तानिया सोनी के पिता का नाम विजय कुमार है। केरल के एर्नाकुलम का नवीन डालविन जेएनयू के स्कूल ऑफ आर्ट एंड एस्थेटिक्स में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा था। नवीन के पिता का नाम डालविन सुरेश है।

इस दर्दनाक घटना से गुस्साए छात्रों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाये। इस मामले में दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को घटना की जांच शुरू करने और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जायेगा। दिल्ली पुलिस ने इस दर्दनाक हादसे के मामले में कोचिंग सेंटर मालिक और कोऑर्डिनेटर को गिरफ्तार किया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 105, 106 (1), 115 (2), 290 और 35 के तहत मामला दर्ज किया है। यह मामला कोचिंग संस्थान और बिल्डिंग के प्रबंधन और उन लोगों के खिलाफ है, जो उस जगह के नाले के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार थे। आगे की जांच जारी है। हादसे के बाद डीसीपी हर्षवर्धन ने मीडिया को बताया था कि ऐसा लगता है कि बेसमेंट में बहुत तेजी से पानी भर गया था, जिसके कारण कुछ लोग अंदर फंस गये थे। बता दें कि, बेसमेंट में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग द्वारा कई घंटे तक बचाव अभियान चलाया गया। इस दौरान दो छात्राओं और एक छात्र के शव घटनास्थल से बरामद किये गये। वहीं, अब इस हादसे पर सियासत भी शुरू हो गयी है। भाजपा से लेकर कांग्रेस तक इस घटना के लिए आप सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं।




# सीएम हेमंत का सपना है राज्य की बेटियों को शिक्षित बनाना

- इस सपने को साकार कर रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
- झारखंड की आठ लाख से अधिक बेटियों को मिल रही है सहायता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समाज कल्याण विभाग की एक आदर्श योजना के रूप में देखी जा रही है। यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राज्य की किशोरियों को शिक्षित बनाने के सपने को साकार कर रही है। इस योजना से नौ लाख किशोरियों को जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। फिलहाल लगभग आठ लाख छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कुल पांच बार में 40 हजार रुपये तक आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारंभ होकर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है।



### क्या है योजना

हेमंत सरकार के महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। हेमंत सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से अब तक लगभग आठ लाख किशोरियों को जोड़ा जा चुका है। वर्ष 2022-23 में जहां इस योजना के तहत सात लाख 28 हजार 332, वर्ष 2023-24 में सात लाख 15 हजार 61 और वर्ष 2023-24 में अब तक दो लाख सात हजार 296 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके हैं। सरकार का इस वित्तीय वर्ष में नौ लाख छात्राओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य है।

इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग आठवीं से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठवीं और नौवीं में ढाई-ढाई हजार और 10वीं, 11वीं और 12वीं में पांच-पांच हजार रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 की हो जाये और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये, तो उसे एकमुश्त 20 हजार रुपये दिये जाते हैं, ताकि वह उस पैसे से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण लेकर स्वाबलंबी बन सके।

## कैसे लाभकारी है यह योजना

हेमंत सरकार ने देखा कि आठवीं वर्ग से किशोरियों को पढ़ाई करने के लिए कई छोटी-छोटी जरूरतें होती हैं। उन जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से यह योजना लायी गयी है। अपने खाते में आयी इस सरकारी सहायता का लाभ छात्राएं खूब उठा रही हैं। पढ़ाई की छोटी-मोटी जरूरत खाते में आये पैसे से पूरी हो जाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह सहायता सरकार द्वारा स्कूलों को दी जा रही सहायता के अतिरिक्त है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि दूर-दराज के गांव की किशोरियां अब विद्यालय नियमित रूप से आ रही हैं। इस योजना के कारण ड्रॉप आउट के मामले काफी कम हुए हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 64,700 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



# संथाल परगना की राजनीतिक फिजां में अटकलों की बयार

## ■ सीता सोरेन के जामताड़ा से चुनाव लड़ने और लुइस मरांडी के पाला बदलने की अटकलें

आजाद सिपाही का 'चुनावी रथ' संथाल परगना में पड़ाव डाले हुए है। इस रथ में सवार टीम के सदस्य संथाल परगना की अलग-अलग विधानसभा सीटों का हालचाल जान रहे हैं। इन सीटों पर विभिन्न राजनीतिक दलों की गतिविधियां, दावेदारों की संख्या और मतदाताओं के मूड को जानने की कोशिश के दौरान एक बात साफ तौर पर नजर आ रही है कि इस बार संथाल परगना में भाजपा के लिए बड़ा संकट खड़ा होनेवाला है। प्रत्याशी चयन से लेकर अपने वोटरों को मतदान केंद्र तक ले जाने की कसरत में पार्टी को कड़ी अग्नि परीक्षा के दौर से गुजरना होगा। आज हम दुमका और जामा में टिकट के दावेदारों की चर्चा करेंगे। भाजपा के लिए इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी का चयन बड़ा सिरदर्द साबित होनेवाला है, क्योंकि यहां से तीन बड़े चेहरे अभी से दावेदार हैं। इनमें दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक प्रो लुइस मरांडी और लोकसभा चुनाव में दुमका से पार्टी की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन शामिल हैं, जो जामा से विधायक भी थीं। इन दोनों सीटों पर भाजपा के लिए प्रत्याशी चुनना बड़ा चैलेंज इसलिए है, क्योंकि पार्टी इन तीनों में से किसी एक को भी नाराज करने की स्थिति में नहीं है। यदि इनमें से एक भी नाराज हुआ, तो इससे पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि संथाल परगना की राजनीतिक फिज्जां में अटकलों की बयार बह रही है। यहां भाजपा की सीता सोरेन और लुइस मरांडी को लेकर तरह-तरह की अटकलें हैं। राजनीतिक प्रेक्षक यह दावा कर रहे हैं कि इस बार विधानसभा चुनाव में बहुत कुछ उलटफेर देखने को मिलेगा। उनका दावा है कि सीता सोरेन किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं और ऐसे में वह जामताड़ा से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ जायें, तो आश्चर्य नहीं होगा। इसका कारण यह है कि सीता सोरेन का जन्म ओड़िशा में हुआ है। हाइकोर्ट के आदेश के बाद इस बात की प्रबल संभावना जतायी जा रही है कि शिबू सोरेन की छोटी बहू कल्पना सोरेन की तरह वह भी किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ें और ऐसे में जामताड़ा सीट ही उनके लिए सुविधाजनक मानी जा रही है, क्योंकि यहां सामान्य मतदाताओं के साथ-साथ लगभग साठ हजार आदिवासी वोटर हैं। चूंकि कांग्रेस के इरफान अंसारी यहां से प्रत्याशी होंगे, ऐसे में भाजपा सीता सोरेन को मैदान में उतार कर यहां के आदिवासी मतदाताओं को अपने पाले में करने की कोशिश कर सकती है। वहीं दुमका में लुइस मरांडी के पाला बदलने की चर्चा बहुत जोरों पर है। लुइस मरांडी यह जान चुकी हैं कि सीता सोरेन के भाजपा में रहते पार्टी उन्हें कभी लोकसभा का प्रत्याशी नहीं बनायेगी और दुमका में पूर्व सांसद सुनील सोरेन को पार्टी विधानसभा चुनाव में दुमका से उतारना चाहेगी, क्योंकि लोकसभा चुनाव में टिकट देकर पार्टी ने सुनील सोरेन से हाथ खींच लिया था और विधानसभा चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बना कर डैमेज कंट्रोल करना चाहेगी। ऐसे में लुइस मरांडी का भाजपा में राजनीतिक भविष्य फिलहाल अंधकारमय ही दिखता है, ऐसे में अटकल लगायी जा रही है कि लुइस मरांडी पाला बदल कर झामुमो में जा सकती हैं और झामुमो उन्हें जामा से चुनाव लड़ा सकता है। दुमका और जामा में बहुत दूरी भी नहीं है। वहीं एक अटकल यह भी लगायी जा रही है कि सीता सोरेन जामा से अपनी बड़ी बेटी जयश्री को विधानसभा चुनाव लड़ाना चाहती हैं। लेकिन यहां हम स्पष्ट कर दें कि अभी तक पार्टी की तरफ से इस तरह का कोई संकेत नहीं मिला है, अभी तक सिर्फ अटकलें ही हैं। हां इतना जरूर है कि भाजपा और झामुमो के नेता अभी से उम्मीदवारों के चयन को लेकर माथापच्ची कर रहे हैं। दोनों ही दल एक दूसरे में सेंधमारी की फिराक में भी हैं। क्या है दुमका और जामा सीटों पर भाजपा के टिकट के दावेदारों के बीच का समीकरण और उनकी संभावित रणनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव एनडीए और इंडी गठबंधन दोनों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। एक तरफ इंडी गठबंधन दोबारा सत्ता में बने रहने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहा है, तो दूसरी ओर पांच वर्षों तक सत्ता से दूर रहने के बाद एनडीए गठबंधन सत्ता पाने के लिए बेताब दिख रहा है। चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर चुके हैं। भाजपा ने इस चुनाव को जीतने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया है। कुछ दिन पूर्व ही पार्टी के चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर जीत का मंत्र दिया है।

### संथाल परगना में क्या हुआ था 2019 में

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संथाल परगना के इलाके में राजनीतिक माहौल गरम है। इस पूरे प्रमंडल में विधानसभा की 18 सीटें हैं, जिन पर सभी दलों का फोकस है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इनमें से नौ सीटों पर झामुमो और चार-चार सीटों पर भाजपा और कांग्रेस, जबकि एक सीट पर झाविमो का प्रत्याशी जीता था। झाविमो का बाद में भाजपा में विलय हो गया, तो उसके टिकट पर जीते हुए प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये। इन पांच सालों में संथाल परगना की दो सीटों, दुमका और मधुपुर में उप चुनाव भी हुआ, लेकिन कहीं भी उलटफेर नहीं हुआ। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में संथाल परगना की तीन में से दो सीटों पर झामुमो ने जीत हासिल की, जबकि केवल गोड्डा सीट ही भाजपा जीत सकी। इस तरह साफ हो जाता है कि संथाल परगना में 2024 का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए कितना महत्वपूर्ण है और पार्टी इसको समझ भी चुकी है।

### भाजपा में जारी है अंतर्कलह

संथाल परगना में भाजपा में जारी अंतर्कलह जगजाहिर है। पार्टी के ही लोगों का मानना है कि दो-दो चुनाव हारने के बाद किसी नये चेहरे को मौका मिलना चाहिए, लेकिन नया कौन हो, इस सवाल के जवाब में आधा दर्जन नेताओं के नाम सामने आ जाते हैं। इस स्थिति में टिकट तो किसी एक को ही मिलेगा और टिकट की चाहत रखनेवाले शेष लोग प्रत्याशी को जिताने के लिए कितनी इमानदारी से मेहनत करेंगे, यह तो दुमका में लोकसभा चुनाव में देखने को मिल ही गया।

### दुमका और जामा विधानसभा सीट का माहौल

झारखंड की उप राजधानी दुमका संथाल परगना की सियासत का केंद्र है। दुमका विधानसभा सीट पर इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प होने के आसार हैं। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर फिलहाल झामुमो का कब्जा है। 2019 में यहां से हेमंत सोरेन जीते थे, जिन्होंने बाद में यह सीट छोड़ दी थी और वर्ष 2020 में हुए उपचुनाव में उनके छोटे भाई बसंत सोरेन ने जीत हासिल की थी। यहां करीब ढाई लाख मतदाता हैं। इसी तरह जामा विधानसभा सीट भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह सीट दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत आती है। 2019 में यहां से झामुमो की सीता सोरेन ने जीत हासिल की थी, जो झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं। पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह भाजपा में चली गयीं और लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। इसलिए फिलहाल जामा सीट खाली है। जामा झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के दिवंगत पुत्र दुर्गा सोरेन का गढ़ माना जाता है। 2019 में सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी के सुरेश मुर्मू को 2426 वोटों के अंतर से हराया था।







### दोनों सीटों पर भाजपा के टिकट के कई दावेदार

दुमका और जामा सीट पर संभावित प्रत्याशियों की बात करें, तो इस बार भाजपा की तरफ से कई दावेदार हैं, जबकि झामुमो के सामने अपेक्षाकृत चुनौती छोटी है। जहां तक दुमका सीट की बात है, तो झामुमो की तरफ से बसंत सोरेन का एक बार फिर यहां से उतरना तय माना जा रहा है। वैसे चर्चा यह भी है कि बसंत सोरेन शिकारीपाड़ा से भी चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन शिकारीपाड़ा से नलिन सोरेन के पुत्र भी तैयारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के सामने समस्या यह है कि यहां से उसके टिकट के दो दावेदार हैं। इनमें एक हैं सुनील सोरेन, जो यहां से पूर्व सांसद हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट कर सीता सोरेन को उतारा गया था। सुनील सोरेन को विधानसभा चुनाव में मौका दिये जाने का आश्वासन दिया गया था। इसलिए उनकी यहां से दावेदारी मजबूत है। दूसरी दावेदार प्रो लुइस मरांडी हैं, जिन्होंने 2014 में दुमका से हेमंत सोरेन को शिकस्त दी थी, लेकिन बाद में 2019 में और फिर 2020 के उपचुनाव में हार गयीं। वह दुमका में भाजपा की कद्दावर नेताओं में शुमार की जाती हैं। लेकिन लुइस मरांडी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### लुइस मरांडी के पाला बदलने की अटकलें

बताया जाता है कि यदि लुइस मरांडी को दुमका से टिकट नहीं मिला, तो वह दूसरा ठिकाना भी तलाश सकती हैं। कुछ लोगों ने तो यहां तक दावा किया कि लुइस मरांडी झामुमो नेताओं से संपर्क में हैं और विधानसभा चुनाव में अगर झामुमो उन्हें जामा से प्रत्याशी बना दे, तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। लुइस मरांडी को अपने पाले में कर झामुमो सीता सोरेन के भाजपा में जाने का जवाब देना चाहता है। लुइस मरांडी के झामुमो में आ जाने से उसे जामा में एक मजबूत प्रत्याशी मिल जायेगा और दूसरा वह यह मैसेज देने में भी सफल होगा कि भाजपा नेताओं में भगदड़ की स्थिति है।

### सीता सोरेन के जामताड़ा से चुनाव लड़ने की चर्चा

इसी तरह जामा सीट पर भी प्रत्याशी चयन भाजपा के लिए बड़ा चैलेंज है। सीता सोरेन यहां से तीन बार की विधायक हैं और वह अब भाजपा में आ चुकी हैं। लेकिन जामा सीट आदिवासियों के लिए आरक्षित है। हाइकोर्ट के आदेश के अनुसार किसी दूसरे राज्य के आदिवासी को झारखंड में आदिवासी के आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। चूंकि सीता सोरेन ओड़िशा की हैं, इसलिए यह कयास लगाया जा रहा है कि शिबू सोरेन की छोटी बहू कल्पना सोरेन की तरह बड़ी बहू सीता सोरेन भी संथाल से किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की जुगत में हैं। भाजपा के ही कुछ नेताओं ने आजाद सिपाही की टीम को जामताड़ा के सनमून होटल में बातचीत के दौरान बताया कि सीता सोरेन को जामताड़ा से चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा सोच रही है। अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन प्रबल संभावना है कि ऐसा हो। इसके पीछे उनका तर्क था कि मुसलिम बहुल जामताड़ा में भाजपा की दाल तब तक नहीं गलेगी, जब तक वह यहां लगभग साठ हजार आदिवासी वोटों में सेंधमारी नहीं करे। पिछले चुनाव में वीरेंद्र मंडल को यहां से भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा था। उनकी छवि जामताड़ा में काफी खराब हो गयी है और भाजपा के कार्यकर्ता ही उनका विरोध कर रहे हैं। जामताड़ा के भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर सीता सोरेन जामताड़ा से चुनाव लड़ती हैं और वह आदिवासी वोटों में से बीस हजार वोट की भी सेंधमारी कर लेती हैं, तो वह इरफान अंसारी को टक्कर दे सकती हैं। इरफान अंसारी जामताड़ा में मजबूत हैं। मुसलिम मतदाताओं को उन्होंने पूरी तरह अपने पाले में कर लिया है और अब आदिवासी मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जामताड़ा में राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने आजाद सिपाही टीम को बताया कि इरफान अंसारी जब भी जामताड़ा आते हैं, वह आदिवासी इलाकों में जरूर जाते हैं। उनकी एक खासियत है। वह पांच-दस रुपये का सिक्का अपने पास रखते हैं और आदिवासी इलाकों में खेल रहे बच्चों को चॉकलेट खाने के लिए वह उन्हें दे देते हैं। यही नहीं, हर पर्व और त्योहार के अवसर पर वह गरीब आदिवासी परिवारों को साड़ी और यहां तक कि चप्पल भी खरीद देते हैं। वह काफी संख्या में साड़ी बांटते हैं। दूसरी तरफ सीता सोरेन के बारे में कहा जा रहा है कि वह पास की सामान्य सीट जामताड़ा से टिकट पाने की जुगत में लग गयी हैं, जबकि जामा सीट से वह अपनी बड़ी बेटी जयश्री सोरेन को भाजपा का टिकट दिलाना चाहती हैं। भाजपा के सामने मुसीबत यह है कि एक ही परिवार के दो सदस्यों को टिकट देकर वह परिवारवाद के आरोपों में घिरना नहीं चाहती है। इतना ही नहीं, ऐसा करने से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता भी नाराज हो जायेंगे। वैसे में भाजपा पिछली बार के प्रत्याशी सुरेश मुर्मू पर ही जामा में दांव खेलना चाहेगी, जिन्हें तत्कालीन झामुमो प्रत्याशी सीता सोरेन ने मुश्किल से ढाई हजारा वोटों से हराया था।

इस तरह इन दोनों विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन भाजपा के लिए बड़ा चैलेंज साबित होनेवाला है। इस पहेली को कैसे सुलझाया जाये, इस पर पार्टी के नेता लगातार मंथन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई रास्ता निकल नहीं सका है। पार्टी की इसी दुविधा के कारण इन दोनों क्षेत्रों में भाजपा की गतिविधियां लगभग ठहरी हुई नजर आ रही हैं।

---

# आदिवासी छात्रों के साथ मारपीट की घटना की डीजीपी करायें जांच : लोबिन हेंब्रम

## बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर बाहर निकालें

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** आदिवासी कल्याण छात्रावास में पुलिस और छात्रों के बीच हुई झड़प की घटना सुन पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम रविवार को आदिवासी कल्याण छात्रावास पाकुड़ पहुंचे। छात्रों का हाल जाना और घटना की जानकारी पर पूरे मामले की डीजीपी से जांच कराने की मांग करते हुए दोषी पर कार्रवाई करने की बात कही है। लोबिन छात्रावास में छात्रों से मिलने के बाद सदर अस्पताल में इलाजरत छात्रों से भी जाकर मिले। छात्रों से मिलने के बाद लोबिन मीडिया से मुखातिब हुए और कहा कि छात्रावास में छात्रों के साथ मारपीट की घटना दुखद है, मैं इसकी घोर निंदा करता हूं। झारखंड में आज आदिवासी मुख्यमंत्री, आदिवासी मंत्री हैं, वाबजूद आदिवासी छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं होना बहुत ही निंदनीय है। कहा कि पुलिस को किसी बात या सूचना पर जांच पड़ताल करनी थी, तो पहले छात्र नायक या छात्रावास अधीक्षक से बात करनी चाहिए थी ना की सीधे रात को छात्रावास में प्रवेश कर छात्रों के साथ मारपीट करनी या उनसे पूछताछ करना चाहिए थी। यह न्यायोचित नहीं है। छात्र भी हमारे हैं, पुलिस भी हमारे सिस्टम की अंग है, इन्हें थोड़ा तरीके से पेश आना चाहिए था। लोबिन ने कहा कि यह मामला और आगे तक जायेगा। पुलिस को जांच करनी था तो एक सिस्टम से आना चाहिए था। मारपीट के बाद भी छात्रों पर दो मामला दर्ज हुआ है। छात्रों को परेशान किया जायेगा तो पूरे झारखंड के आदिवासी छात्र एकजुट हो जायेंगे और सरकार और प्रशासन का जीना हराम कर देंगे। लोबिन ने साहिबगंज और पाकुड़ में बांग्लादेशी घुसपैठ के सवाल पर कहा कि सरकार को चाहिए कि तुरंत ऐसे लोगो को चिह्नित कर बाहर करे। हाइकोर्ट ने भी आदेश दिया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें यहां से निकाला जाये। सरकार सिर्फ यहां बाहरी लोगों के इशारे पर काम कर रही है, नाम के लिए सिर्फ हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद पर बैठे हैं, लेकिन इस सरकार को बाहरी लोग ही चला रहे हैं।



---

# पुलिस झड़प में घायल दो छात्र दुमका रेफर

## पाकुड़ एसपी ने छात्र के इलाज में की आर्थिक मदद




कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पुलिस झड़प की घटना में आदिवासी कल्याण छात्रावास पाकुड़ के घायल छात्रों में दो की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें दुमका मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया है। घायल छात्र जीत राम मुरमू और वीरेन सोरेन को सीने और सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें पाकुड़ सदर अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर मनीष ने रेफर किया है। हालांकि दोनों की स्थिति फिल वक्त सामान्य है, दोनों घायल छात्रों का सीटी स्कैन होना है। हालांकि सीटी स्कैन छात्रों को निजी खर्च पर कराये जाने की जानकारी पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार को मिलने पर उन्होंने छात्रों के इलाज में हर संभव आर्थिक मदद देने का भरोसा दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल मुर्मू ने बताया की फिलवक्त दोनों छात्रों की स्थिति पहले से बेहतर है। सीटी स्कैन कराया जाना है जो आज होगा, शेष सात छात्रों का इलाज सदर अस्पताल पाकुड़ में चल रहा है जो अब स्टेबल है। निर्मल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से बात हुई है उनके तरफ से सहयोग किया जा रहा है।

---

# पुलिस झड़प में घायल छात्रों से मिलीं जयश्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** सीता सोरेन की बड़ी बेटी जयश्री सोरेन रविवार के अपराह्न पाकुड़ पहुंच आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्रों से मिल उनका हाल जाना। पुलिस झड़प में घायल छात्रों से मिलकर उनका कुशल छेम पूछा। जयश्री ने छात्रों के साथ हुई घटना को निंदनीय बताया। कहा कि इस घटना ने हमारे समाज को गहरे सदमे और आक्रोश में डाल दिया है।

आदिवासी समुदाय की सदस्य होने के नाते मैं इस बर्बरता की कड़ी निंदा करती हूं। यह घटना हमारे समुदाय के साथ हो रहे अत्याचारों और भेदभाव को उजागर करती है। हमारे बच्चों के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं जायेगा। कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से शांतिप्रिय और सहिष्णु रहा है, लेकिन यह घटना हमारे विश्वास और सम्मान को ठेस पहुंचाती है। हमारे बच्चों को सुरक्षित और संरक्षित महसूस कराने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की है, लेकिन जब वही लोग इस तरह का अत्याचार करते हैं, तो यह हमारे समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है। मैं इस घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग करती हूं। यह घटना सिर्फ एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज की पीड़ा है। हमें एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे समुदाय के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.7 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.17 बजे |



## झामुमो ने भाजपा पर साधा निशाना

# विभाजनकारी राजनीति कर रही भाजपा : सुप्रियो

### झारखंड में धर्म का जहर घोला जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के केंद्र शासित क्षेत्र बनाने वाले बयान पर रविवार को झामुमो ने सांसद को घेरा। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा ने देश में विभाजनकारी राजनीति की बुनियाद रखी है। इसका नतीजा बहुत गंभीर होनेवाला है। उन्होंने कहा, आपको थोड़ा पीछे ले जाना चाहते हैं। भाजपा ने जब यहां विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत की, तो मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम और मौजूदा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी बनाया गया। सह प्रभारी बनाये गये असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा। झामुमो नेता ने कहा कि जिस दिन से चुनावी अभियान में इनका प्रवेश हुआ, उस दिन से झारखंड में धर्म का जहर घोला जा रहा है। जहर घोलने का यह काम लगातार हो रहा है। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में एक बयान दिया। यह बांग्लादेश घुसपैठियों से संबंधित है। सांसद ने कहा कि झारखड का संथाल परगना प्रमंडल, बिहार का कोशी प्रमंडल और बंगाल के मालदा और कुछ हिस्से को अलग कर-के केंद्र शासित क्षेत्र बनाया जाये।



### झारखंड नहीं, भाजपा की डेमोग्राफी बदली

सुप्रियो ने तंज कसते हुए कहा कि झारखंड की बजाय भाजपा की डेमोग्राफी बदल गयी है। इनके 240 में से 115 निर्वाचित सांसद दूसरे दलों से आये हैं। असम के सीएम भी कांग्रेस से थे। जिनको झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है, वह भी घुसपैठ कर आये हैं। लोबिन हेंब्रम के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अब वह स्वतंत्र हैं और कहीं भी जा सकते हैं।

### संसद में क्या कहा निशिकांत दुबे ने

बता दें कि 25 जुलाई को संसद में भाजपा सांसद निशिकांत ने कहा, मालदा, मुर्शिदाबाद, अररिया, साहिबगंज, किशनगंज,पाकुड़, कटिहार को यूनियन टेरिटरी बनाइये, नहीं तो हिंदू खाली हो जायेंगे। एनआरसी लागू करिये। ममता बनर्जी की पुलिस और मालदा-मुर्शिदाबाद से लोग हमारे यहां आकर हिंदुओं को भगा रहे हैं। सासंद के इस बयान का व्यापक पैमाने पर विरोध हो रहा है।

### यह कोई साधारण बयान नहीं

सुप्रियो ने कहा, यह कोई साधारण बयान नहीं है। यह अचानक से दिया गया बयान भी नहीं है। यह एक सोची-समझी साजिश के तहत दिया गया बयान है। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल को विखंडित करने के लिए यह भाजपा की दूरगामी सोच है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा, झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं। 2025 में बिहार में चुनाव होने हैं। साथ ही 2026 में पश्चिम बंगाल में चुनाव होना है। निशिकांत के बयान को इसी संदर्भ में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2019 में 5 अगस्त के दिन जम्मू कश्मीर को विखंडित कर दिया गया, जो भारत के संघीय ढांचे का एक अटूट हिस्सा था। राज्य का दर्जा छीन लिया गया। इस राज्य को दो हिस्सों में बांट दिया गया। एक लद्दाख का इलाका और दूसरा जम्मू यानी घाटी का इलाका। झारखंड के साथ तीन राज्यों को भी इसी तरह से बांटने की साजिश की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के विभाजन को आगामी 5 अगस्त को पांच साल हो जायेंगे, लेकिन वहां विधानसभा का चुनाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र चल रहा है। विधानसभा में इस पर चर्चा करायी जाये। भाजपा के लोगों को बताना चाहिए कि वे राज्य का विभाजन चाहते हैं अथवा नहीं। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि वे सरना धर्म कोड को लागू करने के पक्ष में हैं या नहीं? असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह अपने यहां रह रहे आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा कब देंगे। सुप्रियो के अनुसार, भाजपा नेता सिदो-कान्हू समेत झारखंड के सभी अमर शहीदों का नाम मिटाना चाहते हैं। ये कोल्हान को ओड़िशा से मिलाना चाहते हैं। दक्षिण छोटानागपुर को छत्तीसगढ़ में मिलाने और सिंहभूम, धालभूम को बंगाल में मिलाने का इनका लक्ष्य है। ये हजारों लोगों की कुर्बानी और झारखंडी पहचान को समाप्त करना चाहते हैं। आजसू पार्टी को मिला कर भाजपा के नौ सांसद हैं। एक सांसद का यह बयान है। बाकी आठ सांसद को लोकसभा में बोलना होगा कि झारखंड के प्रति उनका नजरिया क्या है। अगर ऐसा कोई भी निर्णय करने का केंद्र प्रयास करेगा, तो झामुमो इसका पुरजोर विरोध करेगा। जो यहां आकर कमाने वाले लोग हैं, इनको रघुवर दास ने 1985 कह कर मूलवासी बना दिया।

# आशा लकड़ा ने संताल की डेमोग्राफी पर जतायी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संताल में डेमोग्राफी के बदलाव का आरोप लगाया है। आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने रांची में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में राज्य के कई हिस्सों में ट्राइबल समाज से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते कहा कि घुसपैठियों के कारण संकट बढ़ रहा है। संताल परगना प्रमंडल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। बांग्लादेशी मुसलमान वहां की आदिवासी युवतियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गयी है कि बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण आदिवासी समुदाय के लोग उनके खिलाफ न तो कुछ बोल पा रहे हैं और न ही उनके खिलाफ थाना में एसटी केस दर्ज करा पा रहे हैं। अलग-अलग उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो जायेगा कि बांग्लादेशी मुसलमान कैसे संताल परगना की भोली-भाली आदिवासी युवतियों से शादी कर डेमोग्राफी को चेंज कर रहे हैं। इसमें यहां के सीएम हेमंत का विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां एक पंचायत की मुखिया तो ट्राइबल है, पर पति मुस्लिम। बांग्लादेशी मुसलमानों के कारण संताल परगना में 25 से 30 प्रतिशत डेमोग्राफी चेंज हो चुका है। हालात ऐसे ही रहे, तो वहां भी बंगाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी-व्यापार में अवरोध,परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। शैक्षणिक उन्नति।
- **वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण।
- **कर्क** — महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा,शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** — बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयास से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# संस्कृति के साथ विकास और विरासत का संदेश है मन की बात : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 112वां एपिसोड रविवार को संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात सुनकर भारत दर्शन का अनुभव होता है। प्रधानमंत्री का यह संबोधन भारत की प्रकृति, संस्कृति, विकास और विरासत से देश की जनता को परिचित कराता है। यह कार्यक्रम सभी वर्गों के लिए लाभकारी है। विशेषकर युवाओं और बच्चों को भारत की महान विरासत और प्रगति के नये आयामों से भी परिचित कराता है।

### मन की बात बन गयी है जन जन की बात: अमर

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन जन की बात बन गया है। इसमें राष्ट्र भक्ति है, राष्ट्र शक्ति है, परंपरा है, प्रगति है। प्रधानमंत्री का यह संबोधन जन जन को जोड़ता है।

**भारत की एकात्मता का परिचय है मन की बात: कर्मवीर सिंह :** प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों की प्रेरक गाथाएं, जन प्रयास की चर्चा, युवा शक्ति, नारी शक्ति का देश के विकास में योगदान, नयी-नयी तकनीक की खोज जैसे विषय प्रमुखता से समाहित होते हैं। अब देश की जनता कार्यक्रम की प्रतीक्षा करती है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश कार्यालय में महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, विधायक विरांची नारायण, नारायण दास ने कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम को सुना।

## पुलिसकर्मियों के 52 आश्रितों की अनुकंपा पर नियुक्ति

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस मुख्यालय की अनुकंपा समिति ने पुलिसकर्मियों के आश्रित की नौकरी के लिए प्राप्त 52 आवेदनों पर नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। वैसे पुलिसकर्मी, जिनकी मृत्यु सेवा काल के दौरान हो जाती है, उनके आश्रित के आवेदन पर अनुकंपा समिति विचार कर निर्णय लेती है। अनुकंपा समिति ने 56 मामलों की समीक्षा की थी। समीक्षा के बाद 52 मामलो में मंजूरी दी। अनुकंपा समिति द्वारा स्वीकृत आवेदनों में बाल सिपाही के 19, जबकि अन्य में आरक्षी और महिला आरक्षी की नियुक्ति की अनुशंसा की गयी है। सभी को नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है।

# झामुमो की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची और गढ़वा जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में रविवार को हुई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बैठक में आये कार्यकर्ताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उठ रहे जिज्ञासा को शांत किया और पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने और सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में रांची और गढ़वा जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष और सचिव, नगर, महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी, पंचायत समिति के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए।



# भाजपा की आदिवासी महिला नेताओं ने भी कई गैर-आदिवासी से शादी की है : हेमलाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि घुसपैठिया मुद्दे पर भाजपा की कई महिलाओं ने गैरआदिवासी से विवाह किया है। कहा कि केंद्र में 2014 से एनडीए की सरकार चल रही है। झारखंड में डबल इंजन की सरकार रही है, लेकिन विभिन्न आदिवासी मुद्दों को लेकर सरकार चुप रही। विधानसभा चुनाव आने पर बीजेपी को बांग्लादेशी घुसपैठियों की चिंता सताने लगी है। घुसपैठियों के खिलाफ बीजेपी सांसदों ने कभी पार्लियामेंट में आवाज तक नहीं उठायी। झारखंड लोकसभा चुनाव के परिणाम को देखकर बीजेपी बांग्लादेशी घुसपेठियों के नाम पर राजनीति कर रही है। हेमलाल ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव में पांच रिजर्व सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा रहा है। वहीं चुनाव परिणाम को देखकर बीजेपी बांग्लादेशी घुसपेठियो नाम पर राजनीतिक कर रही है। कहा कि पिछले दिनों गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने बांग्लादेसी घुसपैठियों के खिलाफ पार्लियामेंट में आवाज उठायी। बीजेपी इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रही है। कहा कि झारखंड लोकसभा चुनाव में आदिवासी एवं मुसलमानों ने मिलकर बीजेपी को हराया है। चुनावी परिणाम को देखकर बीजेपी को बांग्लादेसी घुसपैठियों का याद आ रही है। कहा लेकिन विधानसभा चुनाव में भी जनता इनको इनकी सही जगह दिखाने वाली है। जेएमएम नेता ने आगे कहा कि बीजेपी की कई महिला नेताओं ने गैर आदिवासी से शादी की है। ऐसे नेता बाबूलाल के कांफ्रेंस में बैठते हैं। केंद्र सरकार आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं है। साथ ही हेममला ने पाकुड़ केकेएम कॉलेज छात्रावास में हिंसक झड़प की घटना की निंदा की। मौके पर युवा नेता विकास मुर्मू मौजूद रहे।

# सेना भर्ती रैली का दूसरा दिन: दिखा जोश और जुनून

### 645 युवाओं ने आजमायी किस्मत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं और दसवीं श्रेणी के लिए खेलगांव के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती के दूसरे दिन रविवार को 645 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमायी। इसी बीच उम्मीदवारों का जोश और जुनून देखने को मिला। मौसम को ध्यान में रखते हुए दौड़ सुबह लगभग 3.30 बजे शुरू हुई। जांबाज युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ भारतीय सेना में शामिल होने के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया।




रैली स्थल पर बार कोड रीडर की मदद से अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड को स्कैन करने के बाद उन्हें बैचिंग एरिया में बैच संख्या आवंटित की गयी। रन वेटिंग एरिया में जाने के बाद बैच की क्रम संख्या के अनुसार उन्होंने 1.6 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लिया। इस पड़ाव को सफलतापूर्वक पार करने के बाद सफल अभ्यर्थियों का बायोमीट्रिक प्रणाली के माध्यम से वेरिफिकेशन और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत संपूर्ण डाटा कंप्यूटर में दर्ज किया गया। रैली स्थल पर अभ्यर्थियों और उनके तमाम दस्तावेजों की सैन्य टीम की ओर से गहनता से जांच की गयी। सफल और योग्य उम्मीवारों को मेडिकल जांच के लिए मेडिकल स्लिप जारी की गयी। सभी उम्मीदवारों को मेडिकल जांच के लिए अनुरूप मानदंडों के अनुसार तैयार होकर आने को कहा गया। रैली स्थल पर जिला प्रशासन के सहयोग से सेना भर्ती कार्यालय रांची की ओर से रैली स्थल पर अभ्यर्थियों की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। अभ्यर्थियों के लिए पानी की सुविधा का खास ध्यान रखा गया है।

# ओबीसी का विधानसभा के समक्ष 30 जुलाई को धरना

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी की आबादी लगभग 55 प्रतिशत है। झारखंड के विकास में ओबीसी की अहम भूमिका है, परंतु यह वर्ग सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। केंद्रीय कार्यालय हरमू में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 11 सूत्री मांग को लेकर संयुक्त बिहार में आरक्षण 27 प्रतिशत था, परंतु झारखंड में यह घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया गया है। 11 जिलों में स्थानीय नियोजन में आरक्षण शून्य कर दिया गया है। झारखंड के गठन के 24 वर्षों में जिनकी भी सरकार बनी, सबने ओबीसी के हक-अधिकार को लूटने का काम किया है। सभी सरकारों ने संवैधानिक अधिकारों का हनन कर ओबीसी को पीछे धकेल कर हाशिये पर खड़ा कर दिया है। इसे लेकर ओबीसी एकता अधिकार मंच की ओर से 11 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन 30 जुलाई को किया जायेगा। मौके पर संतोष कुमार सोनी, संजय ठाकुर, पंकज साहू, दिनेश ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, अनुज साहू, बालमुकुंद, हिमालय, रघु कुमार, विष्णु यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## बंदी को विफल करने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद: आइजी

**रांची (आजाद सिपाही)।** नक्सलियों की बंदी को विफल करने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। आइजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि नक्सली बंदी में सरकारी प्रॉपर्टी, सड़क और रेल को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा सकता है। नक्सली अब सिमट कर कुछेक इलाकों में रह गये हैं। इसमें चाइबासा के सारंडा, कोल्हान, सरायकेला, लातेहार, चतरा-गया बोर्डर और पारसनाथ में सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। नक्सली रेल मार्ग और सड़कों पर घटनाएं कर अस्तित्व बचाने के प्रयास में लगे हैं। पुलिस नक्सलियों की एक सप्ताह की बंदी को विफल करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

# नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू, चाइबासा में पोस्टरबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** जिला के जराइकेला ओपी क्षेत्र पंचपहिया में शनिवार की देर रात नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की। पोस्टरबाजी कर नक्सलियों ने लोगों से शहीदी सप्ताह मनाने की अपील की। पोस्टरबाजी की सूचना मिलने पर रविवार की सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी पोस्टर को जब्त कर लिया। भाकपा नक्सलियों का शहीदी सप्ताह रविवार से शुरू हो गया है। इसी को लेकर नक्सलियों ने अपनी मौजूदगी दिखाने की कोशिश की है। नक्सलियों ने पंचपहिया गांव के स्कूल से लेकर डोमलाई गांव और जराइकेला की विभिन्न जगहों पर पोस्टरबाजी की। साथ ही नक्सलियों ने बुकलेट भी छोड़ा है। इसमें नक्सलियों ने आदिवासी भाषाओं का उपयोग करते हुए कई नारा लिखे हैं। नक्सलियों द्वारा लगाये गये बैनर में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक क्रांतिकारी जोश और संकल्प के साथ शहीदी सप्ताह मनाने की बात लिखी गयी है। साथ ही पोस्टरों में माओवादी छापेमारी युद्ध नियमों का सृजनात्मक रूप से पालन करने, अनावश्यक नुकसान को कम करने और गुरिल्ला युद्ध में जीत के अनुपात को बढ़ाने जैसी बातों का उल्लेख किया गया है। बता दें कि भाकपा माओवादी हर साल 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान वे मारे गये अपने साथियों का स्मारक बना कर उन्हें याद करते हैं। नक्सली इस दौरान अपने प्रभाव वाले इलाकों में ग्रामीणों को एकत्रित कर शहीदी सप्ताह मनाते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW



# 100 से अधिक मीट दुकानदारों पर मामला दर्ज, लगाया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी राजधानी रांची में खुले में मांस बेचा जा रहा है। रांची पुलिस ने इन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में खुले में मांस बेचनेवाले 51 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं रांची में 100 से अधिक दुकानदारों पर खुले में मांस बेचने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इन दुकानदारों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 290, 293 और फूड सेफ्टी एक्ट 2006 की 63 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर, डोरंडा थाना क्षेत्र में भी 10 दुकानदारों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं दस दुकानों पर फाइन किया गया है। श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने रांची नगर निगम को यह निर्देश दिया था कि खुले में मांस की बिक्री न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। साथ ही अदालत ने रांची पुलिस को यह निर्देश दिया था कि जिस थाना क्षेत्र में खुले में मांस की बिक्री हो रही है, उस थाना क्षेत्र के पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। 2 जुलाई को अदालत ने मौखिक रूप से यह निर्देश दिया था कि नगर निगम चिकेन और मीट की दुकानों का निरीक्षण कर यह देखें कि वह लाइसेंस की शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं।



# लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए सुनील भुइयां समेत कई लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी की पलामू लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। पलामू जिला संयोजक अशोक प्रसाद साहू ने अध्यक्षता और गढ़वा जिला संयोजक रामभजन गुप्ता ने संचालन किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रधान महासचिव मो अजहर आलम उपस्थित थे। पलामू के समाजसेवी सुनील कुमार भुइयां सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय आधारित पार्टी है। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने कहा कि विस चुनाव लड़ने के साथ सीटों को चिह्नित भी किया जा रहा है। जहां जीत दर्ज किया जा सके। पार्टी में शामिल होने के बाद सुनील कुमार भुइयां ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी की विचारधारा सर्वसमाज के हितों में है। बैठक में अजय पासवान, अनिल पासवान, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, देववंश गुप्ता, अशोक राम, कन्हाई प्रसाद, चुनमुन साह, सिकंदर भुइयां, मंटु भूइयां समेत अन्य उपस्थित थे।



# जेबीकेएसएस ने संतोष कुमार महतो के परिवार को मुआवजा दिलवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की ओर से बीते दिन भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान रांची में हिप्पो (दरियाई घोड़ा) के हमले से घायल संतोष कुमार महतो की मृत्यु मेदांता हॉस्पिटल इरबा में हो गयी थी।

उसके बाद मुआवजे और नियोजन को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रांची इकाई की टीम पप्पू कुमार महतो (केंद्रीय सचिव रांची) तथा कुणाल महतो (केंद्रीय महासचिव) की अध्यक्षता में उद्यान के कर्मचारी एवं कुल्हि के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा सुबह से ही बिरसा जैविक उद्यान को बंद कर दिया गया था एवं अपनी मांगों को लेकर उद्यान के समक्ष धरने पर बैठ गये थे।

जिस पर देर शाम उद्यान के डायरेक्टर जबर सिंह ने संज्ञान लिया और तत्काल 5 लाख का चेक एवं कुछ दिनों में 20 लाख मुआवजा देने की बात की। साथ ही साथ मृतक संतोष कुमार महतो के एक बेटे को स्थाई नौकरी देने की बात पर सहमति बनी। धरने पर मुख्य रूप से कमलेश महतो एवं समस्त ग्रामीण वासियों में मुख्य रूप से सहेद, विमल, भोला, रणधीर रंजीत, जानकी ,राजू, अनोज, मिथलेश आदि लोग मौजूद थे।



## पाकुड़ की घटना पर आक्रोश, पुतला दहन

**रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में पाकुड़ में सो रहे गहरी नींद में छात्रों के ऊपर पुलिस प्रशासन के द्वारा हमला के खिलाफ में आदिवासी छात्रावास करमटोली से जेल चौक में जाकर सभी छात्रों ने आक्रोश के साथ सरकार मुदार्बाद का नारा लगाये। साथ ही पुतला दहन किया। कहा गया कि दोषी पुलिस पदाधिकारी के कार्रवाई नहीं होगी, तो आदिवासी छात्र संघ पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करेगा। मौके पर बिरसा उरांव, अजय उरांव, प्रदीप उरांव, प्रकाश भगत, चरलेश उरांव, बबलू उरांव, परमात्मा उरांव, आशीष उरांव, विवेक, अमित उरांव, राहुल, आनंद, संजय हंसदा, राजेश टुडू, कार्तिक उरांव, सागर उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।**

# डीआरडीए कर्मियों का लंबित वेतन भुगतान करने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यभर के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में कार्यरत पदाधिकारियों-कर्मियों के बकाया वेतन-मानदेय भुगतान के लिए सरकार ने कदम बढ़ाये हैं। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी के निर्देश के बाद विभाग ने सभी जिलों के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा है और डीआरडीए पदाधिकारियों के 10 जून तक जिला परिषद में समायोजन की तिथि से पहले के वेतन आदि की बकाया राशि की गणना कर प्रतिवेदन मांगा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने झारखंड सहित देशभर के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को बंद करने का फैसला लिया है और कहा है कि इनमें कार्यरत कर्मियों का समायोजन जिला परिषद में किया जा सकता है। इसी आलोक में जून माह में झारखंड सरकार ने इनका समायोजन पंचायती राज विभाग के अंतर्गत जिला परिषद में कराने का आदेश दिया। हालांकि समायोजन के पहले का वेतन-मानदेय या आदेयता का भुगतान ग्रामीण विकास विभाग से ही कराने का निर्णय लिया। इधर, डीआरडीए कर्मियों और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण संघ ने भी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात की थी और बकाया भुगतान कराने संबंधी मांग रखी थी। उन्हें करीब एक साल से वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे अब घर चलाना भी मुश्किल हो रहा था। वहीं, जिला परिषद में विलय के लिए जो संकल्प निकाला गया था, उसकी विसंगतियों से भी मंत्री को अवगत कराया था।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की आपूर्ति की निविदा में घोर मनमानी का आरोप

रांची (आजाद सिपाही)। समेकित बाल विकास कार्यक्रम, समाज कल्याण विभाग, रांची, झारखंड सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में स्टेनलेस स्टील के बर्तनों की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा निकाली गयी थी। इसमें आठ निविदा दाताओं ने भाग लिया था। उनमें से सात निविदा दाताओं को निविदा के तकनीकी शर्तों का आधार बनाकर एकमात्र सफल निविदा दाता को अवैध रूप से चयन हेतु, उक्त सातों निविदा दाताओं को अयोग्य घोषित कर दिया गया। एकमात्र सफल निविदा दाता की वित्तीय निविदा को खोलकर स्वीकृत कर ली गयी और उसे आपूर्ति आदेश दे दिया गया।

### नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सामाजिक कार्यकर्ता और हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने सोमवार को हजारीबाग रोड स्थित शनि मंदिर के पीछे महावीर मंदिर में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया। इस जांच शिविर में 180 महिला और पुरुषों ने ब्लड शुगर और थायराइड की जांच करायी। भैरव सिंह के द्वारा पिछले डेढ़ महीने से हरेक रविवार को रांची के अलग-अलग क्षेत्र में यह जांच शिविर लगाया जा रहा है। इस जांच शिविर में थायराइड, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही है। भैरव सिंह ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य में जागरूकता के लिए इस तरह की जांच शिविर का आयोजन वह कर रहे हैं। जांच शिविर में मुख्य रूप से रविंद्र वर्मा, रवि वर्मा, मोंटी कुमार, राजेश वर्मा ने महत्वपूर्ण समर्थन दिया।

### अनीश आलम बने ह्यूमन राइट्स और जस्टिस मूवमेंट के झारखंड सचिव



रांची (आजाद सिपाही)। अनीश आलम को ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट का झारखंड का सचिव बनाया गया है। संस्था के राज्य समन्वयक अली रजा जैदी ने लेटर जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि संस्था की प्रतिष्ठा को इमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य निर्वहन के माध्यम से अनीश आलम मजबूत करेंगे। उनकी सफलता की कामना और हार्दिक बधाई भी उन्होंने दी है। अनीश आलम को ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट का झारखंड सचिव बनाये जाने पर उन्हें इकरा खान, साबिर अंसारी, कृष्णा करमाली, शमी खान और संतोष शर्मा सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

### राज्य सरकार अनुसूचित जाति विरोधी : समन्वय समिति



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को कोकर चौक में अनुसूचित जाति समन्वय समिति के तत्वावधान में अनुसूचित जाति के 21-उपजातियों के प्रमुख लोगों ने मुख्यमंत्री के अनुसूचित जाति विरोधी कार्य एवं नियुक्ति में आरक्षण शून्य करने आरक्षण के अनुपात में अनुसूचित जाति वर्गों को आरक्षण नहीं देने चौकीदार बहाली में आरक्षण शून्य करने वनरक्षक एवं सहायक के जारी विज्ञापण में अनुसूचित जाति के एकमात्र पदसर्जित करने आदि के विरोध में पुतला दहन किया। समन्वय समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, राम लगन राम उपाध्यक्ष युवराज पासवान, प्रदीप कुमार रवि, नीरज नायक, छोटू पासवान, मीडिया प्रभारी गोविंद वाल्मीकि, सचिव विनोद राजन आदि ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड राज्य में रह रहे 50 लाख अनुसूचित जाति समाज के साथ हर क्षेत्रों में भेदभाव कर रही है। समाज के प्रबुद्ध लोगों ने इस विषय पर निर्णय लिया कि कल यानी सोमवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से मुलाकात कर सरकार के दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन देकर इन सभी बिंदुओं पर विधानसभा में उठाने का मांग करेगा। कार्यक्रम में मुख्य से युवराज पासवान, विनोद राजन, परमित पासवान, दिलीप भुइयां, करण नायक, विवेक रावत, गोविंद वाल्मीकि, वीरू पासवान, संजय राम, रणधीर रजक ,राजेश कुमार, किशन प्रसाद, विजय राम, संजय राम, जीवन राम, रंजीत बाउरी अजय तुरी, संजय मिर्धा, जगदीश दास सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# संस्कृति और धरोहर को बचाने की आवश्यकता : संजय पासवान

**दो दिवसीय जनजातीय कॉन्क्लेव अपने निष्कर्षों तक पहुंचने में सफल : डॉ तपन कुमार शांडिल्य**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और हेरीटेज सोसाइटी, पटना के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय ट्राइबल हेरिटेज रविवार संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह दो दिवसीय ट्राइबल कॉन्क्लेव अपने सार्थक निष्कर्षों तक पहुंचने में सफल रहा। यह निश्चित है कि आगामी चौथे कॉन्क्लेव तक यह राष्ट्रीय परिदृश्य में अपना संदेश देने में कामयाब हो जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि जनजातीय अपनी विरासत को संरक्षित करने की कला में काफी पारंगत हैं और यह हमारी विरासत को न केवल सुरक्षित रखेंगे बल्कि उसे आनेवाली पीढ़ी तक स्थानांतरित भी करेंगे। इसके उपरांत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और अन्य अतिथियों के द्वारा अपना रिसर्च प्रस्तुत करने वाले विद्वानों, प्रतिभागियों और विशेषज्ञों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो संजय पासवान ने कहा कि हमारी संस्कृति और धरोहर को बचाने की आवश्यकता है जो कि हेरीटेज सोसायटी कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्सव के आयोजन में उमंग होना चाहिए न कि उन्माद। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेश कुमार वत्स, प्रो. राजकुमार वर्मा, मधु मंसूरी हसमुख एवं हेरीटेज सोसायटी के महानिदेशक डॉ. अनन्ताशुतोष द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। भारत के बाहर के कई विद्वानों ने भी अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। उन देशों ने नेपाल, जर्मनी, बांग्लादेश, नीदरलैंड आदि प्रमुख हैं। भरतबके प्रमुख राज्यों में उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, बिहार, दिल्ली के भी कई विद्वानों ने जनजातीय धरोधर विषयक शोध पत्र विद्वानों के समक्ष रखें। उड़ीसा के विद्वान डॉ. अजय कुमार सेठी का जगन्नाथ एवं जनजातीय संस्कृति विषयक शोध को विद्वानों ने खूब सराहा। यह, यह जानकर प्रो पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# यदुवंशी महासम्मेलन में लिया गया संकल्प

## हटिया-रांची समेत 10 यादव विधायक बनाने का लक्ष्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड के तत्वावधान में श्रीकृष्ण संदेश यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन विधानसभा हॉल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव कैलाश यादव ने भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। महासम्मेलन में बिहार, यूपी सहित राज्यभर से यादव समाज के प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि यादव समाज का इतिहास पौराणिक युगों से जुड़ा हुआ है। यादव समाज मूलतः भगवान श्रीकृष्ण के वंशज हैं। देश की आजादी के बाद यादव समाज ने उत्थान और विकास के लिए काफी संघर्ष किया। अभी तक प्रयत्नशील है। यादव समाज एकजुटता के साथ के साथ कार्य करे, तो निश्चित तौर पर तमाम प्रदेशों में सरकार होगी। महासम्मेलन के माध्यम से संकल्प लेने की जरूरत है कि झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में यादव समाज को 81 में कम से कम 10 विधायक की जीत दिलाकर सदन में लाना है, जिसमें हटिया, रांची को प्राथमिकता के साथ हुसैनाबाद, कोडरमा, राजधनवार, बरही, बरकट्ठा, मधुपुर, गोड्डा, झरिया, भवनाथपुर, जरमुंडी, बोकारो सहित अन्य क्षेत्रों में राजनीतिक दलों को प्रतिनिधि बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। जयसिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सामाजिक एकता बनाने की जरूरत है। प्रत्येक माह में रूटीन बनाकर दौरा करना चाहिए।

अध्यक्ष सुरेश राय ने कहा कि रांची जिला में सभी प्रखंड और वार्ड स्तर पर श्रीकृष्ण विकास परिषद द्वारा कमेटी बनायी जायेगी। धन्यवाद ज्ञापन खटाल विकास परिषद के केएन भगत ने किया।

# देश की उन्नति में अल्पसंख्यकों की भूमिका महत्वपूर्ण: हिदायतुल्लाह

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में शामिल शमशेर आलम।

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हजारीबाग परिसदन सभागार में जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और सदस्य कारी बरकत अली भी शामिल थे। भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुक्षेत्रीय विकास कार्यक्रम के तहत सामाजिक-आर्थिक अवसंरचना का निर्माण करके और बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों की विकास संबंधी कमियों को दूर करने की ओर एक विकासात्मक पहल है। उक्त बातें आयोग के अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। समीक्षा में श्री खान ने विभागवार अधिकारियों से संबंधित विभागों में राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा उन योजनाओं में अल्पसंख्यक लाभुकों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आयोग के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सभी जिलों में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं सही तरीके से धरातल पर उतरे। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही प्राथमिकता है कि राज्य के सभी व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने समीक्षा के क्रम में विभागों से प्राप्त रिपोर्ट पर संतुष्टि दिखायी, हालांकि कई विभागों द्वारा अधूरी रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने पर आयोग ने पूरी रिपोर्ट तैयार कर भेजने का निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा जिले में उर्दू शिक्षकों की कमी है। आयोग झारखंड सरकार से इसकी अनुसंशा करेगा। हजारीबाग में अल्पसंख्यक समुदाय में मुसलमानों की संख्या अधिक है बावजूद एक ही उर्दू स्कूल है। उर्दू शिक्षकों एवं स्कूल की कमी है। अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक उत्थान के लिए गंभीर हैं, इसलिए सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान होगा। विभागवार समीक्षा के उपरांत आयोग के अध्यक्ष पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने मीडिया से आयोग के भ्रमण और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि आज आयोग ने जिले में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ शिक्षा, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, मत्स्य, कृषि, स्वास्थ्य, कल्याण, खाद्य आपूर्ति सहित अन्य विभागो द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा उर्दू के शिक्षकों की कमी को जल्द ही पूर्ण किया जायेगा। उर्दू केवल भाषा ही नहीं बल्कि हिंदुस्तानी तहजीब भी है। मौके पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम और सदस्य बरकत अली समेत अन्य उपस्थित थे।

# अफीम के साथ खूंटी का तस्कर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से अफीम के साथ एक तस्कर को एसएसपी की क्यूआरटी टीम ने गिरफ्तार किया है। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना प्रभारी और क्यूआरटी टीम ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया तस्कर अफीम की खेप को चौपारण ले जाने की फिराक में था। हालांकि इसकी भनक पुलिस को लगी, तो बस स्टैंड में छापेमारी कर तस्कर को दबोच लिया। वहीं अफीम भी बरामद किया गया है। फिलहाल तस्कर से पुलिस पूछताछ कर रही है। उसके पास से ढाई किलो से ज्यादा अफीम बरामद की गयी है।

## रांची एयरपोर्ट पर कारतूस के साथ पकड़ा गया एक यात्री

**रांची से अहमदाबाद जा रहा था यात्री, चेकिंग के दौरान हुआ खुलासा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक यात्री के पास से कारतूस बरामद किया गया है। कारतूस बरामद होने के बाद श्यामलाल को एयरपोर्ट पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एयरपोर्ट थाने से मिली जानकारी के अनुसार रांची एयरपोर्ट में सीआइएसएफ के जवानों ने सुरक्षा चेकिंग के दौरान श्यामलाल चौधरी नाम के यात्री के पास से पिस्टल का कारतूस बरामद किया। यात्री को सीआइएसएफ ने हिरासत में ले लिया और एयरपोर्ट थाने को सौंप दिया। कारतूस के साथ गिरफ्तार आरोपी श्यामलाल चौधरी राजस्थान के अजमेर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी श्यामलाल रविवार शाम 4.25 बजे अहमदाबाद का विमान पकड़ने के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचा था। सिक्योरिटी की जांच के दौरान उसके बैग में हथियार होने की जानकारी मिली, जिसके बाद सीआईएसएफ के जवानों ने श्यामलाल के बैग की जांच की। हालांकि उसके बैग में एक गोली ही थी। कारतूस मिलने के बाद श्यामलाल को सीआइएसएफ जवानों ने पकड़कर एयरपोर्ट थाने के हवाले कर दिया। रांची के एयरपोर्ट थाना प्रभारी गौतम ने बताया कि कारतूस के साथ पकड़ा गया यात्री राजस्थान का रहने वाला है। वह अपने किसी काम से रांची आया था और रांची से गुजरात के अहमदाबाद जा रहा था।

### केकेएम कॉलेज के छात्रावास में आदिवासी छात्रों पर लाठीचार्ज का मामला

## पाकुड़ एसपी ने नगर थाना प्रभारी एएसआइ को लाइन हाजिर किया

**इस मामले में एसपी ने 24 घंटे के अंदर पाकुड़ एसडीपीओ से रिपोर्ट मांगी थी**

**एसडीपीओ की रिपोर्ट पर एसपी ने की कार्रवाई**

**कार्तिक कुमार**

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** एसपी ने पाकुड़ के केकेएम कालेज के छात्रावास में आदिवासी छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज की घटना की एसडीपीओ से 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी थी। एसडीपीओ पाकुड़ डीएन आजाद की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने तत्काल प्रभाव से नगर थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा और छात्रावास में लाठीचार्ज की घटना से पहले जांच करने पहुंचे एएसआइ नागेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। मालूम हो कि एसपी श्री प्रभात ने शनिवार को छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष एसडीपीओ डीएन आजाद को 24 घंटे के अंदर 26 जुलाई की रात की केकेएम कालेज के छात्रावास में पुलिस के लाठीचार्ज की घटना की जांच रिपोर्ट समर्पित करने को कहा था, एसडीपीओ आजाद की जांच रिपोर्ट पर रविवार को एसपी ने देर रात कार्रवाई करते हुए नगर थाना प्रभारी और एएसआइ को लाइन हाजिर कर दिया है। बता दें कि केकेएम कॉलेज के छात्रावास में एएसआइ नागेंद्र कुमार जांच के नाम पर आदिवासी छात्रों से पूछताछ की थी। इसी दौरान बात बढ़ गयी और छात्रों की एएसआइ नागेंद्र कुमार के साथ बकझक और झड़प हो गयी। जिसके बाद एएसआइ नागेंद्र कुमार थाना पहुंचे और नगर थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद नगर थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा भारी पुलिस फोर्स के बाद छात्रावास पहुंचे और वहां छात्रों के साथ दोबारा हिंसक झड़प हो गयी और पुलिस के लाठीचार्ज के बाद 17 आदिवासी छात्र घायल हो गये थे।

## अधिकार के सवाल पर आक्रोश सभा सितंबर में : एस अली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंडी युवाओं के अधिकार और मुस्लिम समुदाय की न्याय के सवाल पर सितंबर में आक्रोश सभा का आयोजन आमया संगठन के द्वारा किया जायेगा। केंद्रीय कार्यालय रांची में बैठक को संबोधित करते हुए एस अली ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का उद्देश्य, आदिवासी मूलवासी भावना और मांग राज्य में लागू नहीं हो रही, सरकारी नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्य के लोग बहाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सितंबर में होने वाले आक्रोश सभा के माध्यम से स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करने, 4401 उर्दू सहायक शिक्षक के बैकलॉग 3712 पदों को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग वाद संख्या 174-2015 में दिये निर्देश बहाली शुरू करने, विद्यालयों में उर्दू विषय, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा सहित अन्य विषयों में शिक्षक बहाली करने, मदरसा आलिम फाजिल डिग्री की परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने की मांग की जायेगी।

## प्रोन्नति को लेकर 5 अगस्त से शिक्षक करेंगे अनशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ रांची इकाई की बैठक कचहरी परिसर स्थित बीआरसी रांची के सभागार में अध्यक्ष सलीम सहाय तिगा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के आह्वान पर प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों की मांगों के लेकर आगामी 5 अगस्त को अनशन करेंगे। राज्यकर्मियों की तरह शिक्षको के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना लागू करने, स्नातक प्रशिक्षित और प्रधानाध्यापक के पदों पर प्रोन्नति देने, छठे वेतनमान की विसंगति दूर करने, अंतर जिला स्थानांतरण में गृह जिला में स्थानांतरण का विकल्प देने, स्वास्थ्य बीमा लागू करने समेत अन्य मांग को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष शिक्षक आमरण अनशन करेंगे। बैठक में अनूप केसरी, नसीम अहमद, हरे कृष्णा चौधरी, राकेश कुमार, प्रदीप गुप्ता, अजय ज्ञानी, संतोष कुमार, सलीम सहाय, कृष्णा शर्मा, रंजीत कुमार, योगेंद्र द्विवेदी, धनेश्वर राव, कल्लू तिर्की, अफसरुल आबेदीन, सतीश बड़ाइक, सहदेव कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## 5 साल के गुनाहों के लिए माफी मांगे गठबंधन सरकार:अमर कुमार बाउरी

**राज्य सरकार ने वादा भूल कर युवाओं पर लाठियां बरसायी है**

**आज सरकारीकर्मी, निविदा कर्मी सभी आंदोलनरत हैं**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। इसमें नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, रामचंद्र चंद्रवंशी, नीरा यादव, नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, कोचे मुंडा, केदार हाजरा, अपर्णा सेन गुप्ता, नारायण दास, किशुन दास, शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह चालू विधानसभा का अंतिम सत्र है। विदाई सत्र है। श्री बाउरी ने कहा कि पूरे 5 वर्षों तक राज्य की ठगबंधन सरकार ने जनता को ठगा है। केवल वादा खिलाफी की है। न नौकरी दी न बेरोजगारी भत्ता दिया। न नियोजन नीति बनायी न 1932की स्थानीय नीति ही तय किया। उन्होंने कहा कि आज सरकारी कर्मचारी, अनुबंध कर्मी, पारा शिक्षक सभी आंदोलन कर रहे। कहा कि आदिवासियों की हितैषी बताने वाली ठगबंधन सरकार ने आदिवासियों को लूटा और लुटवाया। अपनी मांगों के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर लाठियां बरसायीं। उन्होंने कहा कि युवाओं की नौकरी के नाम पर जेपीएससी एसएससी की नियुक्तियां बेंची गयीं। कहा कि आज संथाल परगना मिनी बांग्लादेश बन गया है। 1951 से 2011की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि मुस्लिम घुसपैठियों की आबादी लगातार बढ़ती गयी और आदिवासियों की आबादी घटती गयी। कहा कि सरकार इसके उत्तर से भाग रही। तुष्टिकरण और वोट बैंक के कारण सरकार जवाब नहीं दे रही। न्यायालय को भी दिग्भ्रमित कर रही। उन्होंने कहा एक तरफ विधि व्यवस्था ध्वस्त है और सरकार रातों रात डीजीपी बदल रही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डंडे और पुलिस के बल भाजपा की आवाज दबाना चाहती है लेकिन सरकार में इतनी ताकत नहीं कि वह ऐसा कर सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बतायें कि उन्होंने आदिवासियों के लिए 5वर्षों में क्या किया? बतायें कि सिदो कान्हू की धरती पर एसपीटी कानून के रहते इतने कब्रिस्तान कैसे बने? पाकुड़ में आदिवासियों पर लाठीचार्ज क्यों किया? उन्होंने कहा कि इन ज्वलंत मुद्दों पर सरकार माफी मांगे।

## जेएसएससी का पुतला फूंका और कैंडल मार्च निकाला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नगरपालिका बहाली हेतु जेएसएससी 2023 में 921 सीट के लिए विज्ञापन निकला गया था, जिसकी परीक्षा के 10 पूरे होने उपरांत रिजल्ट नहीं आने के कारण अभियर्थियों ने लगातार 17 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना दिया था, परंतु सरकार और जेएसएससी द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गयी जिससे अभियर्थियों में घोर निराशा होने से झारखंड मंत्रिमंडल और जेएसएससी के सभी अधिकारियों का पुतला बनाकर दहन किया और कैंडल मार्च निकाला। इस वैकेंसी में रिवेन्यू इंस्पेक्टर, सेनेटरी और फूड इंसपेक्टर, गार्डेन सुपरिटेंडेंट, वेटनरी ऑफिसर, विधि सहायक, सेनेटरी सुपरवाइजर पद के लिए परीक्षा 29 और 30 अक्टूबर 2023 को ही करा लिया गया है, जबकि जेएसएससी मार्च 2024 को औपबंधिक आंसर जारी किया और इतना समय बीत जाने के बाद भी फाइनल अंसार जारी नही किया गया है। अब अभियर्थियों का कहना है कि लगभग 9 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार अथवा जेएसएससी के द्वारा फाइनल अंसार और रिजल्ट जारी नहीं होने से बेहद असंतोष एवं घोर निराशा छाई हुई है। इसको लेकर अभियर्थियों ने यह निश्चित किया है कि जब तक सरकार अथवा जेएसएससी के द्वारा फाइनल अंसार और रिजल्ट जारी नहीं होता है तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## सिंघारा महोत्सव 11 अगस्त को



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री जीण माता परिवार रांची की बैठक मारवाड़ी भवन में हुई, जिसमें आदि शक्ति श्री जीण माता का शक्ति मंगल पाठ और सिंधारा महोत्सव 11 अगस्त को स्थानीय अग्रसेन भवन में बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष दिलीप पटवारी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया द्वारा सपत्नी गणेश पूजन के साथ होगी। इसके बाद श्री जीण माता का महाभिषेक होगा। इस महोत्सव में दोपहर एक बजे से कोलकाता से पधार रहे मंगल पाठ वाचक बाल किशन शर्मा, विनोद शर्मा के सानिध्य में 351 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया जायेगा। मंगल पाठ के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चूनड़ी महोत्सव और गजरा महोत्सव भी मनाया जायेगा। महोत्सव के दौरान श्री जीण माता को विशेष रूप से बनायी गयी 151 फीट की चुनरी भी चढ़ायी जायेगी। बैठक में अध्यक्ष दिलीप पटवारी, विक्रम खेतावत, प्रदीप सिंघानिया, सुभाष अग्रवाल, संजय मारोदिया, मनीष पालड़ीवाल, मंजू डीडवानिया, सरिता गोकुलका, मिथिलेश सिंघानिया, खुशबू पटवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** 160वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण ब्रह्मलीन गुरु राधिकादास महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण प्रणामी महिला मंडल एवं उनके परिवार के सौजन्य से हुआ। इससे पूर्व मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया एवं सिता देवी शर्मा द्वारा भजन संकीर्तन प्रस्तुत किया गया। संस्था की वरिष्ठ सदस्य बिमला जालान, चंदा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल की देखरेख में रविवार को निर्माणाधीन मंदिर परिसर में लगभग 1500 से जयादा महिला-पुरुष बच्चों एवं संस्था के सदस्यों के बीच अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद का वितरण किया गया। भोजन वितरण कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, दिलीप अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, मनीष जालान, निर्मल छावनिका, विष्णु सोनी, जयप्रकाश मित्तल, सुरेश चौधरी, सुरेश अग्रवाल, सुशील गाड़ोदिया, धीरज गुप्ता, चंद्रदीप साहू, परमेश्वर साहू एवं महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, शारदा पोद्दार शामिल थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा 22 से

**रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी और पीजी सेमेस्टर दो की परीक्षाएं 22 अगस्त से शुरू होंगी। यूजी एनइपी, सीबीसीएस और पीजी सीबीसीएस एंड सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इसमें आखिरी क्लास 7 अगस्त तक होगी। छात्र 16 अगस्त से 20 अगस्त तक एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं, एंड सेमेस्टर परीक्षा की शुरुआत 22 अगस्त से होगी**

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)। प्रखंड में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। पहली घटना सौहाद मोड़ पर घटी जहां दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक केदली कला गांव निवासी प्रदीप राम का 19 वर्षीय पुत्र उदित कुमार है। वहीं दूसरी घटना हंटरगंज कौलेश्वरी मार्ग स्थित बहेरी गांव के पास घटी, जहां एक फोर व्हीलर गाड़ी के द्वारा मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक पर सवार मामी और भांजा घायल हो गये। घायल में ऊरैली गांव निवासी बबलू पासवान की 35 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी और इनका भांजा पैनी कला गांव निवासी नारो पासवान का 18 वर्षीय पुत्र सिकंदर पासवान है।**

### जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

## हम सभी को जात-पात और धर्म से ऊपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता : मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** स्थानीय डीएमएफटी प्रशिक्षण सह कौशल विकास केंद्र चतरा में जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मंत्री ने संबोधित करते हुए सभी पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी अहम भुमिका है, पंचायती राज की जनप्रतिनिधियों को पंचायतों के आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएं बनाना और क्रियांवित करना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। पंचायती राज व्यवस्था भारत सरकार की त्रिस्तरीय प्रशासनिक संरचना है। यह शासन की विकेंद्रीकृत प्रणाली है, जहां स्थानीय निकायों या ग्राम पंचायतों को स्वशासन और विकास के लिए निर्णय लेने की शक्ति दी जाती है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से किशोरियों को 50 वर्ष से उपर के लाभुकों को इसके अलावे कई अन्य योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप सभी जन प्रतिनिधि क्षेत्र के योग्य लाभुकों को योजनाओं के प्रति जागरूक कर लाभांवित करें। सब मिलकर प्रयास करेंगे, तो चतरा जिला के शत प्रतिशत लाभुकों को लाभ मिलेगा। अबुआ आवास योजना के प्रथम किस्त की राशि भी दी जा चुकी है। श्रमिक कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को बीमारियों के इलाज का लाभ दिया जा रहा है। मंत्री सत्यानंद ने कहा कि हम सभी को जात पात और धर्म से उपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता है। पंचायत सचिवालय में साप्ताहिक बैठक करें। जिससे कि आमजनों की समस्याओं का निराकरण सुगमता पूर्वक हो सके।

उपायुक्त ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि जो समस्या आप लोगों के द्वारा उठाया गया है, उसका निष्पादन किया जायेगा। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना में शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। हमारा प्रयास रहेगा कि 21 वर्ष से 50 वर्ष तक के सभी योग्य महिलाओं को इसका लाभ मिले। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष, प्रमुख संघ के अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष द्वारा भी अपनी समस्याएं रखी गयी। कार्यशाला में पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जिला परियोजना प्रबंधक ई पंचायत और मास्टर ट्रेनर के द्वारा जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य और दायित्व के बारे में बतलाया गया। साथ ही पंचाती राज विभाग द्वारा संचालित डिजिटल पंचायत, पंचायत सुद्धरीकरण, पंचायत ज्ञान केंद्र, पंचायत विकास सूचकांक, पंचायत अवार्ड, 15 वें वित्त इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, पंचायती राज पदाधिकारी मनींद्र भगत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शिवाजी राय पुरुष और महिला में अर्चिता डे ने जीता खिताब



**आजाद सिहापी संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 का रविवार को समापन हुआ। रांची के गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रही प्रतियोगिता में पुरुष एकल में बोकारो के शिवाजी राय ने प्रतिद्वंद्वी रांची के सत्रुंजय चक्रवर्ती को 4-शून्य से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं महिला एकल में पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे अपने ही जिले की सानिया बनर्जी को हरा कर विजेता बनी। अंडर 19 बालिका वर्ग में अर्चिता डे ने धनबाद की सृजनी चक्रवर्ती को हरा कर खिताब जीता।

वहीं अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा जिले के नीतीश मेहता ने हजारीबाग के प्रतीक अग्रवाल को हराया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के जोनल अधिकारी असीम कुमार ने विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। विजेता बनने से बेहतर खिलाड़ी बनना है। कहा कि खिलाड़ी को खेल से जुड़े रहना चाहिए। वहीं झारखंड राज्य टीटी संघ के मुख्य संरक्षक जय कुमार सिन्हा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलतार सिंह, हरमीत सिंह, परमजीत सिंह, डॉ पवन चौधरी, राज्य संघ के महासचिव समरजीत सिंह, राज्य टीटी संघ के उपाध्यक्ष सैबाल गुप्ता, सहसचिव राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सुदीप्तो मुखर्जी, पार्थ सारथी और कमलेश दुबे ने भी विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

# नशों से समाप्त होती जवानी

शराब से लेकर चरस, अफीम, गांजा आदि का नशा करने की आदत समूचे विश्व में व्याप्त है, परंतु अलग-अलग देशों में और क्षेत्रों में इसकी मात्रा में भिन्नता है। भारत में भी नशे का संसार काफी फैला हुआ है, परंतु पंजाब में तो नशे ने सीमाएं पार कर रखी हैं। पंजाब में नशे को लेकर कुछ ही वर्ष पूर्व एक फिल्म भी बनी, जिसका नाम था उड़ता पंजाब। पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर कंटीली तारें कई दशकों से जीरो लाइन पर बनने के स्थान पर भारत की सीमाओं के अंदर बांधी गयी हैं, कहीं-कहीं पर तो ये तारें जीरो लाइन से एक किलोमीटर से भी अधिक भारत की तरफ देखी जाती हैं। यदि इन तारों को जीरो लाइन पर ही लगा दिया जाये तो नशीले पदार्थों की तस्करी भी रोकी जा सकती है। पाकिस्तान से आने वाला नशा एक और मायने में बड़ा भयंकर है, जिसे चिट्टा कहा जाता है। यह चिट्टा वास्तव में एक सिंथैटिक नशा है, जो अत्यंत हानिकारक रासायनिक पदार्थों से बनता है। इसका नशा शरीर के अंदर सारे तंत्रों को तीव्र गति से हानि पहुंचाता है। इन्हीं कारणों से पंजाब का नशा सारी दुनिया में फैले नशे की समस्या से अधिक गंभीर है। नशे के कारण व्यक्ति सबसे पहले तो अपने घर का ही धन बर्बाद करता है। धन पर रोक लगती है, तो वह सबसे पहले अपने घर में ही चोरियां शुरू करता है। इसके बाद नशे का प्रभाव समाज को भी झेलना पड़ता है, क्योंकि नशा करने वाला व्यक्ति समाज में भी अपराध का खिलौना जल्दी बन जाता है। नशे के कारण व्यक्ति किसी व्यापार या नौकरी के लायक भी नहीं रहता। यह बेरोजगारी और अपराध तीसरे स्तर पर सरकार के लिए भी एक समस्या बन जाते हैं। पुलिस, प्रशासन, समाजसेवा आदि जैसे सरकारी विभागों को सामूहिक रूप से एक नीति का निर्माण करना चाहिए कि जितना संघर्ष उन्हें नशा करने वाले व्यक्ति के अपराधों के प्रबंधन में करना पड़ता है, उससे कम प्रयास से नशे के वितरण प्रणाली को ही क्यों न समाप्त किया जाये। इसके लिए सरकारी स्तर पर एक मजबूत और लक्ष्यबद्ध इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। नशे की आदत डालने के बाद हमारे समाज को जितना संघर्ष करना पड़ता है, यदि नशे के विरुद्ध चेतावनी देने के प्रयास छोटी अवस्था के बच्चों में ही पूरी चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रारंभ कर दिए जायें, तो इसके बड़े सुंदर परिणाम निकल सकते हैं। इसके लिए स्कूलों के अध्यापकों और धार्मिक स्थलों के विद्वानों को विशेष प्रयास प्रारंभ करने चाहिए। उससे भी पहले ये प्रयास घरों में ही अपने बच्चों की चेतना जागृत करने के लिए माता-पिता तथा घर के अन्य वृद्धजनों के द्वारा प्रारंभ कर दिए जाने चाहिए।


**पाकिस्तान से आने वाला नशा एक और मायने में बड़ा भयंकर है, जिसे चिट्टा कहा जाता है। यह चिट्टा वास्तव में एक सिंथैटिक नशा है, जो अत्यंत हानिकारक रासायनिक पदार्थों से बनता है। इसका नशा शरीर के अंदर सारे तंत्रों को तीव्र गति से हानि पहुंचाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1970 के दशक के उत्तरार्ध से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद पहले पंजाब में, फिर जम्मू और कश्मीर में और बाद में पूरे भारत में संबंधों के लिए एक बोझ बन गया है। दूसरी ओर पाकिस्तान भारत पर बलूचिस्तान में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाता है। एक ऐसा आरोप जिसे वह किसी भी हद तक विश्वसनीयता या दृढ़ विश्वास के साथ साबित करने में विफल रहा है।**

# शत्रुता के लंबे चक्र में फंसे भारत और पाकिस्तान

**मनीष तिवारी**



**आज, भारत-पाक संबंध छिटपुट मुठभेड़ों और शत्रुता की लंबी अवधि के चक्र में फंसे हुए हैं। अंततः, एक स्थिर और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के मार्ग के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों को यह भी समझना होगा कि संस्थागत बंदिशों के बिना परमाणु ऊर्जा वाले वातावरण में तनाव बढ़ने का जोखिम अशुभ प्रतिमान है।**

जम्मू में हाल ही में हुए आतंकी हमलों ने एक बार फिर भारत-पाक संबंधों की भयावह प्रकृति पर ध्यान केंद्रित किया है, जो विभाजन और चार युद्धों अर्थात 1947, 1965, 1971 और 1999 की विनाशकारी विरासत से प्रभावित है। 1970 के दशक के उत्तरार्ध से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद पहले पंजाब में, फिर जम्मू और कश्मीर में और बाद में पूरे भारत में संबंधों के लिए एक बोझ बन गया है। दूसरी ओर पाकिस्तान भारत पर बलूचिस्तान में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाता है। एक ऐसा आरोप जिसे वह किसी भी हद तक विश्वसनीयता या दृढ़ विश्वास के साथ साबित करने में विफल रहा है।

**राजीव गांधी और बेनजीर भुट्टो (1989)**

1980 के दशक के उत्तरार्ध में भारत-पाक संबंधों में एक उल्लेखनीय लेकिन क्षणिक चरण देखा गया, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के बीच कूटनीतिक जुड़ाव देखा गया। उनके प्रयास, भले ही नेक इरादे वाले थे, लेकिन जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित गहरी अविश्वास और बढ़ती हिंसा के कारण वे दब गये। इस अवधि में कश्मीर घाटी में उग्रवाद का पुनरुत्थान देखा गया, जिसमें पाकिस्तान ने अलगाववादियों को समर्थन दिया, जिससे द्विपक्षीय वार्ता में तनाव पैदा हुआ और सियाचिन ग्लेशियर के विसैन्यीकरण और सर क्रीक मुद्दे पर बातचीत को प्रभावी रूप से रोक दिया गया, जिन्हें उस समय समाधान के दायरे में आसानी से हल किया जा सकने वाला मुद्दा माना जाता था।

**आज, भारत-पाक संबंध छिटपुट मुठभेड़ों और शत्रुता की लंबी अवधि के चक्र में फंसे हुए हैं।**

**गुजराल सिद्धांत (1998)**

1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री आइके गुजराल ने गुजराल सिद्धांत के माध्यम से दक्षिण एशिया के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण पेश किया, जिसमें क्षेत्रीय सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए गैर-पारस्परिक रियायतों की वकालत की गयी। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य पाकिस्तान के साथ भी विश्वास और सहयोग का निर्माण करना था। हालांकि, दक्षिण एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य बदल गया, जिसमें भारत और पाकिस्तान दोनों देशों ने परमाणु परीक्षण किये।

**परमाणु परीक्षण के बाद और कारगिल संघर्ष (1999)**

1998 के परमाणु परीक्षणों ने शक्ति के संतुलन को अस्थिर कर दिया, जो जल्द ही 1999 में कारगिल संघर्ष से बाधित हो गया। पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने कारगिल क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की, जिससे एक तीव्र संघर्ष हुआ। भारत द्वारा अपने क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के साथ संघर्ष समाप्त हो गया, लेकिन इसने परमाणु खतरे के तहत पारंपरिक युद्ध के निहित जोखिमों को उजागर किया। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल (2001-2002) शांति पहल और बढ़े हुए तनाव के बीच उतार-चढ़ाव से चिह्नित था। 1999 का लाहौर शिखर सम्मेलन, जिसमें वाजपेयी अपने समकक्ष नवाज शरीफ से मिलने के लिए लाहौर बस से गये थे, एक उच्च बिंदु था, जो संवाद के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। हालांकि, आशावाद अल्पकालिक था, क्योंकि कारगिल संघर्ष और 2001 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों द्वारा भारतीय संसद पर हमले ने ऑपरेशन पराक्रम की शुरुआत की, जो एक विशाल सैन्य लामबंदी थी, जिसने दोनों देशों को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया। इस अवधि ने शांति प्रयासों की नाजुक प्रकृति को उजागर किया, जो आतंकवाद के कृत्यों और अंतर्निहित अविश्वास से आसानी से बिखर जाता है।

**डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान जागी आशा की किरण**

2003 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर औपचारिक युद्धविराम समझौते के साथ आशा की एक किरण फिर से दिखायी दी। दोनों देशों ने शत्रुता में सापेक्ष कमी देखी और दोनों देशों के बीच क्रिकेट संबंधों और बस सेवाओं की बहाली सहित कई विश्वास-निर्माण उपाय किये गये। वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान शुरू हुई सक्रिय बैक चैनल वार्ता इस अवधि के दौरान भी जोश के साथ जारी रही। फिर से, 2008 में 26/11 मुंबई हमलों ने इस नाजुक शांति को हिंसक रूप से बाधित किया, जहां पाकिस्तान के आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी पर विनाशकारी हमला किया। हमलों ने न केवल एक गहरा घाव छोड़ा, बल्कि आतंकवाद के लगातार खतरे और स्थायी शांति को बढ़ावा देने में अपार चुनौतियों को भी उजागर किया।

**मनमोहन सिंह और नवाज शरीफ (2008-2014)**

मुंबई हमलों के बाद, द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण बने रहे, जिसमें विश्वास की कमी भी काफी हद तक देखी गयी। 2013 में नवाज शरीफ के चुनाव ने आशावाद का एक संक्षिप्त पुनरुत्थान पेश किया। दोनों नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों के दौरान मुलाकात की और संबंधों को बेहतर बनाने की पारस्परिक इच्छा व्यक्त की। हालांकि, बार-बार संघर्ष विराम उल्लंघन और पाकिस्तान में गहरे राज्य की प्रवृत्ति ने आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में न अपनाने की प्रवृत्ति को आगे की प्रगति में बाधा उत्पन्न की।

**नरेंद्र मोदी और वर्तमान परिदृश्य (2014-वर्तमान)**

2014 में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के आगमन ने भारत-पाक संबंधों में एक नए चरण की शुरुआत की। मोदी के दृष्टिकोण में सुरक्षा चुनौतियों के प्रति विषम प्रतिक्रिया के साथ सद्भावना के शुरूआती संकेत शामिल थे। नवाज शरीफ से मिलने के लिए 2015 में लाहौर की उनकी यात्रा एक उल्लेखनीय इशारा थी, लेकिन उसके बाद के आतंकी हमलों, जिनमें 2016 में पठानकोट एयरबेस और उरी सैन्य शिविर पर हुए हमले शामिल हैं, ने भारत के रुख को काफी हद तक सख्त कर दिया। फरवरी 2019 में, जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में एक आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 40 भारतीय अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए, जिस कारण पाकिस्तान के बालाकोट में एक आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर भारतीय हवाई हमले हुए।

**निष्कर्ष :** आज, भारत-पाक संबंध छिटपुट मुठभेड़ों और शत्रुता की लंबी अवधि के चक्र में फंसे हुए हैं। अंततः, एक स्थिर और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के मार्ग के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों को यह भी समझना होगा कि संस्थागत बंदिशों के बिना परमाणु ऊर्जा वाले वातावरण में तनाव बढ़ने का जोखिम अशुभ प्रतिमान है।

**(लेखक : वकील, सांसद एवं पूर्व मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सर्वदलीय बैठक में घाटशिला को जिला बनाने पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** प्रखंड परिसर स्थित धरमबहल पंचायत भवन में रविवार को अभियान फॉर ए बैटर टुमोरो ने घाटशिला के जिला बनाने के मुद्दे पर एक सर्वदलीय और सर्वपक्षीय बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश सारंगी ने की। विशिष्ट आमंत्रित के रूप में पद्मश्री डा. जानुम सिंह सोय शामिल हुए। घाटशिला के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक, संस्कृत और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के अन्य सक्रिय लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया। विषय प्रवेश करते हुए प्रोफेसर मित्रेश्वर ने कहा कि पिछले 25 30 वर्षों से घाटशिला को जिला बनाने की चर्चा हो रही है किंतु कोई मजबूत और सार्थक प्रयास आज तक नहीं हुआ। इसीलिए अभियान पर बेटर टुमारो ने घाटशिला के सभी पक्षों को एक मंच पर लाकर घाटशिला को जिला बनाने की आवाज बुलंद करने का प्रयास किया है। बहस के तमाम मुद्दों को अभियान के कोषाध्यक्ष और घाटशिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश शर्मा ने बैठक में प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्यतः चार मुद्दों पर चर्चा की गयी।

1.क्या जरूरत है घाटशिला को जिला बनाने की।

2. दूसरा झारखंड प्रांत के गठन के बाद कई नए जिले बने लेकिन बार-बार घाटशिला का दवा क्यों अनदेखा रहा।

3. जिला निर्माण की राह में कौन-कौन सी वाधाए हैं और उसे कैसे दूर किया जाए।

4. एक निर्णायक कदम उठाने की दिशा में हमारी क्या भूमिका हो ।

अभियान के संयोजक इंदल पासवान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बैठक में उपस्थित सभी लोगों से सभी मुद्दों पर उनके विचार लिए और डॉक्टर नरेश कुमार ने व्यक्त किए गए विचारों को विस्तृत रिपोर्ट के रूप में तैयार किया । अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर दिनेश सारंगी ने अभियान की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मैं जब मंत्री था तब भी एक जोरदार प्रयास किया था किंतु वह सफल नहीं हो पाया। किंतु अभियान के इस प्रयास के बाद यदि लगातार इस मुद्दे को लेकर हम कोशिश करेंगे तो निश्चित रूप से घाटशिला को जिला बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसीलिए सभी मिलकर यदि जोरदार प्रयास करें तो घाटशिला को जिला जल्द ही बनाया जा सकता है। बैठक के अंत में निम्नलिखित प्रस्ताव लिए गये।

1. प्रस्तावित घाटशिला जिला में दो अनुमंडल होंगें घाटशिला सदर और बहरागोड़ा।

2 प्रस्तावित घाटशिला जिला में पांच और प्रखंड बनाए जाएंगे गालूडीह,श्यामसुंदरपुर, बरसोल, जादूगोड़ा और कवाली।

3 डॉ दिनेश सारंगी के अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई जो इस मुद्दे को सरकार के समक्ष रखेगी। समिति में प्रोफेसर मित्रेश्वर, घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, रामदास हंसदा, लखन मादी, सुनीता देवदूत सोरेन, राकेश शर्मा, दशरथ महतो, आनंद अग्रवाल को रखा गया। घाटशिला को जिला बनाने को लेकर ड्राफ्ट तैयार करने की जिम्मेदारी डॉक्टर नरेश कुमार को दी गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रश्मिता घोष ने की। बैठक में मुख्य रूप सुरेश सिंह चौहान, डा दिलचंद राम, असित सिंह सरदार, वीरेन घोष, मो0 साजिद अहमद, गौरव क्रांतिगुरु, इवनिंग क्लब के अध्यक्ष, ब्रज किशोर दास, साधना पाल, मस्जित कमिटी के प्रतिनिधि, सुबोध कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## सावधान रहें, यह सरायकेला खरसावां जिला है, दुर्घटना कभी भी घट सकती है



**कांड्रा (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले में सड़क दुर्घटनाओं का दौड़ जारी है। बीते एक सप्ताह के सड़क दुर्घटना में लगभग पांच लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा मामला रविवार शाम की ही। कांड्रा थाना अंतर्गत बीएसएनल एक्सचेंज से लगभग 50 फीट की दूरी पर चौक से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस शव की पहचना के लिए जांच में जुटी गई है।**

## मंत्री ने 1740 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र बांटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के कदमा स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध, विधवा व दिव्यांगजनों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरित किया। मौके पर मंत्री ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं को क्षेत्र में घूम घूम कर जो इसके हकदार है ऐसे लोगों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा जो कहीं आने जाने अक्षम है उनके घर जाकर पेंशन योजना से लाभांवित करें। रविवार को मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा कुल 1740 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ वच्छता बाल्टी का वितरण किया गया। मौके पर मनोज झा, संजय तिवारी, बबुआ झा, प्रभात ठाकुर, जयप्रकाश साहू, राकेश अग्रवाल, डंपी अग्रवाल, इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह, तुला दा, धनु महतो, माजिद अख्तर, सुकुमारी, दिनेश पोद्दार, संजीव झा,बिशु दा, संतोष, पंकज झा, छोटू, राजू दास, संजीव मिश्रा सहित सैकड़ो लाभुक उपस्थित रहे।

## आसंगी घाट में नहाने के दौरान दो युवक लापता




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आरआइटी थाना अंतर्गत आसंगी घाट में दोस्तों संग नदी में नहाने के दौरान दो युवक डूबने के मामला प्रकास में आया है। रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही आरआईटी पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से दोनों युवक को ढूंढने का प्रयास की जारही है। मिली जानकारी के अनुसार आरआइटी थाना क्षेत्र के इच्छा पुर का रहने वाला आदित्य और गोलू अपने दोस्तो के साथ आसंगी नदी घाट में स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान दो युवक डूब गये। वहीं मौके पर मौजुत स्थानीय मछुआरों के द्वारा बचाने की कोशिश भी की गयी। वही सूचना मिलते ही झामुमो नेता परमेश्वर प्रधान,निवर्तमान पार्षद धीरेन माहतो,आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सहित अन्य समाजसेवीगण घटनास्थल पहुचे। खबर दिखे जाने तक दोनों युवक का कोई जानकारी नहीं मिली। फिलहाल पुलिस गोताखोरों की मदद से ढूंढने का प्रयास में जुटी हुई है।

# बाबा बैद्यनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करें : काले

**बैद्यनाथ धाम जलाभिषेक के लिए नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था रवाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सावन माह के अत्यंत पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रविवार को 'नवयुवक कांवरिया संघ भुइंयाडीह, जमशेदपुर' का बड़ा जत्था काली मंदिर, पारडीह से बाबा बैद्यनाथ के जलाअभिषेक के लिए रवाना हुआ। यात्रा को जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंहत विद्यानंद सरस्वती ने व भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने संयुक्त रूप से रवाना किया। इस यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए महंत विद्यानंद सरस्वती ने कहा बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है और बाबा का आशीर्वाद हमेशा शिव भक्तों के साथ रहता है। भगवान भोलेनाथ समस्त विश्व का कल्याण करें, सभी कांवड़ियों को अपनी शुभकामनाओं के साथ उनके मंगलमय यात्रा की कामना करता हूँ। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आस्था और हठयोग के साथ बाबा बैद्यनाथ की नगरी नवयुवक कांवरिया संघ का जत्था प्रस्थान कर चुका हैं। इस दौरान कंधे पर कांवर लेकर बोलबम के नारों के साथ कांवरियों नंगे पांव लंबी पैदल यात्रा के दौरान शिवभक्तों के पैरों में छाले पड़ जाते हैं लेकिन आस्था के आगे हर कष्ट छोटा नजर आता है। बाबा बैद्यनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करे। इस जत्थे में जूगुन, आशुतोष, विभाष मजूमदार, मनीष, कौशिक, विक्रम, संजय, रवि, अजय प्रसाद, विकाश मजूमदार, पिंटु , अमित, सागर, शिव, अभिषेक, सूरज, बॉबी सिंह, अभिषेक, मनोज, पितुष रॉय, मंगलू खेमराज, जयराज, हाऊ, विक्रम, कल्लू, संदीप कालिंदी, प्रदीप कालिंदी, साधन, नक्कू और अन्य मौजूद थे। रवानगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश पांडे, अभय कुमार सिंह, संतोष यादव, मनीष चौबे, दिलीप राय, अमित पाठक, विक्की तारवे, मोहन दास और अन्य लोग उपस्थित थे।

## फोटोग्राफर सोसाइटी आफ झारखंड की बैठक में ग्राहकों के लिए कम दर पर गुणवत्ता वाली फोटोग्राफी पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फोटोग्राफर सोसायटी आफ झारखंड के द्वारा काशीडीह में एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक के दौरान फोटोग्राफर समिति के सदस्य गण शामिल रहे। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए मिनिमम दर पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही किस प्रकार से फोटोग्राफरों को व्यवसाय से लाभ मिले। ग्राहकों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले फोटोग्राफी व वीडियो उपलब्ध कराया जा सके इस विषय पर सभी सदस्य ने अपने अपने विचार रखे। मौके पर सोसाइटी से जुड़े 80 फोटोग्राफरों को बीच 202526 के लिए आइडी कार्ड का वितरण किया गया। बैठक में अध्यक्ष सुमंत कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, महासचिव नितेश कुमार, कोषाध्यक्ष तपन घोष, सह सचिव इंद्रनील विश्वास, सलाहकार मनोज कुमार, जयंतीलाल, विजय सिंह, समीर ओझा, मुकेश कुमार, देवेंद्र बेरूवा, सुनील प्रसाद, दिनेश कुमार सिंह, राजेश प्रसाद, विश्वजीत विश्वास सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डंडई के 71 सरकारी स्कूलों में तड़ित चालक नहीं, खतरे में बच्चों की जान

स्कूलों में तड़ित चालक नहीं रहने के कारण प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 15000 नौनिहालों के परिजन है चिंतित

जितेंद्र यादव



**डंडई।** बारिश के मौसम में वज्रपात से बच्चों की रक्षा के लिए स्कूलों में तड़ित चालक नहीं है। स्कूलों में तड़ित चालक नहीं रहने के कारण प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 15000 नौनिहालों के परिजन चिंतित हैं। 12 वर्ष पहले प्रखंड के कुछ स्कूलों में तड़ित चालक लगाये गये थे, लेकिन सभी चोरी हो गये या खराब हो गये। प्रखंड में फिलहाल 71 स्कूल संचालित हो रहे हैं लेकिन एक भी स्कूल में तड़ित चालक नहीं है। ऐसे में बरसात में बच्चों कि सुरक्षा भगवान भरोसे है। जानकारी के अनुसार प्रति स्कूल लगभग 32 हजार रुपये की लागत से वर्ष 2008 से 2010 के बीच तड़ित चालक लगाया गया था। बाद में वर्ष 2011 और 2012 में स्कूल भवन निर्माण के प्राक्कलन में ही इसकी राशि जोड़ दी गयी थी। उस समय मात्र 20 स्कूलों में तड़ित चालक लगवाने का कार्य किया गया था। इधर लगभग 20 विद्यालयों में लगाये गये तड़ित चालक या तो चोरी हो गये या खराब हो गये। इधर अभिभावकों का कहना है कि 12 वर्ष बाद किसी स्कूल में तड़ित चालक नहीं बचा है, तो विभाग इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है।

विभाग दोबारा तड़ित चालक लगवाने की पहल क्यों नहीं कर रहा है। इधर 12 वर्ष बाद कई सरकारी स्कूल अपग्रेड हो गये और विद्यालय का भवन जहां 1 मंजिला था दो मंजिला हो गया।

## कहां पर गिरती है अक्सर आसमानी बिजली

गौरतलब है की आसमानी बिजली अक्सर ऊंची इमारतों पर ही गिरती है, लेकिन विभाग का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं जा रहा है। प्रखंड कि भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां अक्सर वज्रपात की घटनाएं होती रहती है। ऐसे में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं और कार्यरत शिक्षकों की जान भगवान भरोसे है। मालूम हो की तड़ित चालक रहने से वज्रपात की सारी शक्ति उसमें समा जाती है और वज्र जमीन के अंदर चला जाता है। बताया जाता है कि जहां यह तड़ित चालक लगा होता है, वहां वज्रपात की संभावना भी कम हो जाती है।

## तड़ित चालक लगाने को लेकर उपायुक्त से करेंगे मांग : जिप सदस्य मोहन पासवान

मामले में जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान ने कहा कि जिला परिषद सदस्य की बैठक में गढ़वा उपायुक्त से डंडई प्रखंड के सभी विद्यालय में तड़िप चालक यंत्र लगाने की मांग करेंगे, ताकी विद्यालय के बच्चे सुरक्षित रह सके।

## पहले कुछ स्कूलों में तड़ित चालक लगवाया गया था: जेई राकेश रोशन

इस संबंध में शिक्षा विभाग के जेई राकेश रोशन ने बताया कि मेरे आने से बहुत पहले कुछ स्कूलों में तड़ित चालक लगवाया गया था। फिलहाल कितने स्कूलों में तड़ित चालक बचा है, ऑफिस में रिपोर्ट देखने के बाद ही बता पाऊंगा।

## पॉक्सो एक्ट का प्राथमिकी अभियुक्त गया जेल

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना कांड संख्या 118/24 दिनांक-26/07/24 के तहत धारा - 64 (1) बी एन एस एण्ड 04 पॉक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त संतोष उरांव, पिता - बिनोद उरांव को पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार के द्वारा गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षण के साथ न्यायालय में उपस्थापन पश्चात मंडल कारा गढ़वा (जेल) भेज दिया गया है। अभियुक्त पर नवलीग के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप है।

## पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया नीलम देवी के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गयी। इस शिविर में पंचायत क्षेत्र के 200 मरीजों का निशुल्क इलाज और मुफ्त दवा वितरण किया गया। इस शिविर में लाइफ केयर हॉस्पिटल विशुनपुरा मोड़ वंशीधर नगर के डॉ सरफराज अंसारी और रूबीना के द्वारा इलाज किया गया।

## पलायन की भेंट चढ़ा युवा जग्गू महतो



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के पूवार्रा टोला गांव में रविवार की प्रातः एक युवा चालक का शव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा मुहल्ला गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार मेराल पूर्वी पंचायत निवासी जग्गू महतो 35 वर्ष पिता गौरी महतो रोजी रोटी के जुगाड़ में आंध्र प्रदेश के करनाल में गया था। जहां 25 जुलाई दिन को दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी। उसके साथ कमाने गये अन्य मजदूर के अनुसार जग्गू महतो आंध्र प्रदेश के पिन्नापुरम कलाबोगा में एएमआर कंस्ट्रक्शन कंपनी में रोलर चल रहा था। रोलर खराब होने पर वह मिस्त्री को बुलाकर काम करवा रहा था, इस दरमियान वह ड्राइविंग सीट पर बैठा था और गाड़ी असंतुलन होने की वजह से वह गाड़ी से नीचे गिर गया, उसी वक्त उसके ऊपर पोकलेन चढ़ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। शव पहुंचने की सूचना मिलते ही मुखिया रामसागर महतो सहित गांव के बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। लोगों में यह चर्चा थी कि घर का अकेला कमाऊ सदस्य का इस तरह दुनिया से चले जाने पर उसके दो मासूम बच्चों तथा पत्नी के साथ बूढ़े मां-बाप की परवरिश अब कैसे होगा। जग्गू का अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया।
फोटो-कार्यक्रम में उपस्थित माले कार्यकर्ता

## शहीद कॉमरेड चारू मजूमदार की 52वीं जयंती गोसाइबाग के मैदान में मनायी गयी



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भाकपा (माले) के अनुमंडल कमिटी के तत्वाधान में रविवार को पार्टी के संस्थापक शहीद कॉमरेड चारु मजूमदार की 52वीं जयंती तथा पार्टी के पुनर्गठन की 50वीं वर्षगांठ गोसाईबाग के मैदान में मनाया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने रेलवे ग्राउंड से जुलूस के रूप में मुख्य पथ से होते हुये गोसाईबाग मैदान पहुंचे। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता शहीद कामरेड चारु मजूमदार को लाल सलाम-लाल सलाम, सांप्रदायिक फासीवाद मुर्दाबाद, भाकपा माले जिंदाबाद आदि नारा लगा रहे थे। जुलूस गोसाई बाग के मैदान में पहुंचकर शहीद सभा में तब्दील हो ग्यी। शहीद कामरेड चारु मजूमदार के याद में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा नारे लगाये गये। शहीद कामरेड मजूमदार के चित्र पर जिला कमेटी के कामेश्वर विश्वकर्मा, किसान महासभा जिला अध्यक्ष लालमुनी गुप्ता, दिलीप गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, कामेश्वर सिंह, राजेंद्र राम सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

# ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा कांडी प्रखंड के खुटहेरिया अधोरा पहुंची, लोगों ने किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के तत्वाधान में केंद्रीय कार्यालय रांची से 10 जुलाई से प्रारंभ ओबीसी एकता अधिकार मंच सह न्याय रथ यात्रा गढ़वा जिला के कांडी, मंझिआवं प्रखंड के आज खुटहेरिया, अधौरा, सोनपुरवा, लमारी, घटहुवा गांव पहुंचा जहां ओ.बी.सी. समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया तथा पंचायत कमेटी का गठन भी किया गया। साथ ही केंद्रीय सचिव आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि यह न्याय रथ यात्रा के माध्यम से हमें संकल्प लेना होगा कि हम ओबीसी समाज एकता के माध्यम से ही अपना अधिकार पा सकते हैं। हमें भिन्न-भिन्न जातियों में बाटकर हमारा संवैधानिक अधिकार का दोहन किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस आंदोलन के माध्यम से हम हक अधिकार लेकर रहेंगे। चाहे इसके लिए हमे कुर्बानी भी देना पड़े, तो हम लोग तैयार हैं।

मौके पर अमर प्रसाद केंद्रीय सदस्य ने कहा कि हमें जाति आधारित जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सामाजिक आर्थिक राजनैतिक और सरकारी नौकरियां, शिक्षा संस्थानों सहित पंचायत और निकाय चुनाव में सरकार आरक्षण की व्यवस्था लागू करें, साथ ही विधानसभा चुनाव से पूर्व हमारी मांगे पूरी करें, नहीं तो हम 55% लोगन जिसे चाहेंगे कुर्सी से उतार देंगे, जिसे चाहेंगे उसे कुर्सी पर बैठा देंगे। मौके पर पिंटू यादव, संजय गुप्ता, चंदन चंद्रवंशी धर्मेंद्र चंद्रवंशी आकाश गुप्ता, भोला चंद्रवंशी, शंभू गुप्ता, राम नरेश गुप्ता, अजय गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, सुनील गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, सूर्यदेव साहू, इस्माइल अंसारी, रमेश प्रसाद, गुड्डू चंद्रवंशी रंजन गुप्ता, अनूप चंद्रवंशी, अफरोज अंसारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

# पेंशनर समाज की बैठक में आठवां वेतन आयोग का गठन नहीं करने पर क्षोभ व्यक्त किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक का आयोजन संगठन के सचिव असर्फी राम की अध्यक्षता में की गयी। बैठक को निम्न पेंशनरों के द्वारा संबोधित किया गया, जिसमें ब्रजनंदन प्रसाद ने पर्यावरण की रक्षा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने-अपने घर पर सभी परिवार के नाम पर एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं। बिना पेड़ के हम सभी जीवित नहीं रह सकते।

सरवन कुमार ने कहा कि वनों की अवैध कटाई से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। जंगलों में वन पट्टा के कारण काफी पेड़ों की कटाई हो रही है जिससे वन की अस्तित्व ही खतरे में है। जिसके कारण वन्यप्राणी गांवों की ओर पलायन कर लोगो को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए, जानवरों का आसियाना ध्वस्त होगा तो जंगली जानवर कहां जायेंगे।

असर्फी राम सचिव ने केंद्रीय बजट पर चर्चा की गयी। आयकर में छूट नहीं देना, आठवां वेतन आयोग का गठन नहीं करना,तथा पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं होने के कारण केंद्र सरकार के प्रति छोभ प्रगट करते हुए सर्वसम्मति से निंदा की गयी।

संतोष कुमार कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए कोष की मजबूती पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, तथा सदस्यता अभियान चलने पर जोर दिया गया। सचिव द्वारा 15 अगस्त को झंडोत्तोलन के लिए प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुराने ट्रेजरी के सामने झंडोत्तोलन के लिए गोलंबर बना हुआ है, उसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर ली जाये। अनुमति नहीं मिलने की इस्थिति में पुराने स्थान अध्यक्ष महोदय के आवास पर ही पूर्व की भाती झंडोत्तोलन की जाये। सर्वसम्मति से झंडोत्तोलन का समय 11:10 बजे पूर्वा में निर्धारित की गयी। अंत में संघ के संरक्षक हीरा राम तूफानी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मैंन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, तथा उनके समाज और संघ में योगदान का उल्लेख किया गया। **बैठक में निम्न पेंशनर उपस्थित थे :** रामधार यादव, सुदामा राम, कृष्ण कुमार प्रसाद, सुनेश्वर राम, एलिजन शेख, इंदु भूषण मिस्त्र, मुंद्रिका पासवान, सरयू प्रसाद गुप्ता, उमेश पाल इत्यादि उपस्थित थे।

## लड़की की सारी जिम्मेवारी मेरी : अनुपम



केतार (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के संस्थापक सह अध्यक्ष अनुपम राज सिंह अपने पूरे टीम के साथ केतार प्रखंड अंतर्गत परती कुशवानी के मृतक देवेंद्र चेरो के घर पहुंचे। मृतक देवेंद्र चेरो की पिछले दिनों मृत्यु कर्नाटक में हो गया था। जिसकी गर्भवती पत्नी को अपने पति का अंतिम दर्शन भी नसीब नही हुआ। मृतक के डेढ़ वर्ष की पुत्री है। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अनुपम राज सिंह अपने टीम के साथ मृतक के घर पहुंचकर सांत्वना देते हुए ढ़ाढ़स बढ़ाया। उन्होंने मृतक के पत्नी और परिजनों से डेढ़ वर्ष की लड़की को गोद लेने की वादा किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था मृतक देवेंद्र सिंह की पुत्री का पालन- पोषण, पठन-पाठन से लेकर शादी तक का खर्च सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप वहन करेगी। मृतक कर्नाटक में मजदूरी करने गया था। कुछ दिन पहले संदिग्ध स्थिति में मृत्यु हो गया था। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा की हमारी संस्था किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिक व्यक्ति का ना तो समर्थन करता है और ना ही विरोध करती है। मौके पर वार्ड पार्षद मनोहर उरांव, संस्था के संस्थापक सदस्य सुर्य प्रकाश सिंह, प्रथम चौबे, अभिजीत सिंह, राजू रंजन चंद्रवंशी, शक्ति सिंह, विकास चंद्रवंशी, बंटी, संतोष कुमार निखिल तिवारी सहित पिड़ित परिवार और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गिरिनाथ सिंह ने महिला कमिटी का गठन किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को ग्राम पंचायत भिखही मे परिवर्तन यात्रा के तहत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह 'भ्रष्टाचार का होगा अंत चलो चले गिरिनाथ के संग' के नेतृत्व में भिखही पंचायत में बंदेश चौधरी के मकान में महिला कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मालती कुमारी को अध्यक्ष, सचिव नीता कुमारी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा देवी और तेतरी देवी, मीडिया प्रभारी आकृति कुमारी, संगठन मंत्री ललिता देवी को बनाया गया और सैकड़ों महिलाएं गिरिनाथ सिंह के विचारों से सहमत होकर साथ देने का संकल्प लिया। इस बैठक में उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष शिवनारायण चौधरी युवा प्रखंड अध्यक्ष नरेश राम कोषाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी युवा पंचायत अध्यक्ष मुनेश चौधरी अखिलेश चौधरी, यमुना चौधरी कमला देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर : रघुराज पांडेय



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता के नुमाइंदों द्वारा मुद्दों पर बात नहीं की जा रही है। जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा, हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है, पदाधिकारी पैसे लेकर गलत तरीके से जमीन का म्यूटेशन कर रहे हैं, जिसके कारण जमीन संबंधी विवाद काफी बढ़ गया है। बालू की कालाबाजारी चरम पर है। प्रदेश सरकार पूरी तरह से इनपर लगाम लगाने में विफल है। नगर पंचायत चुनाव नहीं होने से विकास कार्य बाधित है। उन्होंने कहा कि पार्टी तो तैयारी करती ही है, इसे लेकर क्षेत्र के सभी प्रखंडों में जनसंपर्क किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, धुरकी मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल, मथुरा पासवान उपस्थित थे।

## 21 सौ पौधों का किया गया वितरण



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष व मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरवारा टोला के प्रांगण में 21 सौ पौधों का वितरण पर्यावरण संरक्षण का संकल्प के साथ किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रामसागर महतो, अतिथि के रूप में उपस्थित संजय भगत, रूपू महतो, डॉ लालमोहन, भोला राम, महेंद्र प्रसाद, रोहित कुमार, युवा नेता अभिषेक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से पंचायत वासियों को पौधा देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की भारी कमी को देखते हुए उनके मन में अधिक से अधिक पौधा लगाने और आम लोगों से लगवाने का संकल्प लिया है। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए विगत वर्ष भी इसी तरह कैंप लगाकर करीब 2000 पौधा का वितरण किया गया था, साथ ही स्थानीय युवाओं के सहयोग से हड़ही पहाड़ पर दो सौ पौधा लगाये गये थे, जिसका उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनिल कुमार, विनय कुमार, विनोद चौधरी, कृष्ण, ब्रजेश, पंकज, कमलेश, अरविंद, रामकुमार सहित लोग शामिल थे।

# डीएवी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता कराना एक बड़ा कदम : दिनेश सिंह

डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल खो-खो एरोबिक्स और चेस की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार चौबे ने बताया कि विद्यालय में डीएवी क्लस्टर लेबल के सभी विजेता दल/खिलाड़ी स्टेट लेबल खेलने जायेंगे तथा स्टेट लेबल के विजेता नेशनल लेबल खेलने जायेंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के मैनेजर नानक चंद, चेयरमैन गिरिनाथ सिंह और डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन 'आई' के असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डॉक्टर गुलाम नबी खान के कुशल मार्गदर्शन में डीएवी गढ़वा डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेबल खेल प्रतियोगिताओं को सकुशल संपन्न कराने में सफल रहा।

उन्होंने कहा कि छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न डीएवी विद्यालयों के सभी टीम मैनेजर, कोच, सभी खेलों के ऑफिसियल्स और विगत तीन दिनों से व्यवस्था में लगे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को सफल आयोजन हेतु बधाई देते हुए विजेताओं को स्टेट लेबल खेलने के लिए शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि बाबु दिनेश सिंह विश्विद्यालय के चांसलर दिनेश सिंह, डीएवी गढ़वा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे और बीएंटी सन्त मैरी स्कूल के प्राचार्य अमित तिवारी ने सभी विजेता दलों/खिलाड़ियों को मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति दिनेश सिंह ने कहा कि देशभर में फैले 1000 से अधिक डीएवी विद्यालयों के बच्चों के बीच इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता कराना देश मे खेलकूद को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है।

उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारे गढ़वा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को देश स्तर पर निखारने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हर खेल में दो पक्ष जरूर होते हैं। एक पक्ष जीतता है तो दूसरा हार जाता है। हार-जीत दोनों खेल का एक हिस्सा है। इन दोनों का समान अस्तित्व रहता है। खेल में वैर भाव नहीं रखना चाहिए। जो एक बार हारता है वो अगली बार जीतता है। हमें किसी को हराने के बजाय खुद जीतने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका ममता तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक सह सीसीए और मीडिया प्रभारी शंभु कुमार तिवारी ने किया। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और कप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# भ्रष्टाचार पर नुक्कड़ सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में ब्याप्त भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर एआईएमआईएम का शनिवार को रंका बाजार परिषर में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए गढ़वा विधानसभा के प्रत्याशी डॉ० एमएनखान ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर ब्याप्त है। अबुआ आवास, सिंचाई कूप वगैरह योजनाओं में बिना पैसा दिए कार्य नहीं हो रहा है। वहीं झारखंड में बेरोजगारी इस कदर बढ़ गयी है कि यहां के युवाओं को रोजगार के तलाश में अन्य राज्यों पलायन को मजबूर हैं। राज्य सरकार ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कह सत्ता हथियाने में सफल रही किंतु आज तक बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। उन्होंने गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर हमला करते हुए कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर जिस विभाग के मंत्री हैं, उस विभाग में काम नगण्य है। क्षेत्र पेयजल के अलावा सिंचाई का भी साधन नहीं है। जिससे लोग पानी पीने से भी वंचित है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश ठाकुर ने रंका को कुछ भी नहीं दिया। इसलिए यहां की जनता को झारखंड सरकार और मंत्री मिथिलेश ठाकुर को उखाड़ फेंकने और एआईएमआईएम की सरकार और विधायक बनाने में ही भलाई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, युवा जिलाध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष ईब्रान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष खुशदील अंसारी, प्रखंड महासचिव मोबिन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## किसान जनाधिकार मंच की बैठक आयोजित



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातु प्रखंड के पूर्वी प्रखंड समिति किसान जनाधिकार मंच की बैठक पंचायत भवन बारेंदा में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद साहू और मंगलदीप स्वांसी उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा, किसान जनाधिकार मंच कोई राजनीतिक दल नहीं, यह एक सामाजिक संगठन है। आज प्रखंड मुख्यालयों में बिना लेनदेन किसी का काम नहीं होता है। आप तमाम कार्यकर्ताओं को इस संगठन को बढ़ाने के लिए प्रत्येक गांव में ग्राम समिति बनाये। गांव के ज्वलंत जनसमस्याओं की जानकारी लें, ताकि जन समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की जा सके। आज की बैठक में लाल सिंह मुंडा, मुकुंद प्रमाणिक, सनोत सिंह, देव सत्यनारायण मुंडा, रामनारायण राय, चैता स्वांसी, प्रेम महतो, गुणोधर समेत प्रखंड समिति के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राम नारायण राय ने किया तथा संचालन हरेंद्र लोहरा ने किया।

## ईचागढ़ के लावा में सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चिपड़ी पंचायत अंतर्गत लावा गांव में रविवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ में विरोधी लोगों को जनता ने पहचान लिया है, अब उन्हें ईचागढ़ की राजनीति से बेदखल करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हमें मानसिक गुलामी से बाहर निकलकर स्वयं अपना भाग्यविधाता बनना होगा। हरेलाल महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। जनता के भावनाओं के विपरीत सरकार ने काम किया है, अब जनता अपने अपमान का बदला लेने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी के विचारधारा को समर्थन दिया और पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। माधवी मुंडा, पुष्कर सिंह मुंडा, नंद लाल मुंडा, घासी राम सिंह मुंडा, बासु देव दास, समीर दास, उमेश दास, कार्तिक सिंह मुंडा, नवकिशोर सिंह मुंडा, संतोष प्रमाणिक समेत सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मिलन समारोह में मुख्य रूप से गोपेश तुलसी महतो, योगेंद्र नाथ महतो, दामोदर सिंह मुंडा, गंगा मनी, सुबद्रा देवी, बिजय दास आदि मौजूद थे।

## जिनतूडीह गांव की सुकुर देवी को वृद्धापेंशन के लिए खानी पड़ रही दर-दर की ठोकरें



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के जिनतुडीह गांव के सुकुर देवी पति बुधु स्वासी को वृद्धा पेंशन के लिए दर-दर ठोकर खाना पड़ रहा है। वह कयी बार आवेदन भी दी, लेकिन उसे अब तक पेंशन नहीं मिल रहा है। गांव में झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार में भी आवेदन दी, लेकिन ये कोरा साबित हुआ। यह महिला एससी में आती है।

## भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड के मिनी बाबा धाम के रूप में प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम में भोलनाथ का जलाभिषेक और पूजा- अर्चना करने के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह साढ़े तीन बजे जैसे ही मुख्य मंदिर सहित अन्य मंदिरों के पट खुले पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिर परिसर में आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगने लगी थी। ज्ञात हो कि एक महीने तक लगने वाले श्रावणी में झारखंड ही नहीं, बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के व्यवसायी भी यहा दुकान लगाने के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराने में प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार, संतोष पोद्दार, श्रीपाल चंद जैन, सत्यजीत कुंडू, अरूण कर प्रेमचंद महतो, महेंद्र भगत, सुखदेव भगत, जगदीश मिश्रा, उपेंद्र कश्यप सहित कन्य सदस्यों ने योगदान दिया।

# आजसू पार्टी का जेल भरो आंदोलन





**डीएसपी ने कहा कि हम आप सबको बगैर जुर्म के गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं**

**बुंडू में राशन की कालाबाजारी को लेकर आजसू पार्टी विगत कई महीनों से आंदोलनरत है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू में आजसू पार्टी का जेल भरो आंदोलन में सैकड़ों लोग थाना पहुंचे। बुंडू में राशन की कालाबाजारी को लेकर आजसू पार्टी विगत कई महीनों से आंदोलनरत है। गत 21 जुलाई को राज किशोर कुशवाहा ने बुंडू बीएसओ रविंद्र बड़ाईक को चावल की कालाबाजारी करते हुए रंगे हाथ पकड़ने की बात को लेकर बीएसओ द्वारा एफआईआर बुंडू थाना में दर्ज कराया गया था। इसी बात को लेकर आजसू पार्टी की ओर से आज जेल भरो आंदोलन का कार्यक्रम रखा गया था। आजसू पार्टी राधा रानी मंदिर प्रांगण से जुलूस की शक्ल में निकलकर बुंडू थाना में गिरफ्तारी देने पहुंचे, जहां पर डीएसपी रतीभान सिंह, सीओ पवन कुमार और थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण उपस्थित थे। डीएसपी ने कहा कि हम आप सबको बगैर जुर्म के गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं। गत 21 जुलाई को बुंडू बीएसओ के विरुद्ध राजकिशोर कुशवाहा ने बुंडू थाना में लिखित शिकायत दर्ज किया था, जिसकी जांच पड़ताल हो रही है। डीएसपी ने कहा कि जो दोषी होंगे, उस पर कार्रवाई होगी। उक्त कार्यक्रम में गुंजल ईकीर, मुंडा राम, दुर्लभ सिंह मुंडा, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, ताराचंद सिंह मुंडा, सिंगराय टूटी, भयभंजन महतो, आकाश बीट, आकाश महतो, मोहम्मद सेराज, योगेश्वर महतो, सनातन महतो, हेमंत सिंह, विश्वजीत डे, अभिषेक गोराई, नंदे महतो, भीम महतो, सुनील कुम्हार, श्याम मुंडा, संतोष अजीत उरांव के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, हुए पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा द्वारा रविवार को राजस्थान भवन खूंटी में इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 20 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जूनियर सेक्शन में 40 और सीनियर सेक्शन में 30 बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक के रूप में सुब्रा दास, जीसी घोष और आशीष महतो मौजूद थे। उन्होंने बच्चों को पेंटिंग की बारीकियां समझाई और बेहतर पेंटिंग बनाने के लिए प्रेरित किया। जूनियर सेक्शन में प्रथम पुरस्कार निरुपमा कुजूर (उसुर्लाइन कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, द्वितीय पुरस्कार




अमन राज (डीएवी पब्लिक स्कूल), तृतीय पुरस्कार पूजा कुमारी (कैथरीन एकेडमी को मिला। सीनियर सेक्शन में प्रथम पुरस्कार सौम्या पीहू (डीएवी पब्लिक स्कूल), द्वितीय पुरस्कार प्रणब प्रसाद सिंह स्प्रिंगडेल्स पब्लिक स्कूल, तृतीय पुरस्कार पूर्वी सिंह (एसडीए स्कूल) को मिला। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और पुरस्कार दिया गया। मंच के पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मंच के अध्यक्ष अखिल सरावगी ने कहा कि मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता है। कार्यक्रम की संयोजिका रिंकू जैन और प्रियंका जैन ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को तराशने और उन्हें बेहतर कलाकार बनने के लिए मंच प्रोत्साहित करता है। सचिव मुकुल पीपुरिया ने बताया अभी डेंगू का प्रकोप चरम पर है जिसमें मरीजों में प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है। मंच लगातार जरूरतमंदों को प्लेटलेट्स एवं रक्त उपलब्ध करा रह है। जुलाई माह में मंच ने 11 यूनिट्स ब्लड एवं प्लेटलेट्स जरूरतमंद को उपलब्ध कराया है। मंच संचालन प्रियंका जैन ने किया। पेंटिंग प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, पूर्व अध्यक्ष अंकित जैन, अध्यक्ष अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अनुराग प्रतीक, गौरव जैन, प्रवीण जैन, राजेश मिश्रा, संदीप पीपुरिया, रोहित जैन आदि का सहयोग रहा।

## पिपरवार के बिशुझापा कॉलोनी से बोलेरो वाहन की हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बोलेरो वाहन की चोरी कर ली। वहीं दूसरे बोलेरो वाहन की भी चोरी का असफल प्रयास किया गया, लेकिन वाहन स्टार्ट नहीं होने के बाद चोरों ने कई कीमती सामानों की चोरी कर ली। हालांकि चोरी की यह वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बचरा बिशुझापा कॉलोनी निवासी कोयला कारोबारी बिनोद प्रजापति ने अपने बोलेरो वाहन जेएच 02ऐवाई-4825 को रोज की तरह बीती रात भी अपने घर के बाहर खड़ा किया था। रविवार की सुबह उक्त बोलेरो वाहन वहां पर नहीं थी, जिसके



बाद आस पास के इलाकों में काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया, जिसमें अज्ञात चोरों के द्वारा बोलेरो की चोरी करते हुए देखा गया। बताया गया कि सभी चोर एक बिना नंबर प्लेट के सफेद रंग की टाटा पंच वाहन से वहां पहुंचे और बोलेरो की चोरी कर ली। इसी बीच चोर जाते-जाते कुछ दुरी पर खड़ी बचरा बिशुझापा कॉलोनी निवासी जिशान अली की बोलेरो जिसका नंबर जेएच 02बीएम-1680 को भी चोरी का प्रयास किया,लेकिन उक्त बोलेरो के स्टार्ट नहीं होने पर चोरों ने बोलेरो में लगे बैटरी, स्टेपनी, एशियम, वायरिंग, सेंसर सहित अन्य सामानो की चोरी कर चले गये। भुक्तभोगी जीशान अली के मुताबिक उनके वाहन से करीब एक लाख रुपए मूल्य के सामान की चोरी हुई है। घटना के बाद इसकी जानकारी पिपरवार पुलिस को दी गयी, जिसके बाद सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर चोरी हुए बोलेरो वाहन के मालिक बिनोद प्रजापति ने बताया कि उनका वाहन सीसीएल के आम्रपाली परियोजना में चलता है। वहीं बचरा बिशुझापा कॉलोनी के लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन रात्रि में इस कॉलोनी में भाड़े पर चलने वाली करीब 15 से 20 वाहन खड़ी रहती है। इधर कॉलोनी में हुई बोलेरो वाहन चोरी के बाद रविवार की सुबह कॉलोनी में काफी संख्या में लोगो की भीड़ जमा हो गयी। सभी लोगो ने पुलिस से इस पर कड़ी कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इधर इस पूरे मामले पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि चोरी की इस घटना की पुलिस जांच कर रही है। कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गुजराती पटेल समाज के सदस्यों ने श्रीश्री ज्ञान मंदिर रंगामाटी में दो कमरा निर्माण का दिया आश्वासन




सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। श्री श्री ज्ञान मंदिर रंगामाटी में विद्यालय प्रबंधन समिति की और से अभिभावकों का एक बैठक बुलाया गया था। जिसमें गुजराती पटेल समाज के सदस्यों ने भी सामिल हुए।बैठक में पटेल समाज के लोगों ने काफी प्रभावित हुए एवं विद्यालय संचालन हेतु दो कमरा निर्माण करा देने का अशवासन दिया। उसे पूर्व पटेल समाज के सदस्यों के द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार पौधा लगाया गाया। मौके पर बुधराम बेदिया, बटेशवर हजाम, सुमित्रा देवी, गायत्री देवी, उर्मिला देवी के अलावा अन्य अभिभावक उपस्थित थे।

## विधायक कोचे मुंडा ने अर्जुनेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक काचे मुंडा ने रविवार को रनिया प्रखंड के सोदे गांव स्थित श्री अजुर्नेश्वर धाम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूजा-अर्चना की और लोगों की खुशहाली की कामना भोनाथ से की। बाद में उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण एलइडी के माध्यम से देखा। मौक पर विधायक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को श्रवण करने से हम सभी को बहुत प्रेरणा मिलती है कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होता है। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने ग्रामीण जनता के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कोचे मुंडा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या के निराकरण का हर संभव प्रयास कया जायेगा। उन्होंने लोगो से अपील की कि आगामी विधानसभा चुनाव में वे पुन: राज्य में भाजपा सरकार बनाने में सहयोग करें, ताकि राज्य का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, कृष्णा सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## उर्दू मध्य विद्यालय में छात्रों को कराया गया अतिथि भोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। रूआर स्कूल के कार्यक्रम के तहत रविवार को उर्दू मध्य विद्यालय खूंटी में बच्चों को अतिथि भोजन कराया गया। नव नामांकित बच्चों के साथ सभी बच्चों ने मिलकर मिष्ठान भोजन, छोले, पूरी, सेवई आदि का लुत्फ उठाया। पूरे कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रेमलता कुमारी ने किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ने प्रधानाचार्य को इसके के लिए बधाई दी। यह जानकारी शिक्षक रियाज आलम ने दी।

## महिला को जंगली हाथी ने कुचल कर मार डाला, वन विभाग ने 20 हजार की तत्काल सहायता राशि दी



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तपकारा थाना क्षेत्र के लोहाजिमी जंगल में रविवार को एक जंगली हाथी ने रूगड़ा चुनने गयी पोलो मुंडाइन नामक 55 वर्षीया महिला को कुचलकर मार डाला। वह लोहाजिमी मुखिया टोली की रहने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार पोलो मुंडाइन अन्य महिलाओं के साथ जंगल के किनारे मवेशी चराने गयी थी। उसी बीच वह जंगल के अंदर रूगड़ा चुनने चली गयी। जंगल के अंदर मौजूद जंगली हाथी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और उसे उठाकर पटक दिया तथा पैरों से बुरी तरह कुचल दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। हाथी ने उसके शव को बुरी तरह क्षत विक्षत कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी गयी। सूचना पाकर झामुमो नेता सुदीप गुड़िया, मुखिया पुष्पा गुड़िया, कृष्णा बड़ाईक,तपकारा थाना के एएसआई रामजानुल हक, प्रभारी वनपाल नितेश केशरी, वनरक्षी संजय मुंडा, मनोज सिंह, जुनुल होरो, संजय साहू, पीटर पॉल आदि घटनास्थल पहुंचे। वन विभाग द्वारा तत्काल सहायता राशि के तौर पर 20 हजार रुपये मृतक के डवजनों को दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया।

# न्यायपालिका के बिना सभ्य और उन्नत समाज का निर्माण संभव नहीं : न्यायमूर्ति डॉ शिवानंद पाठक

**खूंटी में मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और जिला स्तरीय गरिमा सम्मेलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और खूंटी न्याय मंडल के जोनल न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ शिवानंद पाठक ने कहा कि न्यायपालिका के बिना सभ्य और उन्नत समाज का निर्माण संभव नहीं है।




न्यायमूर्ति डॉ पाठक झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में और जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के सौजन्य से रविवार को स्थानीय बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और जिला स्तरीय गरिमा सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर जिला प्रशासन और खूंटी न्यायालय के अधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। न्यायाधीश ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और डायन बिसाही से पीड़ित महिलाओं और शराब-हड़िया बेचने का व्यवसाय छोड़कर सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर समाज के लिए उदहरण बनने वाली महिलाओं के अलावा अफीम की खेती छोड़कर व्यावसायिक खेती में दूसरों के लिए उदाहरण बनने वाले किसान को सम्मानित किया। जोनल जज ने कहा कि मेगा सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य त्वरित न्याय करना है। संविधान ने सभी नागरिकों को यह हक दिया है कि आप अपने अधिकार के बारे में जानें। अधिकार पाने के लिए हम क्या कर सकते हैं, यह भी जानने का हक है। उन्होंने कहा कि सभी का यह दायित्व है कि आपके अधिकार का पालन करना और यह देखना की कोई अपने अधिकार से वंचित न हो जाए। न्यायमूर्ति डॉ पाठक ने कहा कि आज के परिवेश में सभी नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, नारी सशक्तिकरण आखिर क्या है? हम सोचते थे कि नारी अबला है, वस्तु है लेकिन आज हम इससे ऊपर उठे हैं। आज नारी सबसे सम्मानित है। समाज मे नारी को उचित स्थान देना हमार कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार योजनाओं को लाती है, तो न्यायपालिका उसको लागू कराती है। कानून तो बना है, लेकिन इसका लाभ आप तक नही पहुंचा, तो कानून बेकार है। उसी प्रकार योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचना जरूरी है। उसको पहुंचाना भी न्यायपालिका का कर्तव्य है। इसी लिया न्याय आपके द्वार कहा जाता है। न्यायमूर्ति ने कहा कि सरकार ने नारी सशक्तिकरण के तहत गरिमा योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि कुरुतियों को समाज से हटाना हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गरिमा विक्टिम कंपनेसन के तहत आच्छादित महिला को उचित मुआवजा दें। हमारी न्यायपलिका और और डालसा सचिव सरकार के योजनाओं के लाभुकों का सही डाटा लें। उपायुक्त से जानकारी लें कि सही से योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है या नही। खूंटी जिले में अफीम की का चर्चा करते हुए नयायाधीश ने कहा कि जहर की यह खेती खूंटी के लिए अभिशाप बनकर आयी है। यहां बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होती है। उन्होंने कहा कि आपको अफीम की खेती से फायदा होता है, ऐसा सोचते है तो आप अंधेरे में है। एक बहुत बड़ा गैंग ऑपरेट कर रहा है। विदेशों में बैठे लोग इसका संचालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेती करने वाले को सिर्फ पांच फीसदी मिलता है, जबकि 95 प्रतिशत कमाई इसका संचालन करनेवाले कोा जाता है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती खत्म होगी, तो यहां सोना उगेगा। न्यायामूर्ति ने लोगों से अपील की कि वे नशा का पूरी तरह त्याग कर दें और अफीम को खत्म करने में प्रशासन की मदद करें। अफीम खेती के खिलाफ खड़े होकर प्रशासन का साथ दे। घरेलू हिंसा के संबंध में जोनल जज ने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण आर्थिक स्थिति है और दूसरा कारण नशापान है। उन्होंने डायन बिसाही को पूरी तरह अंधविश्वास करार देते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे सामाजिक कुरीति से दूर रहें। उन्होंने खूंटी की डालसा सचिव को निर्देश दिया कि वे योजनाओं की जानकारी लें और किसी प्रकार की गडबड़ी मिलती है, तो इसकी सीधी सूचना उन्हें दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा खूंटी के अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने कहा कि गरीबों, वंचितों और समाज के पिछड़े वर्ग को त्वरित न्याय देना न्यापालिका का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना हमारा प्रयास है।

## खूंटी में सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की भगीदारी अधिक: डीसी



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ने कहा कि हमारे लिए यह अच्छा अवसर और गर्व की बात है कि लीगल इंपावरमेंट को लेकर खूंटी जिले में आयोजित इस कैंप में स्वयं झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शामिल हुए हैं और अपना बहुमूल्य समय हमारे बीच दे रहे हैं। हमें इसका सदुपयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को कानूनी जानकारी के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी देना काफी आवश्यक है। डीसी ने कहा कि खूंटी जिले में 73 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति कें लोग रहते हैं। इस जिले में महिलाओं की भागीदारी सामाजिक गतिविधियों में काफी अधिक है। हमें इन्हें योजनाओं से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है, जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने और कार्यक्रम का संचालन शिवानी ने किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के अलावा कई प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों के अलावा काफी संख्या में सखी मंडलों की दीदियों उपस्थित थीं। कार्यक्रम के पश्चात न्यायाधीश डॉ पाठक डोंबारी बुरू पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ हीं उन्होंने वृक्षारोपण भी किया।

## रांची विधायक ने किया डिज्नीलैंड मेले का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पुरुलिया रोड दुर्गा सोरेन चौक स्थित लोवाडीह हाईटेंशन मैदान में रविवार को रांची विधायक सीपी सिंह ने झारखंड फन पार्क (डिज्नीलैंड मेला) का विधिवत उद्घाटन किया। मेले में दर्जनों स्टॉल के साथ कई प्रकार के आकर्षक झूले लगाये गये है। इसमें कपड़े, चुड़ियां, खिलौने, जयपुरी चुरन, राजस्थानी आचार, बॉबे घड़ी-चस्मा, कश्मीरी टॉप, चप्पल, ज्वेलरी की दुकाने शामिल है। मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, टोरा-टोरा, ड्रेगन झूला, नौका झूला, मिक्की माउस बच्चों के साथ बड़ों को भी आकर्षित करेंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि परिवार के साथ खुशी बांटने का उत्तम साधन मेला ही होता है। जहां एक ही जगह पर परिवार मनोरंजन के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों के जरूरत की चीजों की खरीददारी कर सकते है। वहीं, मेला आयोजक नीरज सिंह ने बताया कि हाईटेंशन मैदान में पहली बार डिजनीलैंड मेला में मारुति सर्कस लगाया गया है। मेला एक अगस्त से शुरू होगा।

## बिजली के बिल से परेशान उपभोक्ताओं ने खिजरी विधायक से मिल कर की शिकायत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाने के बाद अधिक बिजली बिल आने से उपभोक्ता परेशान है। कई लोग बढ़ी हुई बिजली बिल में सुधार के लिए महीनों से बिजली कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है। बिजली की समस्या से परेशान कुछ लोग झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश महतो के नेतृत्व में रविवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मिले और एक ज्ञापन के माध्यम से स्मार्ट मीटर की जांच एवं प्रीपेड सेवा शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में विधायक ने बिजली विभाग के जीएम से बात कर क्षेत्र में कैंप के माध्यम से बिजली में आई त्रुटियों को सुधारने का आश्वासन दिया। मौके पर आरा के पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, राकेश महतो, पंकज मिश्रा, सृष्टिधर महतो, सूरज साहू और विश्वनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## शहीद सैनिकों के परिजनों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य : कर्नल एसके सिन्हा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस पर राष्ट्र प्रथम पूर्व सैनिक संघ रांची के बैनर तले कारगिल युद्ध में प्राणों का आहूति देने वाले जांबाजों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर वीर नारियों के सम्मान में शनिवार की शाम बूटी मोड़ स्थित गोविंद बैंक्वेट हॉल में समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कर्नल बीएन दुबे ने की। इस अवसर पर कर्नल एसके सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वीर नारियों में रजनी एक्का, उर्मिला केरकेट्टा, प्रिया शुक्ला, सुषमा शुक्ला, जया महतो, ममता देवी एवं भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसके सिन्हा ने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे सैनिक हमेशा तत्पर रहते है। सैनिकों के देश प्रेम और कर्तव्य निष्ठा के प्रति संपूर्ण राष्ट्रवासी ऋणी है। कहा कि शहीद सैनिकों के परिवारिक सदस्यों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, रिटायर्ड कर्नल वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह का समारोह पूर्व सैनिकों की ओर से आगे भी किया जाता रहेगा। वहीं, पूर्व सैनिक संजीत सिंह ने संस्था का विस्तार भविष्य में करने की बात कही। मौके पर कर्नल पीएन यादव, कर्नल एसके कर्ण, कर्नल पीके झा, रवि सौरभ, अनीश राजगरिया, शौर्य प्रताप सिंह, विजय गुप्ता के अलावा एसके सिन्हा, चंदन कुमार, आरपी सिंह, रणविजय सिंह, आरके सिंह, त्रिपुरारी नारायण, अजीत सिंह, प्रकाश मिश्रा, ओसेफ एक्का, रणधीर, विशाल, दीपक, अनिल, मुकेश, मोहन, पिंटू, रामचंद्र आदि मौजूद थे।

## पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गड्ढे में फंस रहे वाहन, गिर कर चोटिल हो रहे लोग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** हर घर नल के माध्यम से पानी पहुंचाने के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत बेड़ो में पाइप लाइन बिछवा रही है। लेकिन कार्य करने वाले ठेकेदार की लापरवाही से लोग परेशान हैं। जलापूर्ति योजना के लिए बिछाये जा रहे पाइप अब बेड़ो वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गये है। पाइप बिछाने के लिए ठेकेदार रांची-गुमला मुख्य मार्ग के सड़क के किनारे खुदाई करवा रहे हैं। इस सड़क के किनारे गड्ढा को सही तरीके से भरे नहीं जाने के कारण लोग परेशान हैं। वहीं पिछले तीन दिनों से वर्षा की वजह से इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार पाइप बिछाने का कार्य गर्मी में क्यों नहीं करते हैं। वर्षा के दिनों में खोदे गये सड़क की मिट्टी को छोड़ दिया जा रहा है, जिससे कई वाहन फंस रहे और बुजुर्ग व छात्र गिर कर घायल हो रहे है।

## अनगड़ा में सरना समाज की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पंचायत भवन में रविवार को सरना समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शनिचरवा पाहन ने की। बैठक में 9 अगस्त को प्रखंड स्तर पर विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, तानसेन गाड़ी, चंपा कुजूर, बीरू उरांव, मुन्ना मुंडा, दीनबंधु उरांव, कृष्णा मुंडा, हिरदु उरांव, प्रेम उरांव, बिरसा उरांव, किरता उरांव, रवि उरांव, विनोद उरांव, रुकमणी, इतवारी, फुदन, बिरसी, शुक्रो आदि मौजूद थे।

### कांके प्रखंड में अधिकारियों के साथ हुई विभागों की समीक्षा बैठक

# उचित लाभुकों को मिले सरकारी विकास योजनाओं का संपूर्ण लाभ: सोमनाथ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड सभागार में रविवार को सभी विभागों की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने की। इसमें कांके प्रखंड के सभी पंचायत के पंसस, बीडीओ विजय कुमार व उप प्रमुख अंजय बैठा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं जैसे अबुआ आवास योजना, विधवा-वृद्धा पेंशन, राशन, मनरेगा, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी अन्य योजनाओं का पदाधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में कई पंचायत के पंसस ने योजनाओं से संबंधित समस्याओं को भी रखा। इस पर प्रखंड प्रमुख ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को योजनाओं में गड़बड़ी न हो और योजना जल्द से जल्द धरातल पर उतरे इसके लिए कई निर्देश भी दिए। सोमनाथ मुंडा ने कहा कि कांके एक बड़ा प्रखंड है। हमेशा से कांके कई मामलों में मीडिया में सुर्खियों में बना रहता है। हम चाहते हैं कि कांके सुर्खियों में बना रहे, लेकिन अच्छे कार्य के लिए। निश्चित तौर पर कुछ दिनों में ही विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता भी लागू हो सकता है। उससे पहले जितना हो सके योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। वहीं प्रखंड उप प्रमुख अजय बैठा ने कहा कि आज कांके प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी धार्मिक स्थलों जैसे सरना, मसना, कब्रिस्तान का घेरा बंदी और सुंदरीकरण कर लिया गया है या कार्य चल रहा है। वहीं बिजली से संबंधित भी समस्या जल्द से जल्द निष्पादित किया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जल पर हमलोगों को ध्यान देने की जरूरत है। किसानों के बीच अभी प्रखंड के तरफ से निःशुल्क बीज का वितरण किया जा रहा है। जो भी शिकायतें हम लोग के पास आती है हम उसे तुरंत निष्पादन करने की कोशिश करते हैं। वहीं, बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से कांके प्रखंड पर विकास किया जा रहा है। जहां भी कमियां होती है जनप्रतिनिधि या ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही हम उस गड़बड़ी को दूर करने की पूरी कोशिश करते हैं। बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण ने भी अपनी बातें रखी।




विकास योजनाओं को लेकर बैठक करते प्रखंड प्रमुख, बीडीओ व अन्य।

## जर्जर सड़क पर धनरोपनी कर आजसू ने किया विरोध प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** झारखंड सरकार और स्थानीय विधायक के उदासीन रवैया से त्रस्त लोगों ने रविवार को बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढों में तब्दील रवि स्टील झिरी चटकपुर मुख्य सड़क पर आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी एवं रांची जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत के नेतृत्व में सड़क पर उतर धान रोपनी करते हुए प्रदर्शन किया। बतातें चलें कि पिछले 12 वर्षों से विधायक के शिलान्यास एवं अनुशंसा के बावजूद सड़क नहीं बनी है। लोगों द्वारा कई बार विधायक को इस संदर्भ में आवेदन दिया गया पर कभी भी सड़क पर ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से इस सड़क की स्थिति जर्जर है। इससे पहले विधायक की ही सरकार थी। सरकार में इनका काफी बोल बाला था पर उस समय भी विधायक ने सड़क को बनवाना आवश्यक नहीं समझा। वहीं, भरत काशी ने कहा कि हटिया विधानसभा में वर्ष 2011-12 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो द्वारा जो काम हुए उसके बाद हटिया विधानसभा में ना तो सड़क और ना ही कोई बड़ा काम हो पाया। कहा कि अगर 10 दिनों के अंदर इस सड़क पर कोई ठोस निर्णय नहीं होता है तो लोग मुख्य सड़क को जाम करेंगे। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव मिश्रा, चटकपुर मुखिया विक्की लोहार, चटकपुर के पंसस राकेश कुमार, सुंडिल की मुखिया लीला तिर्की, सुंडिल पंचायत के पंसस प्रतिनिधि जितेंदर काशी, वार्ड सदस्य मुन्नी देवी, उप मुखिया चटकपुर सुनीता सिंह, वार्ड सदस्य संतोष शर्मा, निशा देवी, अंजली देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, जितेंद्र शर्मा, शंकर राणा, अजय शर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, रंजन सिंह, संजय वर्मा, पूनम कुमारी, भूपल साव,लक्ष्मण वर्मा ,बबलू पाठक, रोजी लिंडा, मीना गाड़ी बिना सिंह, कोमल देवी, कांति सिंह ,संजय तिर्की,शंकर उरांव, राजन तिर्की , रमाकांत ठाकुर, सरिता देवी, अनामिका देवी, अनिल लोहरा ,दिनेश बैठा ,किशन काशी,मोहित जायसवाल, रंजीत कुमार, दानिश काशी आदि ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## नगड़ी के अजय कच्छप बने भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारत आदिवासी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल रोत की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को झारखंड प्रदेश इकाई की बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से नगड़ी प्रखंड के चेटे पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुख्य प्रतिनिधि सह वरीय समाजसेवी अजय कच्छप को झारखंड प्रदेश का कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अजय कच्छप से झारखंड में भारत आदिवासी पार्टी के नीति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचने का निर्देश दिया। इधर, भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष चुने जाने पर नगड़ी क्षेत्र सहित रांची खिजरी विधानसभा में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर समाजसेवी चिलगू कच्छप, सत्यम कच्छप झारखंड आंदोलनकारी (नेता) बिरसा लोहरा, खूंटी के समाजसेवी मनोज धान, आदिवासी सेना के मंशा बडाईक, रामा महली, अलविन लकडा, सुमन लोहरा, शिवा कच्छप, सहाय कच्छप, मंगल मुण्डा, सुखदास मुण्डा, विनय तिर्की, पूर्व सैनिक-एसएन लिंडा आदि ने बधाई दी।

## आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुदलोंग गांव में स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। बीएड सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों ने 20 काउंटर पर अलग-अलग झारखंडी जायका बनाया। विद्यार्थियों ने उसका लुफ्त उठाया। विद्यार्थियों ने मेहंदी-राखी की डिजाइंस बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, कार्यक्रम की संयोजिक सुभा शर्मा ने विद्यार्थियों के अंदर विभिन्न प्रकार के हुनर विकसित करने का प्रयास किया। जबकि डॉ रामकेश पांडेय ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संस्था की प्राध्यापक डेजी लकड़ा, संगीता तिकी, रामजी यादव, डॉ हरीश कुमार, कमलेंद्र त्रिपाठी मोहित तिवारी,ओमप्रकाश तिवारी, डॉ सरिता आदि थे।

### चूल्हा-चौका पर भारी पड़ रहा मशीनीकरण, रोजगार पर पड़ रहा असर

# विलुप्ती की कगार पर है जांता और सिलवट

अनुज कुमार गुप्ता

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** आधुनिकता व विलासिता के आधुनिक युग में मशीनीकरण के चलते लोगों का चौका-चूल्हा भी अछूता नहीं रहा। रसोई में काम आने वाले जांता व सिलवट प्रायः विलुप्ति की कगार पर पहुंच गये हैं। इस कारण इसे बनाने और कूटने वालें कारीगरों का कारोबार बंद होने की कगार पर है। दैनिक उपयोग में आने वाले घरेलू परंपरागत यंत्रों में शुमार जांता व सिलवट की आवाज अब घरों में सुनाई नहीं पड़ती है। इसके अलावे घरेलू कोल्हू भी विलुप्त हो गया है। एक समय घर घर में लोग चावल, आटा व मसाला पीसने के लिए जांता व सिलवट का उपयोग करते थे। मिक्सी-ग्राइंडर की मार से यह रोजगार अब लगभग बंद हो गया है। जांता अनाज पीसने और सिलौटी लोढ़ा से मसाला पीसा जाता है। इसपर पिसाई ठीक से हो इसके लिए इसकी कुटाई की जाती है। जब इसका प्रयोग घर-घर में होता था तो कुटाई करने के लिए गांव गांव में कारीगर घूमते थे। यह उनका रोजगार था। कुटाई करने वाले जुगल बताते हैं कि एक समय था जब सिलवट कूटकर परिवार का भरण-पोषण कर लेते थे, लेकिन अब तो दिनभर घूमने पर भी एकाध घर में ही काम मिलता है। अब घर-घर में जांता व सिलवट का काम मिक्सर से होने लगे हैं। इस कारण इनका काम बंद हो गया है। आज के बदलते चकाचौंध और भाग दौड़ में आम आदमी सुविधा भोगी हो गया है। इस परिस्थिति में जनमानस को जांता व सिलवट चलाना अब मुसीबत लगने लगा है।





### बेरोजगार हुए कारीगर

परंपरागत घरेलू यंत्र बनाने वाले कारीगर इन्हें बनाकर व इनकी बिक्री से होने वाले आय से इनकी जीविका चलती थी। लेकिन अब अधिकांश कारीगर बेरोजगार हो गए हैं। उनके द्वारा निर्मित जांता व सिलवट के निर्माण में जितना मेहनत लगता है उतना उन्हें पैसा नहीं मिलता। बाजारों में कम दाम में उसके वैकल्पिक सामान उपलब्ध हो चुके हैं। इसका सीधा असर इनके व्यवसाय पर पड़ा है। जिससे ये बेरोजगार हो गए।

### बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं लोग

घरों में दैनिक उपयोग में आने वाले परंपरागत घरेलू यंत्र का उपयोग बंद होने से लोगों को सुविधा तो जरूर मिल रही है। लेकिन इससे लोग कई तरह की बीमारियों से भी ग्रसित होने लगे हैं। पहले लोग अपने घरों में गेंहू-चावल पीसकर बनाते और खाते थे। पर अब मिक्सर पर निर्भर हो गए हैं। मीलों से तैयार केमिकल युक्त चमकदार आटा-चावल बनाया जाता है। जिसका सेवन कर लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसी प्रकार मशाला आदि चीज जो घरों में पीस कर खाते थे, वह अब विभिन्न कंपनी द्वारा तैयार रेडीमेड मशालों का उपयोग होता है। जिसमें मिलावट के कारण कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सावन पूर्णिमा पर घघारी बाबा धाम में पहली बार लगेगा मेला, बैठक में निर्णय

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में इस वर्ष सावन पूर्णिमा के अवसर पर पहली बार एक दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को घघारी बाबा धाम समिति की हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता घाघरी बाबा धाम समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने किया। साथ ही मेला के बेहतर आयोजन के लिए कई निर्णय भी लिए गए। इसमें सावन पूर्णिमा में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन व मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी आयोजन भी शामिल है। साथ ही मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में स्वयंसेवक रखने, मेला परिसर में दुकान लगाने की जिम्मेवारी, साथ ही पार्किंग व्यवस्था सुदृढ बनाने के लिए युवाओं को जिम्मेवारी दी गई। मौके पर पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहू, पुर्व मुखिया संतोष तिर्की, राजधन शेखर सिंह, भुवन महतो, मनोज उरांव, श्याम लाल शेखर सिंह, संजय महतो, पुजारी रामशंकर पाठक, जितु पाठक, विजय महतो, हिरालाल शेखर सिंह, रामसेवक सिंह, सुनील उरांव आदि थे।

## दरियाई घोड़े के हमले में घायल जैविक उद्यानकर्मी संतोष महतो की हुई मौत



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दरियाई घोड़ा के हमले में गत गुरुवार को गंभीर रूप से घायल केज कीपर संतोष महतो की रविवार की सुबह मौत हो गयी। इससे नाराज अन्य कर्मियों व लोगों ने गोलबंद होकर कार्य ठप कर दिया। इसकी सूचना पाकर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, सरिता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी और आजसू प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो उद्यान कर्मियों के समर्थन में पहुंच गये। रामटहल चौधरी ने निदेशक जब्बार सिंह से घटना के संबंध में बात की, तो उन्होंने बताया कि वह बाहर हैं। जो भी विभाग की ओर से होगा मुआवजा के तौर पर दिया जायेगा। इसके बाद शाम करीब पांच बजे निदेशक जब्बार सिंह और सीओर उज्जवल सोरेन उद्यान पहुंचे और संतोष महतो के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये व निदेशक द्वारा एक लाख रुपये का चेक सौंपा गया। इसके बाद उद्यान कर्मी काम पर लौट गये। बाद में मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल ले जाया गया। पर देर हो जाने के कारण पोस्टमार्टम सोमवार को होगा। गौरतलब हो कि गत गुरुवार को दरियाई घोड़ा (हिप्पो) के हमले में संतोष महतो गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन फानन में उसे मेदांता अस्पताल ले जाया गया। शुक्रवार तक संतोष महतो खतरे से बाहर था। परिजनों की मानें तो चिकित्सकों ने बताया था कि पेशाब की नाली में चोट है जिसकी ऑपरेशन करनी होगी। अस्पताल ने पैसा जमा करने को कहा था। परिजन इस उम्मीद में थे कि पैसा विभाग द्वारा जमा कराया जायेगा। पर विभाग ने संतोष के ऑपरेशन के लिए पैसा जमा कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी, जिस कारण इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गयी।

## रोड नहीं, तो वोट नहीं के नारे के साथ ग्रामीणों का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसल पंचायत के लोगों ने रविवार को पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रर्दशन किया। साथ ही रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में रांची-पुरूलिया मुख्य मार्ग से हेसल जराटोली मुस्तफा अंसारी के खेत तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क गड्ढे में तब्दील हो चुके है। बारिश होने पर तो स्थिति और बुरी हो जाती है। पैदल चलना काफी मुश्किल भरा होता है। बारिश में जगह-जगह सड़क कीचड़ से भर गया है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। ग्रामीणों की शिकायत है कि सड़क निर्माण को लेकर अनेको बार जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन आज तक इस रोड पर किसी ने नजर नहीं डाली। ग्रामीणों नें विरोध प्रर्दशन करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व यदि इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो फिर ग्रामीण वोट बहिष्कार का निर्णय लेने पर मजबुर हो जाएंगे। मौके पर पूर्व पंसस बलराम मुण्डा, मुस्तफा अंसारी आदि मौजूद थे।

## अनगड़ा में ग्रामीणों ने सुनी पीएम के मन की बात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा मंडल के गोंदलीपोखर में रविवार को ग्रामीणों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में मन की बात श्रवण कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा सहित सभी वर्ग के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान, पेरिस ओलंपिक, हर घर तिरंगा आदि मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज एक राष्ट्रीय कार्यक्रम बन गया है। इसमें देश के विकास को लेकर चर्चा की जाती है। इससे जुड़कर लोग अपने को काफी उत्साहित और गर्व का अनुभव करते हैं।

## रातू में पत्रकार के घर हमला, दुकान में तोड़फोड़, 9 आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी में रहनेवाले दैनिक अखबार के प्रतिनिधि शेख मुजिबुल के परिजनों पर इटकी और मांडर के गोरे गांव से कार में हरवे हथियार से लैश होकर आये 9 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावारों ने दुकान के शीशे तोड़ दिए। उनके पुत्र मोनाजिर हसन के गले से सोने की चेन भी लूट ली। मारपीट में उनकी पत्नी अजिदा बेगम का बांया पैर टूट गया। वहीं, बेटी शबाना परवीन, रोजी परवीन, पुत्र तनवीर और मोनाजिर हसन के शरीर में अंदरूनी चोटें आई है।उधर, मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। मामले को लेकर मोनाजिर हसन के बयान पर रातू थाने में कार चालक समेत 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक घर के एक कमरे में रोजी श्रृंगार स्टोर नामक दुकान है। 27 जुलाई की दोपहर दुकान में रोजी थी। पड़ोसी स्व ललकु खान का पुत्र वहां आया और गल्ले से रुपये चोरी कर भागने लगा। रोजी के चिल्लाने पर मोनाजिर ने बच्चे को पकड़ लिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया।

### बसपा के केंद्रीय राज्य प्रभारी ने हुसैनाबाद में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# झारखंड की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी बसपा : दिनकर

**कहा- बाबा साहब के आदर्शों को सर्वसमाज में स्थापित करने की जरूरत**

आजाद सिपाही संवाददाता



बसपा की समीक्षा बैठक को संबोधित करते पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी जीसी दिनकर।

**हुसैनाबाद।** शहर के एक होटल में रविवार को बसपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी शुरूआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं काशीराम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजय कुमार भारती एवं उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने प्रदेश से आये नेताओं को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने किया। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की नीतियां एक जैसी ही है। ये दोनों पार्टियां बहुजन समाज से नफरत करती हैं। ऐसे में बहुजन समाज पार्टी ही देश के मूल सिद्धांतों और सर्व समाज की हित में कार्य करती है। कहा कि बसपा बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान व कांशी राम के आदर्शों को देश में स्थापित करने की लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने झारखण्ड की हेमंत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी राजनीति केवल सत्ता में बने रहने की है। राज्य की बहुजन समाज के अधिकार को कुचला जा रहा है। उन्होंने ललकारते हुए कहा कि बसपा के कार्यकर्ता राजनीतिक रूप से मजबूत हो जाये। बसपा में नेता की कमी नही है, लेकिन उन्हीं लोगों को जगह मिलेगा जो संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि बसपा झारखण्ड के सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, केंद्रीय राज्य प्रभारी रामबाबू चिरंगैया, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पलामू के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, हुसैनाबाद उतरी जीप सदस्य राजू मेहता, गुरु प्रसाद, प्रमोद कुमार रवि आदि ने भी अपनेृअपने विचार रखे। सभी नेताओं ने बसपा को हुसैनाबाद से हर हाल में जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करने को कहा। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, राजकुमार गौतम, जितेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रवि रौशन, चितरंजनदास, अमित यादव जुल्फेकार सिद्दीकी, नुरुल खान आदि मौजूद थे।

## विश्रामपुर प्रखंड के लिए 1311 अबुआ आवास आवंटित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1311 अबुआ आवास आवंटित किया गया है। योग्य लाभुकों के चयन के लिए सभी पंचायत में ग्राम सभा आयोजित की जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा के लिए तारीख भी निर्धारित कर दी गई है। 29 जुलाई को बघमनवां, भंडार, घासीदाग, गुरी और गुरहाकला में ग्रामसभा का आयोजन होगा। वहीं 30 जुलाई को केतात, लालगढ़, पंजरी कला, तोलरा व सिगसीगी पंचायत में ग्रामसभा होगा। इसके लिए पंचायत के सभी मुखिया व सचिव को निर्देशित कर दिया गया है।**

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो दूर होंगी समस्याएं: अरुणा शंकर



**प्रथम महापौर ने सतबरवा, पोलपोल, पोची और बारी का दौरा कर सुनी लोगों की समस्या**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को सतबरवा, पोलपोल, बारी और पोचि का दौरा कर केंद्र सरकार की जनहित में की जा रही योजनाओं को ग्रामीणों एवं बुद्धिजीवियों के बीच रखा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने इस जन सम्मान यात्रा के दौरान सतबरवा में सुरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद आर्य, पोलपोल में सचिंद्र कुमार, संतोष पांडे, बारी में महेश्वर सिंह, निर्मल सिंह, पृथ्वी राम, उमाकांत सिंह, पोचो में डॉ अशोक राम, केश्वर सिंह, सतीश सिंह चेरो, नामदेव मिस्त्री, संजय लाल और अजय राम को सम्मानित करते हुए क्षेत्र की समस्या को भी समझा। उन्होंने ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आदार पर दूर की जायेगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रथम महापौर से मिलकर खुशी जाहिर की। कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो जनता के पास जाए और समस्याओं को सुने, ना की जनप्रतिनिधि बनने के बाद क्षेत्र से लापता हो जाए। इस अवसर पर सतीश साहू, आशीष सिन्हा सतबरवा, सांसद प्रतिनिधि मनीष गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में सक्रिय अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

### बिहार के औरंगाबाद से चोरी की तीन बाइक बरामद

**बाइक चोरी की घटना का हुसैनाबाद पुलिस ने दो दिनों में ही किया उद्भेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता


प्रेस वार्ता कर घटना की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने रविवार को बताया कि 24 जुलाई को एक बाइक चोरी होने की शिकायत हुसैनाबाद थाने में दर्ज किया गया था। जिसके बाद एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठित की गयी थी। अनुसंधान के दौरान छापामारी दल को 27 जुलाई को गुप्त सूचना मिली की चोरी की बाइक जपला के हैदर नगर रोड स्थित टैक्सी स्टैंड में एक व्यक्ति लेकर खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने छापामारी की तो चोरी की बाइक बरामद कर ली गयी, जो बिना नंबर की थी। उक्त बाइक पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार बताया। उसने स्वीकार किया कि जून महीने से अबतक हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से उसने आठ बाइक चोरी की है। उनकी निशानदेही पर बिहार के औरंगाबाद जिले के अंबा थाना अंतर्गत जीवा बिगहा मोड़ स्थित सोहन कुमार की बाइक गैरेज से दो बाइक बरामद किया गया। जबकि एक बाइक को शराब बेचने के आरोप में कुटुम्बा थाना एवं एक बाइक अम्बा थाना में जप्त किया जा चुका है। अप्राथमिकी अभियुक्त अजय कुमार व सोहन कुमार उर्फ छोटू दोनों बिहार के ही औरंगाबाद जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के सारा-चोरहा गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से चोरी की तीन बाइक बरामद की गयी। जबकि चोरी की अन्य बाइक के संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं, छापामारी दल में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई नर्वदेश्वर सिंह, अनंत कुमार सिंह, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार औरचौकीदार अमित पासवान आदि शामिल थे।

## इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्वयंसेवी संस्था संकल्प ऑफ डेवलपमेंट फाउंडेशन ने संस्था में इंटर्नशिप कर रहे इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया। संकल्प ऑफ डेवलपमेंट में दिव्यांशु रंजन और अभिषेक कुमार 15 जून से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवनीत सुंदरम ने संकल्प में सोशल मोबलाइज के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु को उज्जवल भविष्य की बधाई दी। वहीं, गुलाम हैदर ने कहा कि संकल्प ऑफ डेवलपमेंट फाउंडेशन सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाला एक प्रमुख संस्थान है। प्रशिक्षण के दौरान आप लोग सामाजिक क्षेत्र में आने वाली समस्याओं से अवगत हुए और कम संसाधन में बेहतर कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया है। इंजीनियरिंग पूरी होने के बाद हमें आशा है कि आप समाज को एक नई दिशा देंगे। वहीं, संस्था के सचिव सह सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप पांडे ने कहा कि सृष्टि को बचाने के लिए पर्यावरण का विकसित होना जरूरी है। पर्यावरण के अभाव में मानव जीवन का अस्तित्व खतरे में है इसलिए संकल्प के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता कैंपेन चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से आप लोग बहुत-कुछ सिखें है। हमें विश्वास है कि आप आने वाले समय में समाज और देश को एक नई दिशा देंगे। इस मौके पर प्रकाश कुमार, मुकुंद सिंह व शमशाद अंसारी ने भी विचार रखे।

# कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं: रामजी गौतम

### कहा- विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जायें



**- बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक संपन्न**

**- लोकसभा चुनाव की समीक्षा और विधानसभा चुनाव तैयारियों को लेकर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रविवार को बी मोड़ पर संपन्न हुआ। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, केंद्रीय राज्य प्रभारी राम बाबू चिरगाईया, केंद्रीय राज्य प्रभारी श्रीकांत, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार व प्रमुख संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता शामिल हुए। बैठक की शुरूआत बहुजन समाज के महापुरषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होता है। पिछली बातों को भूलकर आगामी विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। संगठन को विस्तारित करते हुए और मजबूत करें। झारखंड विधानसभा चुनाव बसपा पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। वहीं, राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर ने कार्यकर्ताओं को कई सुझाव दिया। जबकि बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बसपाई पूरी तरह जागृत हो जायें। आने वाला समय हमारा है। बहुजन समाज के लिए हम हर संघर्ष को तैयार हैं। उन्होंने वर्तमान विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने विश्रामपुर को चारागाह बना दिया है। लेकिन इस बार जनता उन्हें सबक सिखायेगी। गीता मेहता ने कहा कि राजन मेहता की अगुआई में बसपा झारखंड में काफी मजबूत हो चुकी है। विश्रामपुर विस क्षेत्र में तो इन्होंने बहुजन समाज के लिए जमकर संघर्ष किया है। जिसकी बदौलत वे पिछले विस चुनाव के दूसरे स्थान पर थे। इस बार इनकी जीत पक्की है। बैठक में वरीय बसपा नेता गोपाल राम, गढ़वा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, पलामू जिला अध्यक्ष अजय भारती, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र राम, मदन राम आदि मौजूद थे।

# क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान के लिए हमारे साथ आयें : मुमताज खान

**आजाद समाज पार्टी के प्रखंड कमेटी गठन हुआ गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पांकी/पलामू।** पांकी थाना रोड स्थित बाबा मैरेज हॉल में रविवार को आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पांकी प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुलशन अंसारी, उपाध्यक्ष जगजीवन राम, अजय भुइयां, सुनील राम, श्रवण कुमार, महासचिव खादीम अंसारी, सचिव राजन कुमार, शिवकुमार राम, संगठन सचिव सहनवाज अंसारी, अल्ताफ अंसारी, सतेंद्र राम को पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान मौजूद थे। इस अवसर पर पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष अबूदर्दा खान ने कहा कि पांकी विधानसभा में नकली और फसली नेता है। फसली नेता डॉ शशिभूषण मेहता है जो फसल होने पर काट लेते हैं, जबकि नकली नेता पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह है जो लोगों के साथ विश्वाश घात करते है। पर सच्चाई यह है कि असली नेता अभी के दौर में मुमताज अहमद खान है जो सभी को एक समान सम्मान देते हैं। उधर, भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार रवि ने कहा कि पांकी विधानसभा में अनुसूचित जाति का वोट लगभग 45 हजार और मुस्लिम का वोट लगभग 45 हजार है। हमलोग कड़ी मेहनत करें तो चुनाव जीत कर अपने प्रत्यासी को विधानसभा में भेज सकते हैं। जिससे पांकी विधानसभा के हम जैसे दबे, कुचले, पिछड़े वर्ग के लोगों को पूर्ण रूप से अधिकार मिल सके। वहीं, मुमताज अहमद खान ने कहा कि हम कमजोर जरूर है। पर आपके साथ हमेशा रहने वालों में से हैं। हम जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि हम तो अकेले चले थे। पर हम से धीरे-धीरे इतने लोग जुड़ते गये, जिससे मनोबल बढ़ गया। इसी कारण चुनाव में उतरने का मन बना लिया है। सभी समस्याओं को देखते हुए चुनाव लड़ने का मन बनाया है, ताकि उनका समाधान कर सकूं। इसके लिए 30 अगस्त तक विधानसभा के सभी वार्ड में 10-10 कमेटी का गठन कर लेना है। कहा कि झारखंड के हर जिले में 30 अगस्त को आजाद समाज पार्टी की ओर से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने हर पंचायत के सभी वार्ड से 10-10 व्यक्ति को आंदोलन में चलने का आह्वान किया। इस मौके पर साकेत कुमार, यशवंत कुमार पासवान, अजय रवि, सीताराम दास, आशा अम्बेडकर, उपेंद्र आजाद, संतोष अम्बेडकर, गीता अम्बेडकर, अफजल खान, यासीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पटना में आयोजित स्केटिंग चैंपियनशिप में संत मरियम के पुष्कर ने जीता कांस्य पदक

### विभिन्न विधाओं में कामयाबी हासिल कर रहे संत मरियम के छात्र : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हर कला में निपुण, विभिन्न विद्याओं में पारंगत हासिल कर रहें संत मरियम के विद्यार्थी। लगातार देश के विभिन्न राज्यों में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। एक बार फिर से पुष्कर राज ने अपने स्केटिंग के शानदार प्रदर्शन से संत मरियम का मान को बढ़ाया है। विदित हो की 27 जुलाई को बिहार स्केट एसोसिएशन के सहयोग से पटना डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित पहला इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2024 पटना सेंट्रल स्कूल में संपन्न हुआ। जिसमें 400 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में पलामू के डालटनगंज स्थित संत मरियम स्कूल से 3 स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। 9 से 11 वर्ष ग्रुप में पुष्कर राज और 11 से 14 वर्ष ग्रुप में प्रियांशु कुमार व राधा किशन साव ने भाग लिया। जिसमें पुष्कर राज की मेहनत रंग लायी और उसने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुष्कर राज व स्केटिंग कोच चंदन कुमार को शुभकामनाएं दी है। कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय के कम उम्र के बच्चे भी लगातार मेहनत और ऊंची सोच की वजह से विद्यालय सहित जिले का मान बढ़ा रहे हैं। साथ ही विफल हुए दो अतिरिक्त खिलाड़ियों का भी हौसला अफजाई किया। कहा कि आपके लिए निराशा नहीं, बल्कि खुशी की बात कि देशभर से आए सैकड़ों खिलाड़ियों का डटकर सामना करने के लिए आप उस स्तर तक पहुंच चुके हैं। निश्चित रूप से सफल होंगे। सिर्फ धैर्य और निरंतरता के साथ परिश्रम करने की आवश्यकता है। वहीं स्केटिंग कोच चंदन कुमार ने कहा कि सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच पदक जीतना अपने आप में गर्व की बात है। हमारे सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। साथ ही एक कांस्य पदक जीत कर अपने स्कूल का मान बढ़ाया।

## स्पोर्ट्स



श्रीलंकाई महिला टीम ने रविवार को इतिहास रचते हुए भारत को आठ विकेट से हराकर पहली बार एशिया कप जीत लिया है।

# श्रीलंका महिला टीम ने पहली बार जीता एशिया कप, फाइनल में भारत को आठ विकेट से हराया



**दांबुल (एजेंसी)।** श्रीलंका ने इतिहास रचते हुए विमेंस एशिया कप 2024 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 8 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने 61 और हर्षिता समरविक्रमा ने 69 रन बनाए। दोनों ने 87 रन की पार्टनरशिप भी की थी। 2004 में शुरू हुए विमेंस एशिया में श्रीलंका पहली बार चैंपियन बना है। इससे पहले श्रीलंकाई टीम 5 बार रनर-अप रही थी। वहीं, भारत ने दूसरी बार ही विमेंस एशिया कप का फाइनल गंवाया। टीम को इससे पहले 2018 में बांग्लादेश ने हराया था। भारत ने 7 बार विमेंस एशिया कप जीता है। बतातें चलें कि दाम्बुला में भारतीय महिला टीम ने स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक की बदौलत महिला एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के सामने 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन बनाए। भारत के लिए स्मृति ने 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 60 रन बनाए, लेकिन अन्य भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत की पारी को संभाले रखा जिस कारण टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। श्रीलंका की ओर से कविष्का दिलहारी ने दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो ही विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम से कविशा दिलहारी 30 रन बनाकर नॉटआउट रही। उन्होंने पूजा वस्त्राकर के खिलाफ विनिंग सिक्स लगाया। भारत से दीप्ति शर्मा ने एक विकेट लिया। जबकि श्रीलंका से कविशा दिलहारी ने 2 विकेट लिए। एक-एक सफलता सचिनी निशांसला और चमारी अटापट्टू को मिली। भारत से शेफाली वर्मा ने 16, हरमनप्रीत कौर ने 11, उमा छेत्री ने 9 और पूजा वस्त्राकर ने 5 रन बनाए।

## आजसू के चंदनकियारी विस स्तरीय चूल्हा प्रमुखों की सभा में गरजे पार्टी सुप्रीमो

# हर मोर्चे पर विफल है झारखंड की महागठबंधन सरकार : सुदेश महतो

**कार्यकर्ताओं से जनता को आजसू की नीतियों से अवगत करना का दिया निर्देश**

### कहा- जनता ने सरकार को मौका दिया और सरकार ने सिर्फ धोखा दिया

### हमारी सरकार बनी तो बरमसिया, अमलाबाद व पिंड्राजोरा को बनायेंगे प्रखंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चंडीपुर फुटबॉल मैदान में रविवार को आजसू के 'चंदनकियारी विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित हुआ। जिसमें पार्टी प्रमुख सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है, जो परिवार, समाज के कष्ट को समझेगा वही हमारा अधिकार दिला सकता है। कहा कि आज जरूरत है हर परिवार के भीतर नेतृत्व तैयार करने की। छह हजार चुल्हा प्रमुख अब जिंदाबाद की राजनीति छोड़, जवाबदेही की राजनीति करेंगे। पहले एक तरफा बात होती थी। वोट देने के बाद आम जनता की शक्ति खत्म हो जाते थे। पर अब यह सब नहीं चलेगा। क्योंकि यही चुल्हा प्रमुख राजनेताओं की जवाबदेही तय कराने का काम करेंगे। चंदनकियारी समेत पूरे राज्य में जमीन के सर्वे सेटलमेंट में मामले में हमे फंसाया और



आजसू के चंदनकियारी विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुखों की सभा को संबोधित करते पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व अन्य।

उलझाया गया। इससे हमारा अस्तित्व संकट में है। यह एक गंभीर मामला है। इस जटिल समस्या का समाधान जरूरी है। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में उमाकांत रजक के नेतृत्व में जो विकास की रेखा खींची गई थी उसे अंजाम तक पहुंचाने में जन सहयोग की आवश्यकता है। आजसू तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करता। हम घर बनाने वाले है, तोड़ने वाले नहीं। चंदनकियारी का भविष्य आपके हाथ में है। आने वाले समय में जनता सुख दुःख में खड़ा रहने वाले को ही नेतृत्व करने का अवसर दे। इस अवसर पर सुदेश महतो ने झारखंड सरकार की भी जमकर आलोचना की। कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। वहीं, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी को सजाने-संवारने के लिए एक बार पुनः अवसर दें। नया चंदनकियारी के लिए छूटे अधूरे कामों को पूरा करेंगे। बरमसिया, अमलाबाद व पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाएंगे। चास व चंदनकियारी के सरकारी कार्यालयों में व्याप्त घूसखोरी को बंद करेंगे। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में माटी के सपूत वीर समरेश सिंह, शहीद निर्मल महतो, सदानंद झा, भगवान बिरसा मुंडा समेत कई महापुरूषों की प्रतिमा लगाएंगे। ताकि लोगों में इनके विचारों की अनुभूति होता रहे। चंदनकियारी के हर खेतों में पानी पहुंचे इसके लिए सिंचाई की समुचित व्यवस्था होगी। रोजगार सृजन के लिए बडे उद्योगपतियों से यहां उद्योग लगाने का आमंत्रित करेंगे। इसके पूर्व आजसू सुप्रीमो ने उपस्थित सभी चुल्हा प्रमुख को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश महतो व संचालन तपन सिंह चौधरी ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन महतो, जिप सदस्य राजेश महतो, सुभाष शेखर, विश्वनाथ महतो, नेमचांद महतो, राजेश भगत, शिव प्रसाद महतो, परशुराम महतो, राजीव कुमार, खालिद खलील, शत्रुघ्न महतो, महाराज महतो, किरण मांझी, रमा देवी, सोनी देवी, अश्वनी महतो, उर्मिला देवी, तपन रजवार, बाटुल राय, सुशेन रजवार, शपत टुडू, राजीव रंजन झा, कार्तिक गोराई, हानीफ अंसारी, विकास सिंह और हानीफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

# जनता के भरोसे पर खरा उतरने का जारी रहेगा प्रयास : ढुल्लू महतो

**सासंद व विधायक ने 84. 66 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के मुख्य बाजार दूंदीबाग में रविवार को 84 लाख 66 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाली (एक किलोमीटर) पीसीसी सड़क का शिलान्यास धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो और बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने संयुक्त रूप से किया। बतातें चलें कि बोकारो के मुख्य बाजार दूंदीबाग में लगभग 40 वर्ष पहले निर्मित सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी थी जिसके पुनः निर्माण को लेकर स्थानीय दुकानदार व लोगों ने कई बार गुहार लगायी थी। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो और विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि उक्त सड़क की मरम्मत हो जाने से क्षेत्र के लोगों को



आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि आपने जो भरोसा भाजपा पर जताया है उसे कायम रखूंगा। दूंदीबाग का चौमुखी विकास मैं बोकारो विधायक के साथ मिलकर करूंगा। हर जरूरी सुविधाओं से इस क्षेत्र का विकास होगा। वहीं, विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि सभी क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में है। क्षेत्र की जनता ने हमेशा भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास हम दोनों मिलकर करते रहेंगें। इस मौके पर भाजपा कोऑपरेटिव मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, लीला देवी, मुकेश राय, भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, मंटू राय, निवारण महतो, विनय आनन्द, प्रकाश चटर्जी, राजू गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, भोला साव, विनय किशोर, साधु साव, मंजेश कुमार, सरदार तेजपाल सिंह, देवशंकर वर्मा, वर्षा चौधरी, उषा देवी, मंजू सिंह, अनिता देवी, वकील यादव, लाली यादव, हरेराम साव आदि उपस्थित थे।

# महिला मैनेजर ने होटल के पांच अधिकारियों पर लगाया शारीरिक व मानसिक शोषण का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर के 'द सेंड मिराज रेंडिसन इंडिविजुअल होटल' के पांच अधिकारियों पर होटल में कार्यरत महिला मैनेजर ने जबरन जबरदस्ती शारीरिक शोषण, मानसिक उत्पीड़न एवं षड्यंत्र के तहत नौकरी से हटाने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। महिला मैनेजर की शिकायत पर महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। इसके बाद कोर्ट में पीड़ित महिला मैनेजर का 184 के तहत बयान भी दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 38 वर्षीय पीड़ित महिला मैनेजर ने शिकायत में कहा है कि विगत तीन महीने से धनसार थाना क्षेत्र के एक निजी होटल में कार्यरत है। उक्त होटल में प्रतीक मोहन जनरल मैनेजर, राजीव गोस्वामी प्रबंधक, राजीव गोस्वामी, संजीत कुमार सुरक्षा प्रबंधक, केएस मोनालिसा एचआर और ऐश्वर्या धूलिका कार्यकत हैं। आरोप है कि 8 फरवरी 2024 को होटल खुला और मेहमानों के कमरों, बैठकों और कार्यक्रमों के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि उसकी नियुक्ति के बाद ही होटल के व्यवसाय से जुड़े मुद्दों पर अन्य कर्मचारियों से उसका मतभेद होने लगा। जिस कारण उसे तरह-तरह से परेशान किया जाने लगा। इसी बीच बदले की भावना से होटल में कार्यरत प्रतीक मोहन, राजीव गोस्वामी और एचआर मानसिक रूप से परेशान करने लगे। अक्सर राजीव गोस्वामी और प्रतीक मोहन उसके मेरे शरीर को बुरी नीयत से छुने लगे। दोनों हमेशा उससे अश्लील बातें और हरकत भी किया करते थे। कुछ समय तक वह सब कुछ सहती रही। बाद में दोनों की हरकतों का विरोध किया। लेकिन उन पर इसका कोई प्रभाव वनहीं पड़ा। उनके इस कार्य में एचआर का भी सहयोग और समर्थन था। उसे कार्यस्थल पर अपने सीनियर्स द्वारा इस तरह के शोषण को सहने की बात समझाई जाती थी, क्योंकि एचआर प्रतीक मोहन और राजीव गोस्वामी की मित्र थीं। दोनों अनावश्यक रूप से जान-बूझकर उसे अकेले अपने कैबिन में बुलाकर घंटों बिठाये रखते थे। शाम को देर तक ऑफिस में रोकने की कोशिश की जाती थी। उनकी बातों को नहीं मानने पर हाजिरी काट देने और नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि पांचों षड्यंत्र के तहत मुझे ऑफिस में प्रताड़ित एवं अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते थे। जब धनबाद में चुनाव को लेकर सरकारी एवं अर्द्धसरकारी संस्थानों में छुट्टी घोषित की गई थी। उस दिन भी मुझे जबरदस्ती काम पर आने के लिए दबाव डाला गया। पर मैं उनकी गंदे मंसुबों को भांप गयी और उस दिन काम पर नहीं गई। जिस कारण प्रतीक मोहन ने उसकी हाजिरी काटकर उस दिन मुझे अनुपस्थित दिखा दिया। जब दूसरे दिन काम पर गयी तो राजीव गोस्वामी एवं प्रतीक मोहन ने खूब खरी खोटी सुनायी। मैने जब उन लोगों की शिकायत होटल के मालिक एवं प्रबंधन से करने की बात कही तो उन पांचों प्रतीक मोहन के केबिन में घसीटकर मुझे ले गये कुकर्म का प्रयास किया। अपने आवेदन में पीड़िता ने बताया कि जब उनलोगों का जी भर गया तो पांचों लोगों ने जबरदस्ती होटल के ऑफिस से धक्का देकर मुझे बाहर कर दिया। राजीव गोस्वामी ने जबरन उसके पर्स रख लिए, जिसमें कुछ पैसे व कागजात थे। साथ ही धमकी दी कि दोबारा काम पर आयी तो फिर से उसके साथ ऐसा ही किया जाएगा। वहीं, धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही इस मुद्दे पर कुछ भी स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है।

# बेरमो विधायक ने किया योजना का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के अंगवाली उतरी पंचायत में रविवार को डीएमएफडी मद से स्वीकृत क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) भवन निर्माण कार्य के लिए 60 लाख रुपए के परियोजना का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सीएलएफ भवन के निर्माण से क्षेत्र की महिलाओं की आत्मनिर्भरता की राह सुगम होगी। बेरमो विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस मौके पर कांग्रेस नेता साबिर अंसारी, मुखिया धर्मेन्द्र कपरदार, अभय मिश्रा, सत्यजीत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## छात्राओं को परेशान करने वाले युवक को शिक्षकों ने खदेड़ा

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित नेहरू महिला इंटर कालेज में छुट्टि होने के बाद छात्राएं से अपने घर जाने के लिए निकलती हैं तब मनचले युवकों द्वारा सामने बाइक खड़ी कर गंदी गंदी फब्किया कशी जाती है। कुछ छात्राएं बर्दास्त कर चुपचाप निकल जाती है और कुछ कॉलेज आना तक बंद कर देती है। इसी क्रम में शनिवार को कालेज में छुट्टी होने के बाद कुछ युवक लड़कियों का बाइक से पीछा करने लगे। यह देख तुरंत कॉलेज गार्ड और शिक्षक ने उसे खदेड दिया। तब वह अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाग निकला। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गयी और बाइक सौंप दी गयी।

# बेरमो विधायक ने किया पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण

## सभी को साथ लेकर चलना मेरा कर्तव्य : अनूप सिंह

**कहा- एक महीने के भीतर होगा स्व निर्मल महतो की प्रतिमा लगाने का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने फुसरो नगर परिषद के ढोरी कांटा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया। उक्त प्रतिमा विधायक अनूप सिंह द्वारा विधायक मद से स्थापित किया गया है। साथ ही स्थान का सौंदर्यीकरण भी विधायक मद से ही करवाया गया है। बतातें चलें कि गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय की मांग पर बेरमो विधायक ने छह जुलाई 2023 को यहां मूर्ति स्थापित और सौंदर्यीकरण के लिए शिलान्यास किया था। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि लोग पूछते हैं कि कांग्रेस विधायक होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करने का क्या उद्देश्य है। तो उन्हें बताना चाहता हूं कि यह बेरमो है। बेरमो में सभी दल के लोग रहते हैं और सभी का मैं विधायक हूं। सभी को साथ लेकर चलना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी ने सोशल मीडिया पर कहा कि जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण हो सकता है तो निर्मल महतो चौक पर स्व निर्मल महतो की प्रतिमा



क्यों नहीं लग सकती। तो बताना चाहता हूं कि उनकी बातों को संज्ञान में लेते हुए आज ही स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपए का फंड विधायक मत से निर्गत कर दिया हूं। एक महीने के अंदर शिलान्यास कार्य किया जाएगा। मेरा प्रयास होता है कि हिंदुस्तान और झारखंड के सपूतों को सम्मान दूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत के सपूत और स्वर्गीय निर्मल महतो झारखंड के सपूत थे। उन्होंने घोषणा किया कि 15 दिन के अंदर ढोरी ग्राउंड को छह बार के विधायक स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के नाम से स्टेडियम बनाने के लिए शिलान्यास कार्य किया जाएगा। कैबिनेट से पास होकर इसका प्रस्ताव मेरे पास आ चुका है। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म का सम्मान करते हुए मुझे अन्य धर्म का भी सम्मान करना चाहिए। वहीं, भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन सिंह ने कहा कि बेरमो में राजनीति अलग-अलग हो सकती है पर सब एक समान है। विधायक अनूप सिंह अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मूर्ति लगवाने का काम किए हैं। इसके लिए धन्यवाद के पात्र है। बेरमो विधायक हमेशा दलीय राजनीति से ऊपर उठकर काम करते हैं। वहीं, कांग्रेस के वरीय नेता महेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि पार्टी भावना से ऊपर उठकर एक-दूसरे दल के नेता की मूर्ति बनवाना यह दर्शाता है कि विधायक दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करते हैं। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने किया। इस मौके पर उत्तम सिंह, महारूद्र नारायण सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, कृष्ण कुमार, आर उनेश, वैभव चौरसिया, बैजू मालाकार, अरुण सिंह, जितेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, दीलिप सिंह, भोला दिगार, टूल्लू सिंह, केदार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, अनिल रवानी, सत्येंद्र यादव, संतन सिंह, संतोष सिंह, ललन रवानी, जयराम सिंह, रोशन सिंह, नारायण शर्मा, हरि नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

# शोनित फाउंडेशन ने रक्तदाताओं को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रयास इंडिया, वीबीडीए और फास्ट फॉरवर्ड इंडिया आईआईटी आईएसएम के साथ मिलकर धनबाद में रक्तदान शिविर आयोजकों को सम्मानित करने के लिए रविवार को समारोह आयोजित हुआ। धनबाद क्लब में आयोजित समारोह में शिविर आयोजक, सामाजिक कार्यकर्ता और फाउंडेशन के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों के स्वार्थहीन प्रयासों की सराहना करना था जिन्होंने रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों के लिए रक्त की स्थिर आपूर्ति




सुनिश्चित की है। वक्ताओं ने कहा कि हम अपने प्रतिष्ठित सहयोगियों के साथ मिलकर इस आयोजन की मेजबानी करने के लिए रोमांचित हैं, ताकि उन अनसंग नायकों को सम्मानित किया जा सके जिन्होंने अपने स्वार्थहीन प्रयासों से कई लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण अंतर लाया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष एके झा ने कहा कि रक्तदान शिविर आयोजकों के योगदान को पहचानने के लिए गर्वित हैं। उन्हें आश्वस्त करते हैं कि उनके प्रयासों का राज्यव्यापी प्रभाव होगा। हमारा लक्ष्य है कि दान किया गया रक्त सभी जिलों में उपलब्ध हो। फाउंडेशन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


## अवैध खनन से दो दर्जन आदिवासी परिवार प्रभावित, डर के साये में जीने को मजबूर

# भाटडीह में भू-धंसान से पांच घरों में दरार, 50 मीटर तक फटी सड़क

**ग्रामीणों ने पूर्व में ही पत्र देकर घटना से कराया था अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** भाटडीह ओपी क्षेत्र के मुरलीडीह 13 नंबर एवं 5 नंबर में रविवार की दोपहर अचानक जोरदार आवाज से घरों की दीवारों में दरारे पड़ने लगी। मकानों की छतों की पट्टियां टूट कर गिरने लगे जिससे अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। मांझी टोला के लोग जान बचाने के लिए घरों से बाहर भाग निकले। वहां भी राहत नहीं मिली, क्योंकि बाहर की जमीन भी धंसने लगी। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गया। इस घटना के बाद आदिवासी जनजाति के सुफल माली, सुनील सोरेन, दीपक हासदा, कार्तिक हासदा, कैलास किस्कू, आनंद हेमब्रम, राजेश उरांव और अशोक माली आदि के घरों में दरारें पड़ गयी है। लोगों का आरोप है कि भू-धसान का कारण





अवैध तरीके से कोयले की खुदाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसे रोकने को लेकर पुलिस, जिला प्रशासन, बीसीसीएल मौन है। लोगों का कहना है कि वे बीसीसीएल पश्चिमी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक को साल 2024 के पहले ही पत्र के माध्यम से अवैध खनन के लिए की जा रही हैवी ब्लास्टिंग को बंद करने को लेकर पत्र लिखा था। बावजूद इसके बीसीसीएल के अधिकारी सुध लेने तक नहीं पहुंचे। आखिर भू-धसान की घटना घट ही गईं हैं। लोगों ने बताया एक ओर इस क्षेत्र में भू-धंसान की घटना घट रही हैं तो दूसरी ओर मुरलीडीह नासीर चौक से भू-धसान वाले क्षेत्र होते दामोदर नदी स्थित शमशान घाट तक डीएमएफटी फंड से करीब दो करोड़ रुपये की लागत से पिसीसी सड़क निर्माण करवाया जा रहा हैं। कहा कि जब इंसान ही यहां नहीं रहेंगे तो सड़क बना कर क्या होगा। इस संबंध में कार्तिक कुमार हंसदा ने बताया कि रविवार की दोपहर अचानक तेज आवाज के साथ जमीन धंस गई। देखते ही देखते जमीन में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई। जिससे बाबली देवी, अशोक माली समेत तीन अन्य लोगों के घर की चहारदीवारी फट कर अलग हो गईं। आसपास की जमीन एक से दो फीट नीचे धंस गई है। उन्होंने कहा कि आदिवासी व दलित टोला होने की वजह से शिकायत करने पर तस्कर अधिकारियों से साठगांठ कर जान से मारने की धमकी देते हैं। बीसीसीएल के अधिकारियों की अनदेखी का ही नतीजा हैं कि हमलोगों पर भू-धंसान का खतरा बढ़ गया हैं। वहीं, सुनील सोरेन ने बताया कि क्षेत्र में जमीन धंसने जैसी घटनाएं हो रही हैं। इसके लिए जिम्मेदार कोयला खनन करने वाली कंपनियां हैं। कंपनी 2011 में यहां कोयला का खनन कर उसे इसी तरह छोड़ दिया हैं। इसमें बीसीसीएल कंपनी को कोयले की निकासी के बाद उस स्थान को भरना चाहिए। पर ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन को इस घटना की जांच कर हमें सुरक्षित करें अन्यथा हम उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। दूसरी ओर, घटना के संबंध में पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनिडीह के जीएम अरविंदम मुस्तफी ने कहा कि तत्काल अपने मैनेजर व प्रोजेक्ट अफसर को घटना स्थल की जांच के लिए भेजते हैं। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाली निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों ने जमकर किया बवाल

**झरिया (आजाद सिपाही)।** ऊपर कुलही धोबी मोहल्ले में धनबाद नगर निगम की ओर से नाली व सड़क निर्माण में अनियमिता बरते जाने को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे लोगों ने सड़क व नाली निर्माण करने वाले ठेकेदार पर निर्माण कार्य के दौरान अनियमिता बरतने का आरोप लगाया। कहा कि धोबी मौहल्ला में 25 लाख रुपए की लागत से सड़क व नाली बनाया गया है। उसमें सही सामग्री नहीं दिया गया है। सड़क निर्माण मे सीमेंट से ज्यादा बालू का इस्तमाल हुआ है। जिस कारण हल्की बारिश होने पर पूरा सीमेंट बह गया। वहीं, नाली निर्माण कार्य भी सही से नहीं होने से नाली का पानी घरों मे वापस घूस जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि कई जगह नाली में स्लैप नहीं डाला गया, जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। प्रदर्शन करने वालों में आमिर खान, प्रेम कुमार समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

## उबल की ओर से करियर शिखर सम्मेलन 2024 का आयोजन

# उबल से जुड़ चुके हैं 80 हजार छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** छात्रों और पेशेवरों के लिए डिजिटल पोर्टफोलियो तैयार करने वाली अग्रणी स्टार्टअप संस्था 'उबल' की ओर से 'ओ हब' में एक दिवसीय करियर शिखर सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया है। इस मौके पर उबल के संस्थापक और सीइओ आकाश जयसवाल ने कहा कि ग्रेजुएशन के बाद अपना करियर कैसे बनायें और भविष्य में अच्छी सलाह कैसे लें, इस विषय पर उबाल द्वारा यह एक दिवसीय करियर समिट कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

श्री जयसवाल ने कहा कि ऑनलाइन के जरिए ओड़िशा के बाहर से 273 कॉलेजों और राज्य के 56 कॉलेजों के 80,000 छात्रों को 3,000 सलाहकार दैनिक आधार पर अशायी को सलाह दे रहे हैं।




इस कार्यक्रम में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के हेड एचआर अविनाश सामल शामिल हुए। खास कर प्लस टू और ग्रेजुएशन के बाद छात्र किस क्षेत्र में अपना करियर बनायेंगे। ये सवाल हर किसी के मन में आते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के प्रति चिंता दिखाते हैं और बार-बार अपने करियर के लिए गलत रास्ते पर चले जाते हैं, जिससे बच्चे सही करियर बनाने में सफल नहीं हो पाते हैं। श्री सामल ने कहा कि इस प्लेटफार्म पर विशेषज्ञ ऑनलाइन माध्यम से छात्रों को उचित सलाह देते हैं और रोजगार संबंधी ज्ञान प्रदान करते हैं।

प्रौद्योगिकी संस्थान के सीइओ दुर्गा प्रसाद गौड़ और बीबीए कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ ईशा मिश्र ने भाग लिया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्रों को विभिन्न कैरियर-निर्माण प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

## 'मन की बात' के 112वें एपिसोड में बोले पीएम नरेंद्र मोदी

# 15 अगस्त को स्पीच दूंगा, टॉपिक पर सुझाव भेजें

- आजादी के पर्व पर हैंडलूम के कपड़े जरूर खरीदें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बजट के बाद आज पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम का 112वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की। साथ ही उन्होंने हैंडलूम पर भी चर्चा की। हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाता है। पीएम ने कहा कि आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें। साथ ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त की स्पीच में शामिल विषयों पर सुझाव मांगे।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात की। इस साल इंग्लैंड के बाथ में 65वें इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। इसमें भारत के 6 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। भारत ने इस ओलंपियाड में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चार स्टूडेंट से बात की।



**असम मोइदम यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल :** असम मोइदम में अहोम राजवंश के टीले वाले कब्रस्तान को 26 जुलाई को यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल कर लिया गया। कल्चरल कैटेगरी में शुमार मोइदम भारत की 43वीं हैरिटेज साइट है। मोइदम, अहोम राजाओं, रानियों और रईसों की कब्रें हैं। मोदी ने कहा- आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर ये क्या है। इसका नाम है पहाड़ी पर एक चमकता शहर। यह अहोम साम्राज्य का है। हेरिटेज साइट बनने के बाद यहां और अधिक पर्यटक आएंगे। भविष्य में आप भी यहां जरूर आयें। अपनी संस्कृति पर गौरव करते ही कोई देश आगे बढ़ सकता है।

**टाइगर डे पर बोले- राजस्थान में संरक्षण के लिए कई अभियान :** पीएम ने बाघों के संरक्षण पर भी बात की। पीएम ने कहा- सोमवार को दुनिया भर में टाइगर डे मनाया जायेगा। भारत में बाघ हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। हमने किस्से-कहानियां सुनी हैं। जंगल के आसपास के लोग बाघ के साथ रहते हैं। बाघों के संरक्षण के अभूतपूर्व प्रयास हो रहा है। राजस्थान में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान काफी काम कर रहा है। स्थानीय लोगों ने शपथ ली है कि कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे, कोई पेड़ नहीं काटेंगे। इससे बाघों के लिए वातावरण तैयार हो रहा है। दुनिया के करीब 70% बाघ हमारे देश में हैं।

**खादी पर गर्व करें, इसका कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़ा :** हैंडलूम को लेकर दुनिया आकर्षित हो रही है। कई कंपनियां तो अक के माध्यम से इसे प्रमोट कर रही है। हैंडलूम की बात हो और खादी की चर्चा न हो, ये संभव नहीं है। खादी का कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का हो गया है। आपके पास बहुत सारे कपड़े होंगे। आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें।

**15 अगस्त पर हर घर तिरंगा अभियान तेजी से बढ़ रहा :** पीएम ने कहा- 15 अगस्त आने वाला है। हर घर तिरंगा अभियान इससे जुड़ा है। पिछले कुछ सालों से इस अभियान से अमीर-गरीब सब जुड़े हैं। लोग तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट कर रहे हैं। इसमें अब तरह-तरह के इनोवेशन होने लगे हैं। अब कार, दफ्तर में तिरंगे लगाए जाते हैं। पहले की तरह इस साल भी आप हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंग के साथ सेल्फी अपलोड करें। आप इस साल भी मुझे अपने सुझाव भेजिए। मैं ज्यादा से ज्यादा सुझावों को 15 अगस्त के संबोधन में कवर करूंगा।


# हीराकुंड बांध के 20 गेट खोले गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर में रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे हीराकुंड बांध से पूजा-अर्चना के बाद सात गेट खोले गये। बाद में 7 गेट और खोले गये। अब राइट साइट के 6 गेट और लेफ्ट साइट के 14 गेट खोल दिये गये हैं। हीराकुंड बांध में बाढ़ के पानी प्रवेश कर रहा है। हीराकुंड बांध के अधिकारी भविष्य में और गेट खोलने का फैसला करेंगे। लेकिन हीराकुंड बांध के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को जलस्तर देख कर तय किया जायेगा कि और गेट खोले जायेंगे या नहीं। 20 गेट खोले जाने से निचले क्षेत्र में लोगों को चेतावनी दी गयी है। जैसे-जैसे पानी बढ़ रहा है, संबंधित जिला अधिकारियों ने बाढ़ वाले क्षेत्रों के निवासियों को ऊंचे स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है।

# पश्चिम बंगाल से आलू से लदे ट्रक ओड़िशा पहुंचे




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में आलू की ऊंची कीमत के बीच पश्चिम बंगाल से आलू से लदे ट्रक भुवनेश्वर के विभिन्न गोदामों में पहुंचे। हालांकि, इन 10-12 ट्रकों ने कथित तौर पर राज्य की राजधानी और बालासोर तक पहुंचने के लिए अवैध मार्ग अपनाये हैं।

इस बीच ओड़िशा में आलू की कीमत ऊंची बनी रही, जो 45-60 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रही, जबकि सरकार ने खुदरा विक्रेताओं को 32 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर आलू नहीं बेचने का निर्देश दिया था। खुदरा विक्रेता का कहना है कि वे थोक विक्रेताओं से 2,200 रुपये में एक बोरी आलू खरीद रहे हैं और इसलिए उन्हें 50-55 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आलू बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की और उनसे आलू के मुद्दे को सुलझाने का आग्रह किया। सीएम माझी ने बताया कि चर्चा के बाद पश्चिम बंगाल से आलू का निर्यात सामान्य हो गया है। विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर ओड़िशा को आलू की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था।

# कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने किया एमसीएल का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के दौरे पर कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए एमसीएल की सराहना की। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में एमसीएल और ओड़िशा सरकार के बीच 'डिजिटल क्लासरूम परियोजनाओं' के लिए कुल 4 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। एमसीएल, अपनी सीएसआर पहल के तहत संबलपुर, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिलों के सरकारी स्कूलों में 500 स्मार्ट कक्षाओं और झारसुगुड़ा जिले के स्कूलों में 30 एसटीइएम समाधान के लिए 17.06 करोड़ रुपये वित्तपोषित करेगी। शनिवार शाम एमसीएल मुख्यालय आगमन पर मंत्री सतीश चंद्र दुबे का स्वागत उदय ए काओले, सीएमडी, एमसीएल एवं केशव राव, निदेशक (कार्मिक), मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, जेके बोरा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) तथा एएस बापट, निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना) द्वारा किया गया। एमसीएल मुख्यालय पहुंचने पर श्री दुबे को सुरक्षा सेवाओं ने औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। तत्पश्चात उन्होंने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोयला उत्पादन और समग्र विकास के लिए एमसीएल के निरंतर प्रयासों की सराहना की।




उन्होंने खेलों के प्रति सीएसआर प्रयासों को बढ़ाने और एक आदर्श गांव विकसित करने पर बल दिया।

मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरित भविष्य को बढ़ावा देते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में पौधारोपण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने एमसीएल के लखनपुर क्षेत्र का दौरा किया और बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया।

# भाजपा की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूधरणी के बूथ संख्या 242 में भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री मन की बात सुनी। मन की बात सुनने के बाद वे धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकारणी की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की अपील की। कहा कि आगामी चुनाव में सभी तटस्थ रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार से ही संभव है। भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है, जो अपने सिद्धांत पर चलती है। भाजपा में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी माने जाते रहे हैं। वही लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को श्री सिंह को अवगत कराया, जहां कई लोगों की समस्या का तत्काल निदान किया तथा कुछ लोगों को निदान का भरोसा दिया। तीसरी के मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा की समस्या को लेकर धनवार थाना प्रभारी नंदू पाल से बात कर मामले की जानकारी ली तथा समस्या का समाधान करने की बात कही। मौके पर सलेजा सिंह, महामंत्री अशोक कुमार राय, विजय साव, बालदेव यादव, अभिषेक मिश्रा, मोहन यादव, आनंद कुमार, अनूप चौधरी, गणेश शर्मा, पंकज सिंह




बैठक में शामिल भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

# मालकानगिरि में डायरिया पीड़ित 25 मरीजों का चल रहा है इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मालकानगिरि में डायरिया का आतंक है। डायरिया के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह में 50 से अधिक डायरिया रोगियों को इलाज के लिए मालकानगिरि जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में अभी भी डायरिया के 25 मरीजों का इलाज



चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टर ने कहा कि चूंकि सभी मरीज जिले के अलग-अलग हिस्सों से हैं, इसलिए बीमारी किसी खास जगह तक नहीं फैली है। हालांकि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला मुख्य अस्पताल के डायरिया वार्ड में बेड की संख्या बढ़ा दी गयी है। हालांकि पिछले दिनों माथिलि कोपरा इलाके में डायरिया फैलने के कारण जिला मुख्य अस्पताल में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने की घटना को स्वास्थ्य विभाग ने काफी गंभीरता से लिया है।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**